रांची एक्सप्रेस
61 साल से लगातार...
। जनपय पत्रकारिता।
देसी अंदाज नया मिजाज
1963 से लगातार आपकी सेवा में
रांची एक्सप्रेस
epaper.theranchiexpress.com
वर्ष-61 | अंक-234 रांची | मंगलवार 16 अप्रैल 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12
मूल्य 4 रु.

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन : झारखंड को पूरे देश में मिली 9वीं रैंक

रांची । श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर राज्य को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। इसे लेकर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी जताते हुए प्रदेश की जनता को बधाई दी है। सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने लिखा, "बधाई झारखंड! झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासियों, मूलवासियों एवं आम लोगों के जीवन स्तर में बदलाव ला रही हमारी सरकार की योजनाओं एवं उनके द्वारा हो रहे बदलावों को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत चलने वाले "श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन " ने ग्रामीण विकास के विभिन्न मापदंडों पर झारखंड को पूरे देश में 9वीं रैंक दी है। आप सभी के सहयोग से, झारखंड की आम जनता की सेवा एवं उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का हमारा अभियान जारी रहेगा।" श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन ने ग्रामीण विकास के अलग-अलग मापदंडों के आधार पर जो रैंकिंग तय की है, उसमें पहले स्थान पर तमिलनाडु, फिर मिजोरम, तेलंगाना जैसे राज्य हैं। इसके अलावा झारखंड से आगे कर्नाटक, पंजाब, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और सिक्किम जैसे राज्य हैं। गुजरात दसवें पायदान पर जबकि ओडिशा 19वें स्थान पर है।

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमानत के लिए दी अर्जी, सुनवाई आज

रांची । जमीन घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से जमानत याचिका दाखिल की गयी है। सोमवार को सोरेन ने अधिवक्ता के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में याचिका दाखिल की है। मामले में कोर्ट मंगलवार को सुनवाई करेगा। फिलहाल इस मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बड़गाईं अंचल के हल्का कर्मचारी भानु प्रताप बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद मनी 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था।

लातेहार में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम, आठ आईईडी बम बरामद

लातेहार । लातेहार पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए नक्सलियों के द्वारा बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई गांव के निकट जंगल में छुपा कर रखे गए आठ बम को बराम किया। बरामद बम को जंगल में ही बम निरोधक दस्ते ने विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवाई गांव के पास स्थित जंगल में कुछ संदिग्ध वस्तुएं देखी गई हैं। इस सूचना पर पुलिस और सीआरपीएफ की टीम संयुक्त रूप से जंगल में छापामारी अभियान चलाई। छापामारी के क्रम में एक चट्टान के नीचे से आठ बम बरामद किया गया। सभी बम को जंगल में ही विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया गया।

एसपी ने बताया कि ऐसी संभावना जताई जा रही है कि नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बम रखा होगा। उन्होंने बताया कि पूरे जंगल में सर्च अभियान चलाई जा रही है। इसके अलावा लोकसभा चुनाव को लेकर सभी सुदूरवर्ती जंगली इलाकों में भी लगातार सर्च अभियान जारी है।

उत्तर भारत में फिर बदलेगा मौसम, करेगा बड़ा 'खेला'

जम्मू-हिमाचल और उत्तराखंड में बर्फबारी-ओले की संभावना

एमपी-राजस्थान में बारिश, तीन राज्यों में तापमान 40 के पार

नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर (एजेंसी)। देश में गर्मी के मौसम में बर्फबारी, बारिश, ओले गिरने का दौर लगातार जारी है। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आज (15 अप्रैल) बर्फबारी का अलर्ट है। इन राज्यों के कुछ इलाकों में रविवार को स्नोफॉल देखने को मिला था। इन्हीं तीन राज्यों में ओले गिरने की भी संभावना जताई गई है। उधर, देश के 10 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली ,हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, बिहार, झारखंड शामिल है।मौसम विभाग ने बताया कि हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आज 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलेगी। इसके अलावा देश के कुछ राज्यों में गर्मी का भी

असर देखने को मिल रहा है। तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। वहीं, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के कुछ जिलों में आज हीटवेव भी चल सकती है।

जल्द रिहा होंगे 17 इंडियन क्रू मेंबर, ईरान ने मानी बात

एस जयशंकर के कॉल करते ही ऐक्शन, दी बड़ी परमीशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल पर ईरान के मिसाइल और ड्रोन तथा इसके बाद मध्य पूर्व में पैदा हुए हालात से दुनियाभर में अस्थिरता की स्थिति है। इस

हमले ने मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ा दिया है। भारत ने भी इसको लेकर चिंता जताई है। ऐसे में ईरान के कब्जे वाले इजरायली जहाज में सवार 17 भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत सरकार ने चिंता जताई थी। हालांकि, विदेश मंत्री एस. जयशंकर द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के तुरंत बाद ईरान ने कहा कि वह भारतीय अधिकारियों को इजरायल से जुड़े जहाज एमएससी एरीज को जब्त करने के बाद हिरासत में लिए गए 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों से मिलने की अनुमति देगा। यह खबर ऐसे वक्त आई है, जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में ईरान के अपने समकक्ष हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन से बात की थी। इस दौरान उन्होंने 17 भारतीय नागरिकों की रिहाई का मुद्दा उठाया था। जयशंकर ने फोन पर बातचीत के दौरान ईरान-इजरायल के बीच बढ़ती दुश्मनी को लेकर तनाव से बचने, संयम बरतने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया था। हाल ही में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने एक जहाज कब्जे में लिया था।

केजरीवाल को सोमवार को लगा डबल झटका

सुप्रीम कोर्ट से तत्काल राहत नहीं और अब हिरासत भी बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को सोमवार को एक के बाद एक दो झटके लगे। पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार करते हुए मामले को 29 अप्रैल तक टाल दिया तो करीब आधे घंटे बाद ही राउज एवेन्यू कोर्ट ने उनकी हिरासत अवधि बढ़ा दी। केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। एक अप्रैल को कोर्ट ने उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

सोमवार को उन्हें वर्चुअल माध्यम से स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 23 अप्रैल तक बढ़ा दी। कोर्ट से यह फैसला ऐसे समय पर आया जब कुछ ही मिनट पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में भी संक्षिप्त सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की अर्जी पर जल्द सुनवाई से इनकार करते हुए मामले को 29 अप्रैल को सूचीबद्ध करने को कहा।

महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे का गढ़ मांग रही है भाजपा

- 9 सीटों पर फंसा है पेंच,नहीं सुलझ रही एनडीए की गुत्थी

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना और अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी महायुति अब तक सीट बंटवारा नहीं कर सकी है। खास बात है कि महाराष्ट्र में चुनावी दौर शुरू होने में महज 5 दिनों का ही समय रह गया है। कहा जा रहा है कि तीनों दलों के बीच 9 सीटों पर पेच फंसा हुआ है। इधर, विपक्षी गठबंधन महाविकास अघाड़ी में भी सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस नेताओं में नाराजगी की खबर है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि महायुति रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, सतारा, औरंगाबाद, नाशिक, ठाणे, पालघर, मुंबई दक्षिण, मुंबई उत्तर पश्चिम और मुंबई उत्तर दक्षिण को लेकर सहमति नहीं बना पा रही है। अब रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग और सतारा में 7 मई को मतदान होना है, औरंगाबाद में 13 मई और अन्य सीटों पर 20 मई को वोटिंग होगी। कहा जा रहा है कि सीट शेयरिंग पर हो रही बातचीत अब तक गठबंधन के लिए सकारात्मक रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऐसी सीटों की संख्या 15 से घटकर 9 रह गई है।

योगी बोले-माफिया को राम नाम सत्य की यात्रा कराते हैं

- नवादा में कहा-यूपी में कुछ जेल गए तो कुछ जहन्नुम चले गए

औरंगाबाद/नवादा (एजेंसी)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिहार के औरंगाबाद और नवादा में दो सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने नवादा में कहा कि उत्तर प्रदेश में 7 साल में कोई दंगा नहीं हुआ। कोई कर्फ्यू नहीं लगा। वहां तिनका भी नहीं मिलता। वहां माफिया और अपराधियों को राम नाम सत्य की यात्रा कराते हैं। कुछ जेल गए तो कुछ जहन्नुम चले गए। ये काम भाजपा सरकार ही कर सकती है। इसके पहले योगी ने औरंगाबाद में कहा कि राजद से कोई उम्मीद मत कीजिए। वो सिर्फ परिवार की पार्टी है। लालू यादव को परिवार के आगे कुछ नहीं दिखता, परिवार के लोगों को टिकट देते हैं। विपक्ष ने केवल समस्याएं दीं, मोदी जी ने समाधान दिया। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी राम मंदिर नहीं बनवा पाती।

कुछ लोग अपने फायदे के लिए ज्यूडीशियरी पर दबाव बना रहे

21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी, कहा-न्यायपालिका को इससे बचाएं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट्स के 21 रिटायर्ड जजों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया है कि कुछ लोग सोचे-समझे ढंग से दबाव बनाकर, गलत सूचनाएं और सार्वजनिक रूप से अपमानित करके न्यायपालिका को कमजोर करने की कोशिशें कर रहे हैं। ये लोग ओछे राजनीतिक हित और व्यक्तिगत लाभ के लिए न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम कर रहे हैं। चिट्ठी लिखने वाले 21 जजों में से 4 सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज हैं। जबकि बाकी 17 राज्यों के हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या अन्य जज हैं। 14 अप्रैल को सीजेआई को भेजे गए ओपन लेटर में जजों ने उन घटनाओं के बारे

में नहीं बताया है, जिसके कारण उन्हें इसे लिखना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस (रिटायर्ड) दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह समेत रिटायर्ड जजों ने आरोप लगाया है कि आलोचक अदालतों और जजों की ईमानदारी पर सवाल उठाने के साथ ज्यूडीशियल सिस्टम पर असर डालने के लिए धोखा देने वाले तरीके अपना रहे हैं। जजों ने कहा- इस तरह की कार्रवाइयां न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती देते हैं, जिन्हें बनाए रखने के लिए कानून के संरक्षक के रूप में जजों ने शपथ ली है। जजों ने जनता का भरोसा उठने की आशंका जताई है।

पाक में सिख व्यक्ति की पगड़ी उतार नंगा कर पीटा

- वीडियो वायरल किया, बीजेपी नेता बोले- कट्टरपंथी संगठन टीएलपी जिम्मेदार

अमृतसर (एजेंसी)। पाकिस्तान में बैसाखी का त्योहार मनाते हुए सिख व्यक्ति को नंगा कर जमकर पीटा गया। यही नहीं, पाकिस्तान के कट्टरपंथी संगठन तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान ने इस घटना का वीडियो भी बनाया। जिसे अब सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। यह वीडियो भाजपा के नेता मनजिंदर सिरसा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर भारत सरकार से कार्रवाई की मांग की है। सिरसा ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- पाकिस्तान से एक बर्बरता वाला वीडियो सामने आया। जिसमें एक सिख व्यक्ति को नंगा किया गया। पैर बांधे गए। पगड़ी उतारी गई। फिर लाठी- डंडों से पीटा गया। वीडियो में तहरीक ए लब्बैक पाकिस्तान का लोगो लगा है। मुझे बताया गया कि टीएलपी कट्टरपंथियों ने निर्दोष सिख को सिर्फ इसलिए पीटा कि वह बैसाखी मना रहा था। सचिव प्रताप सिंह ने कहा कि ये निंदनीय घटना है। वीडियो के आधार पर पाकिस्तान सरकार को लिखेगी।

लालू के 'खास' बन गए विरोधी, बिहार में होगा 'खेला'

- अपने ही बिछाए गए जाल में उलझ गए हैं राजद सुप्रीमो
- आधा दर्जन सीटों पर दिख रहा बागी इफेक्ट, पार्टी के लिए बढ़ा संकट

पटना (एजेंसी)। टिकट बंटवारे में को लेकर इंडी अलायंस के घटक दलों में मचा कोहराम थम तो गया है, लेकिन जिन्हें टिकट नहीं मिला, वे खतरनाक खेल की तैयारी में जुट गए हैं। यह खेल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस में ही ज्यादा होने की संभावना है। समर्थकों में जिस तरह की तनातनी इन दोनों दलों के भीतर दिख रही है, उससे पहली ही नजर में उनकी हालत पतली नजर आने लगी है। औरंगाबाद की सीट कांग्रेस चाहती थी। उसने तकरीबन अपने उम्मीदवार का चयन भी कर लिया था। नाम का औपचारिक ऐलान बाकी था। लालू प्रसाद यादव ने खेल कर दिया। कांग्रेस को वह सीट नहीं दी। इतना ही नहीं, झटके में उन्होंने इस सीट से अपने उम्मीदवार अभय कुशवाहा को सिंबल थमा दिया। औरंगाबाद की सामाजिक बनावट में राजपूतों का वोट अधिक मायने रखता है। निखिल कुमार राजपूत बिरादरी से ही आते हैं। मौजूदा सांसद भाजपा के सुशील सिंह भी राजपूत जाति से ही हैं। औरंगाबाद में अब निखिल कुमार के प्रभाव वाले वोटर बिदके हुए हैं। अभय कुशवाहा की उम्मीदवारी उन्हें फूटी आंख नहीं सुहा रही। जाहिर है कि वे उनके खिलाफ ही वोट डालेंगे। तल्खी का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि तेजस्वी यादव की औरंगाबाद में हुई जनसभा में कांग्रेस का कोई नेता झांकने तक नहीं गया। पूर्णिया सीट भी कांग्रेस मांग रही थी।

बेटे ने पिता को रॉड से मार कर की हत्या जमीन बेचने को लेकर हुआ था विवाद

हत्यारे बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पांकी । पांकी थाना क्षेत्र के चांपीकला गांव में बेटे ने पिता को रॉड से मार कर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना 14 अप्रैल दिन रविवार की बताई जा रही है हत्यारे बेटे रिकेश भुईया ने पंखे के रॉड से मारकर अपने पिता कृष्णा भुईया की हत्या कर दी. घटना की सूचना पाकर पांकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदेनीनगर भेज दिया. इधर पांकी पुलिस ने कांड संख्या 41/2024 दर्ज कर धारा 302 के तहत

आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. रिकेश भुईया ने पुलिस को बयान दिया कि मेरी मां के निधन पांच महीने पहले ही हुआ है उसके बाद मेरे पिता सभी पुश्तैनी जमीन को बेच रहे थे. विरोध करने के बाद भी वो नहीं मान रहे थे. इसी बात से वह अपने पिता से काफी परेशान रह रहा था. रविवार की सुबह उसकी अपने पिता से बहस हो गयी. इसी बीच बेटे को गुस्सा आ गया और उसने पंखे के रॉड से पिता पर वार कर दिया. जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी.

बाईक सवार को बचाने में पिकअप डिवाइडर क्रास कर बालू लोड ट्रैक्टर से टकराया,तीन की मौत

पिकअप में सवार लोग छठ पूजा को लेकर अर्घ्य देने जा रहे थे

रातू। थाना क्षेत्र के एनएच 75 स्थित सुशीला मेटल काठीटांड के आगे सोमवार सुबह 5:45 बजे एक पिकअप जेएच 01 ईई 1383 ने बाईक सवार को बचाने में डिवाइडर क्रास कर एक बालु लोड ट्रैक्टर से टकराया।जिससे पिकअप में सवार तीन लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को रिम्स भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ओमनगर चटकपुर से पिकअप वैन में सवार होकर दर्जनों लोग रातू बड़ा तालाब अर्घ्य देने जा रहे थे। इसी बीच एनएच 75 स्थित काठीटांड के पास एक बाईक चालक को बचाने में पिकअप चालक डिवाइडर पर चढ़ गया और विपरित दिशा से आ रही बालु लोड बिना नंबर के ट्रैक्टर से टकरा गया।जिससे पिकअप में सवार तीन लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जबकि आठ अन्य लोगों को रिम्स भेजा गया। मृतकों में कमला देवी 55 पति रामचंद्र यादव, अराध्या कुमारी 9 पिता विनोद साहु,कौशल्या देवी 55 पति यदुनंदन प्रसाद है। जबकि घायलो में निक्की कुमारी 22 पिता नंदू साव, रुना देवी 50 पति नंदु साव,प्रियंका देवी 44 पति घनश्याम साहु,रंजना कुमारी 15 पिता राजेश साहू, सुषमा देवी 50 पति विनोद कुमार,कार्तिक 6,अभिमन्यु 8 वर्ष दोनों के पिता विनोद साहू है। सभी घायलों को रिम्स ईलाज के लिए पहुंचाया गया। रातू पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है।

संक्षिप्त

बुढ़मू कोचिंग सेन्टर का उद्घाटन

बुढ़मू : क्षेत्र के मारवा गांव में ईजी लर्न कोचिंग सेंटर का उदघाटन सोमवार को किया गया। उदघाटन साइंस विजन पब्लिक

स्कूल मारवा के निदेशक आसिम अख्तर ने किया। मौके पर आसिम अख्तर ने कहा कि इस कोचिंग सेंटर के शुरू होने से छात्रों को पढ़ाई में काफी सुविधा होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उक्त सेंटर में क्षेत्र के गरीब व असहाय छात्रों को निःशुल्क कोचिंग कराया जायेगा। केंद्र के संचालक मसिउल्लाह अंसारी, रजाउर रहमान व मोइनुल इस्लाम ने कहा कि यहां जैक बोर्ड, आईसीएसई व सीबीएसई बोर्ड के छात्रों को पढ़ाया जाएगा। मौके पर दिया दमयंती सिंह, बीणा देवी, रेयाज अंसारी, सुनील महतो, जहरुद्दीन अंसारी, मणिकांत साहु, जयकुमार साहु, विकास साहु समेत अन्य मौजूद थे।

बेड़ो में भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह आयोजित

बेड़ो : बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान में सोमवार को भाजपा का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया। बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आएं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया गया। इधर सम्मेलन में हुंकार भरते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव को वोट देकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने को कहा, उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के हित में हमेशा काम किए हैं।

अवैध शराब बेचने के आरोपी गिरफ्तार, जेल

मांडर : मांडर पुलिस ने अवैध रूप से घर में अंग्रेजी शराब बेचने के आरोप में अमर साहू को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है. पुलिस के अनुसार वह बिसाहाखटंगा गांव का रहने वाला है. तलाशी के क्रम में उसके घर से 40 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

इटकी में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

इटकी : लोक सभा चुनाव को लेकर इटकी प्रखण्ड के 49 मतदान केन्द्रों पर डोर टू डोर बुथ अवेयरनेश ग्रुप के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया रहा है। जिसका मोनोटरिंग सीओ विजय कुमार कर रहे थे। ग्रुप द्वारा मतदाताओं को नैतिक मतदान प्रयोग करने, पैसा, शराब, किसी के बहकावे और अन्य प्रलोभन में अपना मताधिकार को प्रयोग नही करने सहित कई मुद्दों पर मतदाताओं को जागरूक किया गया। अभियान में सहिया, महिला समूह, रोजगार सेवक, वार्ड सदस्य, किसान मित्र सहित बुथ अवेयरनेश ग्रुप से जुड़े अन्य संस्थानों के लोग शामिल थे। इधर यहां के सभी बुथों में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त कर लेने का निर्देश जारी किया है। चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक बुथ पहुंचे सकें और निर्भिक होकर अपना मताधिकार का शतप्रतिशत प्रयोग कर सकें इसके लिए प्रशासन ने समुचित ब्यवस्था जुट गई है। मतदान केन्द्र तक पहुंच रास्ता, बिजली, शौचालय, टेबल कुर्सी सहित अन्य व्यवस्थाओं को उपलब्ध किया जा रहा है।

रातू में महासप्तमी को माँ दुर्गा का पट खुला

रातू : चैती दुर्गा पूजा के मौके पर महासप्तमी के दिन सोमवार को माँ दुर्गा की प्रतिमा श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया गया। माँ दुर्गा के पट का अनावरण रातू किला की राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी व पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव ने फीता काटकर किया। पट खुलते ही माँ दुर्गा की जयकारा से मंदिर परिसर गूंज उठा। इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ।महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

विद्युत प्रवाहित तार के करंट लगने से विद्युत कर्मी की पोल पर से गिरने से हुई मौत

मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर धरने पर बैठे परिजन

कुजू : क्षेत्र के रामाग्लास हनुमान मंदिर के पास विद्युत स्पर्शघात होने से विद्युत कर्मी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों व ग्रामीणों ने मुआवजा की मांग करते हुए धरना पर बैठ गए। जो देर रात आपसी सहमति के बाद समाप्त कर लिया गया। जानकारी के अनुसार, बड़का चुम्बा के बरवा टोला निवासी सह फ्रेंचाइजी लाइनमैन वीरेंद्र कुमार (35 वर्ष) पिता तीर्थनाथ महतो बिजली पोल पर मरम्मती कार्य करने के लिए चढ़े। जैसे तार को छुआ करंट लगने से नीचे गिरकर मौत हो गयी। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने बताया कि मरम्मती कार्य को लेकर बिजली विभाग के ठेकेदार द्वारा उसे बिना सेफ्टी कीट ही कार्य में भेज पर दिया गया।

जब वीरेंद्र कार्य को लेकर उक्त स्थल पहुंचा तो उनके साथ कार्य करने गए कर्मी शटडाउन ले लिए जाने की बात कहकर पोल पर चढ़ा दिया। जबकि शटडाउन लिए जाने का रिकॉर्ड मेंटन विभाग के पास भी नहीं है। इसके बावजूद वीरेंद्र को चढ़ा दिया गया। जब वीरेंद्र 440 वोल्ट की एलटी तार को छुआ तो जोरदार झटके साथ पोल से नीचे जमीन पर गिर गया। इस दौरान उसे आनन फानन में रांची रोड स्थित होप हॉस्पिटल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाबत चुम्बा के आक्रोषित ग्रामीणों ने शव को लेकर बीआरएल सब स्टेशन पहुंचकर धरने पर बैठ गए। साथ ही, आश्रित परिवार के लिए 30 लाख रुपए और परिवार के जीविकोपार्जन के लिए नौकरी देने की मांग करने लगे। देर रात आपसी सहमति के बाद आक्रोशित ग्रामीण धरने को समाप्त कर दिया। इधर, चुंबा पंचायत के मुखिया राजेंद्र कुशवाहा, पंचायत समिति सदस्य मनोज महतो एवं अन्य सदस्य विभाग के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा की काम में लगे ठेकेदार कर्मियों का किसी प्रकार से कोई इंश्योरेंस नहीं किया है और न हीं सेफ्टी किट उपलब्ध कराया है। जिसकी वजह से आज एक गरीब की वेवजह जान चली गई। ठेकेदार और संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा अविलम्ब न्याय संगत कार्रवाई करने की मांग किया है। इधर, सूचना पाकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। सबस्टेशन में मुखिया संघ के मांडू प्रखंड अध्यक्ष संजय प्रसाद, कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा तथा चुम्बा व दिगवार के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

डीसी और एसपी ने दिगवार क्षेत्र का किया मुआयना

कुजू : ओपी क्षेत्र के दिगवार में शनिवार की देर रात असामाजिक तत्वों द्वारा तोरणद्वार जलाए जाने के मामले में क्षेत्र का मुआयना करने रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार व पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार सोमवार को अपने पुरे टीम के साथ दिगवार पहुंचे। जहां अधिकारियों ने क्षेत्र के काली मंदिर और दिगवार चौक का मुआयना किया। वहीं घटना के बाद से जिला प्रशासन की ओर से बहाल दंडाधिकारी और पुलिस बल दूसरे दिन भी मुस्तैद के साथ मोर्चा संभाले हुए है। इधर आम दिनों की तरह क्षेत्र का माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है।

सरहूल मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए करता है प्रेरित : कालीचरण मुंडा

बुंडू : खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा सोमवार को बुंडू प्रखंड स्तिथ नावाडीह गांव में सरहूल महोत्सव में शामिल हुये। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा का ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया। प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पश्चात नावाडीह में सरहूल महोत्सव पर कालीचरण मुंडा ढोल नगाड़े पर जमकर थिरके। सरहूल महोत्सव को संबोधित करते हुए कालीचरण मुंडा ने कहा की सरहूल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। जंगलों को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है।

सरहूल मानव सभ्यता को वन पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है एवं मानव जीवन दर्शन के मौलिकता को दशार्ता है। सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। जरूरत है हमे इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति की महत्व को समझते है। सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम रहेगी।

उन्होने आगे कहा की हमें गर्व है कि हम प्राकृतिक उपासक हैं। हमारा धर्म अति प्राचीन एवं विज्ञान पर आधारित है। हमारी धार्मिक, समाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक मान्यताएं एवं परंपराएं प्रकृति के नियमानुसार बनें हैं। सरहूल पूजा मानव को प्राकृतिक के प्रति प्रेम एवं संरक्षण करवाने की ओर प्रेरित करती है। मौके पर मुखिया संदीप उरांव, पंसस गुरुवा मुंडा, बिरसा मुंडा, जहरू उरांव, नवकृष्ण मुंडा, सुधीर मुंडा, चामु मुंडा, कुलपति मुंडा आदि महागठबंधन के कार्यकर्ता और सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।

बोंगाबार में आयोजित रुद्र महायज्ञ को लेकर हुआ भूमिपूजन

कुजू : आगामी 19 अप्रैल से मन्डा टांड, बोंगाबार में होने वाले पाँच दिवसीय श्री श्री 1008 हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। साथ ही, नगर भ्रमण पश्चात मन्दिर परिसर में ध्वजारोहण किया गया।

आयोजित पूजन कार्यक्रम यज्ञाचार्य मनोज पांडेय की अगुवाई में आचार्य मेवा पांडेय, आशीष पांडेय, अजित तैयारी, धीरज पांडेय, बंटी पांडेय, संजय पांडेय, मनीष पांडेय, अतुल पांडेय द्वारा यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा - अर्चना कराया। इसके बाद नगर भ्रमण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला- पुरुष श्रद्धालु शामिल होकर गाजे -

बाजे के साथ क्षेत्र का नगर भ्रमण के लिए निकले। वही, श्रद्धालु महावीरी झंडे के साथ देवी - देवताओं के जयघोष के बीच विभिन्न पूजन स्थल पर पहुंचे। जहां से पुनः वापस यज्ञ स्थल पहुंचकर महावीरी झंडे का ध्वजारोहण किया गया। मौके पर अध्यक्ष राजू साव, सचिव तेज नारायण महतो, उपाध्यक्ष विश्वामित्र महतो, रामबचन महतो, सुरेंद्र महतो, प्रेमलाल महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो, केदारनाथ मिश्रा, भुवनेश्वर महतो, लक्ष्मी नारायण पंडा, उत्तम पंडा, प्यारी लाल कुशवाहा, सूरज कुशवाहा, धनेश्वर महतो, दीनू महतो, विनोद प्रजापति, रामप्रवेश साव, नरेश ठाकुर, कौलेश्वर प्रजापति, बाबूलाल मुंडा, अशोक करमाली, संतोष करमाली, जगेश्वर प्रजापति आदि मौजूद थे।

रामनवमी पर्व को लेकर इटकी में शांति समिति की बैठक संम्पन्न हुई

इटकी : थाना परिसर में सोमवार को रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की एक बैठक सीओ विजय कुमार की अध्यक्षता में की गई । रामनवमी त्योहार को सोहार्द एव शांति पूर्ण वतावरण में मनाने पर कई प्रस्ताव पारित की गई। खास कर नशापन और उपद्रवियों पर कड़ी निगाह रखने, शोभा यात्रा के दौरान सड़कों पर वाहन सहित अन्य व्यवधानों को रास्ते से हटाने, शांति व्यवस्था बनाये रखे के लिए अतिरिक्त महिला और पुरुष बल की तैनाती सहित कई अन्य मुद्दों का निर्णय लिया गया। साथ ही शोभा यात्रा के दौरान ड्रोन कैमरा से नजर रखने पर सहमति बनी।

बैठक में डीएसपी अकिंत निखिल कुजूर, बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, उपप्रमुख परवेज राजा, महाबीर मंडल अध्यक्ष कृष्णा राम तिवारी, आरिफ राजा, सलीम अंसारी, कमेश वर्म्मन, देवेंद्र महतो, मो० एनामुल, अनुपम कुमार, अजीत केशरी प्रकाश महतो सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

बिल्डर से 50 हजार रूपया और सोने की चेन की लुट

रातू : थाना क्षेत्र के मखमंद्रो बाजार के पास सोमवार सुबह 10:30 बजे के करीब एक बिल्डर संतोष दुबे साईं वाटिका हरिहर सिंह रोड मोरहाबादी निवासी से बाईक सवार दो अपराधियो ने मारपीट करते हुए चाकू का भय दिखाकर 50 हजार रुपया व गला से सोने का चैन लूट कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बिल्डर संतोष दुबे सोमवार सुबह 10:30 बजे बेलांगी स्थित एक जमीन को दो ग्राहक को दिखाने अपने एसयूवी कार जेएच 01बीएस 6945 से रातू आए थे। संतोष दुबे ने एक ग्राहक को जमीन दिखाया भी था तथा दुसरे का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच दो अपराधी आकर अचानक मारपीट कर रुपया व गले से सोने का चैन लूट कर फरार हो गए। मारपीट के बाद संतोष दुबे का मादी मेमोरियल अस्पताल बेलांगी में ईलाज के लिये भर्ती कराया गया।

पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। घटना के बाद ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल भी थाना पहुंचे और घटना की जानकारी ली।उन्होने घटना को लेकर रातू थाना के अधिकारियो को कई व्यापक निर्देश दिए।

भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल

चान्हो : चांन्हो थाना क्षेत्र के चामा मैक्लुस्कीगंज मार्ग पर सोमवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे बाईक और बोलेरो के टक्कर में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक भी घायल हो गया। चामा की ओर से जा रहे बाईक मे तीन लोग सवार थे। वे लोग नकटा पहाड़ देखने जा रहे थे। तभी मैक्लुस्कीगंज की ओर से आ रहे एक बोलरो ने चपेट मे ले लिया, जिससे बाईक सवार मांडर प्रखण्ड के अम्बा टोली निवासी 17 वर्षीय सुमन लकड़ा पिता मार्शल लकड़ा और चान्हो प्रखण्ड के डोम्बा टोली निवासी 15 वर्षीय अंकित कुजुर, पिता स्व सुरेश उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हेसमी निवासी सोनू कुमार सिंह को भी चोट आई। खबर मिलते ही मृतक के शव को अस्पताल लाया गया जहां से दोनों को अंत्यपरीक्षण के लिए रिम्स भेजा गया। मांडर के ज़िला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी अस्पताल पहुंचकर परिजनों को ढाढस बंधाया और शव के साथ स्वयं रिम्स गया और पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजन को सौंप दिया। घटना से क्षेत्र के लोग आहत हैं। वहीं परिजनों का रो रोकर बूरा हाल है।

डीएवी बरकाकाना के नए प्राचार्य बने मुस्तफा मजीद

बरकाकाना : बरकाकाना में नए प्राचार्य के रूप में मो. मुस्तफा मजीद ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। मो. मुस्तफा मजीद का सफर प्राचार्य के रूप में वर्ष 2008 को संत जेवीयर स्कूल विलासपुर से प्रारंभ हुआ। अपनी यात्रा को जारी रखते हुए इन्होंने संत जेवीयर हरियाणा में आठ साल तक

अपनी सेवा प्राचार्य के रूप में दी। ये शिक्षाविद होने के साथ साथ अंतराष्ट्रीय कैरियर कोच भी हैं। प्राचार्य मो. मुस्तफा माजीद को डीएवी के वरीय शिक्षक डॉ बीके चैधरी एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रार्थना सभा के दौरान पुष्प गुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नया परिवर्तन एक दिन में नहीं होता उसके लिए हमेशा छोटे-छोटे परिवर्तन की आवश्यकता होती है जिसके लिए हम सभी को तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी के साथ मिलकर अनुशासन एवं शिक्षण के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार का हर संभव प्रयास करूंगा।

अनगड़ा के खोपी सरना में हुआ सरहूल मिलन समारोह का आयोजन

अनगड़ा : केन्द्रीय सरना उत्थान समिति के तत्वावधान में सोमवार को हेसल खोपी सरना में सारहूल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आस पास के गावो से दर्जनों खोड़ा नृत्य धारी नाचते गाते हुए साहूल मिलन समारोह में शामिल हुए । आदिवासी महिलाओं के द्वारा मांदर की थाप पर खूब थिरके । समारोह की अध्यक्षता प्रदीप पहान ने किया संचालन रतिलाल पहान ने किया मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि सरहूल प्राकृतिक पर्व है और यह हमें प्राकृतिक से प्रेम करने का संदेश देता है। कहा कि जल जंगल जमीन और अपनी संस्कृति को हम सब को हर हाल में बचा कर रखना है। समारोह में केन्द्रीय सरना समाज उत्थान समिति के मुख्य संरक्षक जमल मुन्डा प्रमुख दीपा उरांव जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा डॉ बिरसा उरांव विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा चमरू महली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। समारोह में नागपूरी कलाकार क्युम अब्बास केश्व केशरिया पूनम सिंह नितेश कच्छप और इनके कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा।

पिस्का में रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी का निरीक्षण

पिस्का नगड़ी : रामनवमी को लेकर ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल के नेतृत्व सोमवार को नगड़ी के संवेदन क्षेत्रों का पुलिस प्रशासन के द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगड़ी मस्जिद चौक, नगड़ी चौक, देवरी, कुण्डला टोली, साहेर, टिकरा महल्ला सहित कई जगहों का निरीक्षण किया गया। लोगो से मिलकर शांति व्यवस्था के संबंध में बात की गई साथ ही ग्रामीण एसपी ने थाना के अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दिये। मौके पर ग्रामीण एसपी राँची सुमित अग्रवाल डीएसपी मुख्यालय 2 अरविंद कुमार प्रक्शिक्षु आईपी एस सह रातु थाना प्रभारी याकूब अंसारी, बुंडू डीएसपी, नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय, माँड़र थाना प्रभारी सहित नगड़ी थाना के पुलिस पुलिस अधिकारी एवम बल उपस्थित थे।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी
(जिला शस्त्र शाखा)

आदेश
आम सूचना

आम लोक सभा चुनाव–2024 को शांतिपूर्ण एवं स्वच्छ बनाने हेतु खूँटी जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों को सत्यापन/निरीक्षण किए जाने के साथ उक्त शस्त्रों को संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र, खूँटी/वैध शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–03/श0 दिनांक–06.01.2024. एवं कार्यालय शस्त्र शाखा का आदेश ज्ञापांक–82/श0 दिनांक–27.03.2024 द्वारा तीन दिनों के अन्दर जमा करने का निदेश दिया गया है। उक्त के संबंध में संबंधित थानावार दण्डाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करते हुए संबंधित थाना प्रभारी को निदेश निर्गत किया गया है कि निर्वाचन की सुचिता को बनाये रखने हेतु अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्रों का सत्यापन करते हुए अपने थाना/शस्त्रागार/वैध शस्त्र दुकान में अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र को जमा कराया जाए लेकिन अभी भी उनके शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र जमा नहीं कराया गया है।

अतः इस संबंध में वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिन्होनें शस्त्र जमा नहीं किया है वे अनिवार्य रूप से संबंधित थाना/शस्त्र दुकान में अपना शस्त्र जमा करते हुए इसकी सूचना संबंधित थाना एवं जिला सामान्य शाखा, समाहरणालय के प्रभारी सहायक को उसके मोबाईल सं0–6202514307 पर जमा पर्ची भेजना सुनिश्चित किया जाए। यदि संबंधित शस्त्र अनुज्ञिप्तधारी द्वारा दिनांक–17.04.2024 समय 3:00 बजे अपराह्न तक शस्त्र जमा करने की सूचना कार्यालय को नहीं दी जाती है तो संबंधित व्यक्ति के अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी एवं उनके शस्त्र को जब्त कर लिया जाएगा साथ ही उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी ।

इसे अति आवश्यक समझा जाए।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO. 323807 District(24-25):D

रांची लोस से कांग्रेस पार्टी की पुराने प्रत्याशी पर दांव लगाए जाने की चर्चा से लोगो में नाराजगी

अनगड़ा : रांची लोक सभा सीट से नए प्रत्याशी के स्थान पर फिर से हारे हुए पुराने प्रत्याशी को कांग्रेस पार्टी के द्वारा टिकट दिए जाने की चर्चा से ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं खास कर मुस्लिम मतदाता कांग्रेस से काफी नराज हैं। इस नराजगी का गुस्सा वे संभवतः कांग्रेस के विरुध मतदान करके निकाल सकते हैं। कांग्रेस से कोई जिताव प्रत्याशी नहीं देने पर इस बार वे किसी अन्य दल को मतदान करने का मन बना रहे हैं। इस बात की पुष्टि चौंक चौराहों पर की जाने वाली चर्चा से होती है। मतदाताओं का कहना है कि वैसे प्रत्याशी जो अपने प्रतिद्वन्दी को कड़ी टक्कर नहीं दे सकते हैं वैसे कमजोर प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य मत देकर मतों की बवार्दी वे क्यों करेंगे। पिछले दिनों रामटहल चौधरी के दिल्ली में कांग्रेस पार्टी ज्वाईन करने पर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता काफी उत्साहित थे कि इस बार रांची सीट से कांग्रेस पुराने प्रत्याशी पर दाव न लगाकर उसके स्थान पर रामटहल चौधरी को इस सीट से टिकट देगी।

श्री चौधरी ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं में काफी लोकप्रिय हैं। राष्ट्रीय पार्टी से टिकट मिलनें की चर्चा से उनके स्वजातिय मतदाता भी अन्दर से उन्हें अपना समर्थन देने का मन बना चुकें हैं। इधर कुर्मी विकास मोर्चा के शीतल ओहदार ने भी रामटहल चौधरी को अपना सर्मथन देने की घोषणा कर दी है। बन रहे नए जातीय समीकरण से इस बार कांग्रेस भाजपा को कड़ी टक्कर दे सकती है।। रांची लोक सभा सीट से रामटहल चौधरी को टिकट देने की मांग को लेकर पिछले दिनों ग्रामीण क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल ओरमांझी के पूर्व उप प्रमुख मुन्तजिर अहमद रजा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की की उपस्थिति में झारखंड के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकूर से मिलकर अपनी बात उक्त लोगों के समक्ष रखते हुए रामटहल चौधरी को इस बार टिकट देने की अपनी मांग रख चुके हैं ।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से झारखंड एकता मंच के असफाक खान अमन सोसाईटी के अध्यक्ष और रातू प्रखंड अंजूमन के सदर अताउल्ला अन्सारी अब्दुल इमाम अन्सारी असफाक अन्सारी खालीक खान रहीम अन्सारी हैदर अन्सारी युसूफ अन्सारी सहित रांची लोक सभा सीट के विभिन्न प्रखंडो के अंजूमन कमेटी के सदर सहित अन्य संगठन के लोग शामिल थे। उक्त नेताओं ने इस पर गम्भीरता पूर्वक बिचार करने का आश्वासन दिए हैं मालूम हो कि कांग्रेस पार्टी ने राची लोक सभा सीट से सुबोध कांत सहाय को कई बार टिकट दिया लेकिन उन्होंने सफलता प्राप्त नहीं की उन्हें 2014 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के रामटहल चौधरी के हांथों क्रमशः 1 199303 मतो के अन्तर से हार का सामना करना पड़ा था । जबकि 2019 में भाजपा के संजय सेठ ने उन्हें 283026 मतो के अन्तर से हराया था ।

मतदानाओं का कहना है कि लगातार दो बार के हारे हुए प्रत्याशी पर पुनः दाव लगाने की चर्चा से कांग्रेस के परम्परागत मतदाताओं के बीच अच्छी खासी नाराजगी देखी जा रही है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–02/2024–.25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 22.04.2024 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :–दिनांक 23.04.2024 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4 .निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक 23.04.2024 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :–1)कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2)अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6. निविदा प्राप्ति का सीन :–01))कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल,हजारीबाग।

क्र. सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Construction of Toilet Block in Samudaik Bhawan, Bhadaikhap ,Block-Keredari, Hazaribag.	1012300/-	21000/-	2500/-	01 माह
2	Construction of Toilet Block in Utkramit Madhya Vidyalaya, Bhadaikhap Block-Keredari, Hazaribag	1012300/-	21000/-	2500/-	01 माह
3	Construction of Toilet Block in Madhya Vidyalaya, Pagar, Block-Keredari, District-Hazaribagh	1012300/-	21000/-	2500/-	01 माह
4	Construction of Toilet Block in Madhya Vidyalaya, Garikala ,Block-Keredari, District- Hazaribagh.	1012300/-	21000/-	2500/-	01 माह
5	Construction of Toilet Block in Utkramit Uchh Vidyalaya, Bundu , Block-Keredari, District- Hazaribagh.	1012300/-	21000/-	2500/-	01 माह

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.323832Building(24-25):D

संक्षिप्त

1501 मीटर का भव्य महावीरी ध्वज लहरायेंगे

रांची : शिव मंदिर रामनवमी पुजा समिति टंकी साइड, धुर्वा में इस वर्ष भी भव्य रूप से रामनवमी का महापर्व मनाया जायेगा। वर्ष 2022 में 601 मीटर कपड़ा का महावीरी ध्वज लहरा कर सुर्खियों में रहने के बाद वर्ष 2023 में

1100 मीटर कपड़ा का ध्वज लहराया गया था। इस वर्ष 2024 में पुनः 1501 मीटर का भव्य महावीरी ध्वज लहरानें की तैयारी में शिव मंदिर रामनवमी पुजा समिति टंकी साईड धुर्वा की समिति लगी हुई है ।
इसके लिए समिति के रंजन कुमार बिट्टु मिश्रा, बम पांडे, कृष्णा पांडे, अनीश कुमार, राणा सूर्यांशु चौधरी, रोहित राज, निखिल राय, तरुण कुमार, अनिकेत राय ,अंगद कुमार, शारदानंद, सोनू मिश्रा, विक्रांत पांडे, किशु सिंह, अंशु राज, अंकित कुमार निरंतर प्रयास में लगे हुए हैं।

रामनवमी के मद्देनजर ग्रामीण एसपी का भ्रमण

रांची : सोमवार को श्री सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची के द्वारा रामनवमी पर्व के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित पुलिस

उपाधीक्षक, थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान चान्हों मे मदरसा, माण्डर मे मुड़मा और सोसई आश्रम, बुढ़मू मे उमेड़डा, चकमे और मतवे, रातु मे हुरहुरी, नगड़ी मे साहेब और नगड़ी मस्जिद एवं काँके में होचर और सुकुरहुटू एवं अन्य संवेदनशील स्थल का भ्रमण कर संबंधित पुलिस उपाधीक्षक एवं थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

नुक्कड़ सभा का आयोजन

कुजू : वन विभाग कुजू क्षेत्र द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन तथा जंगल बचाओ को लेकर दुर्गा मंदिर चटनिया बस्ती सहित करमा व सिरका में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को महुआ चुनने के लिए जंगल में आग न लगाने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि आग लगने से पेड़ पौधों के साथ-साथ छोटे-छोटे जीव जंतु जंगली जीवों को नुकसान होता है। सभा का संचालन देवधारी द्वारा किया गया। मौके पर कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान, कुजू पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, वनपाल अजीत कुमार, रंजीत कुशवाहा, नीतेश मुंडा, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

रांची लोस से कांग्रेस समर्थकों की पहली पसंद रामटहल चौधरी

अनगड़ा : रांची लोक सभा सीट से टिकट की रेस में रामटहल चौधरी सुबोधकांत सहाय के अलावा बन्ना गुप्ता का भी नाम रेश में होने की खबर है। लेकिन रामटहल चौधरी कांग्रेस के परम्परागत मतदाताओं की पहली पसंद देखी जा रही है। श्री चौधरी को पार्टी में शामिल कराकर उनका टिकट कंफ्रम नही किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं खास कर मुस्लिम मतदाता में कांग्रेस के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। इस नराजगी का गुस्सा वे संभवतः कांग्रेस पार्टी के विरुध मतदान करके निकाल सकते हैं। कांग्रेस से कोई जिताव और मजबूत प्रत्याशी नहीं देने पर इस बार वे किसी अन्य दल को मतदान करने का मन बना रहे हैं। इस बात की पुष्टि गांव ग्राम में की जाने वाली राजनीतिक चर्चा से होती है। मतदाताओं का साफ कहना है कि वैसे प्रत्याशी जो अपने प्रतिद्वन्दी को कड़ी टक्कर न दे सके वैसे कमजोर प्रत्याशी को अपना बहुमूल्य मत देकर मतों की बवार्दी वे क्यों करेंगे। पिछले दिनों रामटहल चौधरी के दिल्ली में कांग्रेस पार्टी ज्वाईन करने पर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता काफी उत्साहित थे कि इस बार रांची सीट से कांग्रेस पुराने प्रत्याशी पर दाव न लगाकर उसके स्थान पर रामटहल चौधरी को इस सीट से मैदान में उतारेगी।

पिपरटोली की झांकी को सरहुल शोभायात्रा में प्रथम पुरस्कार

रांची : सरहुल शोभायात्रा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन झांकियो को केंद्रीय सरना समिति ने सोमवार को पुरस्कृत किया. सिरम टोली सरना स्थल में सबसे पहले गुमला के सावरिया गांव सुनिल उरांव का टीम पहुचे थे। इन्हें पांच हजार और धोती, गमछा और साड़ी देकर सम्मानित किया गया।

पाहनो को भी सरना अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया

इस अवसर पर सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा में आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति दिखता है। तिर्की ने कहा कि सरहुल पर्व को हमलोग राष्ट्रीय असतर तक पहुंचने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सरहुल शोभायात्रा को पुरस्कारित का आयोजन जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि सरहुल महापर्व को नया

प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपया नकद

साल के रूप में मनाते आ रहे हैं। धरती, सिगाबोंगा की आराधना की जाती है। मौके पर नुतन कच्छप, संदिप तिर्की, रामशरण तिर्की, सुरज मुंडा, प्रदीप कच्छप राजेश लिंडा,बिरसा मुंडा, सघन उरांव, प्रकाश हंश, अनिता हंस समेत अन्य शामिल थे।

भव्य शोभायात्रा में ये हुए पुरस्कारित प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपया पिपरटोली को दिया गया। इन्हें हासदा जंगल को झांकी में दशार्या था।
दूसरा ग्राम विकास समिति मधुकम एंवम 12 पड़हा जतरा ताड़ अखाड़ा कोचा कोकर को 50 हजार देकर पुरस्कारित किया यह झांकी प्रकृति को दशार्या गया था। तीसरा कोकर चौक छोटू मुंडा को 25 हजार देकर पुरस्कारित किया। इन्होंने आदिवासी की परंपरा संस्कृति और प्राकृतिक से जुड़े हुए झांकी को दशार्या था।

श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण

रांची : युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) ने रामनवमी के उपलक्ष्य में विभिन्न श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया। युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल) द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य में आज 15 अप्रैल, सोमवार को सप्तमी के अवसर पर रांची के अल्बर्ट एक्का चौक के पास अध्यक्ष नंद किशोर सिंह चंदेल के नेतृत्व में महावीर पताका लोगो के बीच वितरण किया गया. विभिन्न इलाकों के श्रद्धालुओं के बीच 151 महावीर पताका का वितरण किया गया। समिति के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि महावीर पताका प्राप्त करने से पहले श्रद्धालुओं ने उसे अपने माथे से लगाया और श्रद्धा भाव से जय श्री राम और बजरंग बली की जय के नारे लगाए। आज के पताका वितरण कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल, विक्की कुमार, राजु काठपाल, बासु बेरा, रवि सिंह, विवेक कुमार, जिम्मी गुप्ता, मुकेश नायक, अनमोल सिंह, अरविंद कुमार, आलोक कुमार सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, विनीता कुमारी, अमित रॉय, मंजुला बेरा, वीणा श्री, छाया वर्मा, रीता सेन, ममता वर्मा एवं सुनीता मेहता शामिल हुए।

इटकी में सरना समाज ने दो जोड़ो का कराया सामुहिक विवाह

इटकी : इटकी के झखरा सरना स्थल में सोमवार को सरना युवा संघ और केन्द्रीय सरना समिति ने संयुक्त रूप से खर्च कर दो जोड़ों का सामुहिक विवाह कराया। आदिवासी रीति रिवाज के साथ पहान अशोक उरांव द्वारा सियार टोली निवासी बैजू केरकेट्टा के पुत्र सुरेश उरांव के

साथ स्वर्गीय संदीप केरकेट्टा के पुत्री बीना केरकेट्टा जबकि बंगाल पुरलिया निवासी तुलसी उरांव के पुत्र जयदेव उरांव के संग बिरसा उरांव की सुपुत्री सावित्री उरांव के साथ विवाह कराया गया। इसके बाद नव दम्पतियों को सरना समाज द्वारा कई उपाहार दिये गये। विवाह कार्यक्रम में सरना समिति के अध्यक्ष बीरा उराँव, पईनभारा बिजय उरांव, सूरज उरांव, मुन्ना, अशोक उरांव, श्रीनाथ उरांव सहित सरना समाज के दर्जनो लोग उपस्थित थे।

रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता 4 और 5 मई को

रांची : झारखंड योगा एसोसिएशन के तत्वाधान बैठक कर निर्णय लिया गया कि आगामी 4 और 5 मई को रांची जिला ओपन योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रांची के विभिन्न स्कूल कॉलेज

योग संस्थान के छात्र छात्राएं भाग ले पाएंगे। यह प्रतियोगिता यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के हाल में आयोजित की जा रही है। दिनांक 4 मई को प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 1:00 बजे की जाएगी। इस प्रतियोगिता में न्यूनतम आयु वर्ग जो 4 साल रखा गया है और अधिकतम आयु वर्ग की कोई सीमा नहीं है जिसमें 60 साल या उससे अधिक वर्ष के भी पुरुष एवं महिला इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु एवं प्रतियोगिता के जानकारी हेतु दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं 9835128289/8863963276 आज के इस बैठक में झारखंड स्पोर्ट्स योगा एसोसिएशन के मुख्य सचिव सुशांत भट्टा एवं सदस्यगण, जिसमें राहुल पोद्दार, सुजित कुमार,अभिनाश पटेल, अर्चना सचदेवा, सौंपा पोद्दार, इंदु महतो, शीतल महतो उपस्थित थे।

अनगड़ा-आजसू पार्टी युवा टीम का गठन किया गया

अनगड़ा : आजसू पार्टी युवा मोर्च के सदस्यों की बैठक गोन्दली पोखर में जिला प्रभारी आतिश महतो की अध्यक्षता में हुयी। जिसमें 12 सदस्यीय संयोजक टीम का गठबंधन किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश युवा प्रभारी अब्दुल जब्बार अन्सारी ने कहा युवा ही झारखंड का तकदीर और तस्वीर बदल सकते है वहीं आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है। मौके पर केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी जिला सह प्रभारी बिनोद महतो प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो उपस्थित थे। बैठक मे युवा संयोजक टीम का गठन इस प्रकार किया गया महाबीर महतो अर्जुन महतो राजकुमार महतो जालान पाहन मुनेश्वर महतो देवेन्द्र महतो असलम शेख रोहित लोहरा कालेश्वर महतो संजय महतो।

अम्बेडकर महिलाओं के अधिकारों के कट्टर समर्थक थे : शिव पासवान

रांची : अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कोकर बाजार टांड़ में पासवान कल्याण समिति के द्वारा धूमधाम से डॉ भीमराव अम्बेडकर का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में बाबा साहेब के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनजाति विकास

ट्रस्ट के अध्यक्ष भाजपा नेता अर्जुन राम ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक समता के अमर नेता 'भारत रत्न' डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर कोटिशः नमन करता हूँ। संविधान निर्माण में बाबा साहब की भूमिका अविस्मरणीय है, राष्ट्र की एकता व अखंडता को उन्होंने सदैव सर्वोपरि रखा। अम्बेडकर दलित अधिकारों के एक प्रखर समर्थक के रूप में उभरे। उन्होंने छुआछूत और दमनकारी जाति व्यवस्था के खिलाफ पूरे जोश से बात की और सभी के लिए न्याय और समानता की मांग की। उनके प्रयासों ने अनगिनत व्यक्तियों को सामाजिक मानदंडों और भेदभाव को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया। मौके पर बंटी पासवान, नन्द कुमार पासवान, गुड्डन पासवान, आशीष पासवान, धीरेन्द्र पासवान, सूरज पासवान, उमेश पासवान,राजेश कुमार पासवान जय प्रकाश पास्वान, डॉ. प्रसाद पासवान, राजकुमार पासवान, मनोज पासवान, धर्मेंद्र पासवान, संजय कुमार राम, बिटून चक्रबर्टी, सतीश भर्ती, राकेश सिंह, उपस्थित थे।

श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुताहा तालाब पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन

रांची : श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भव्य उद्घाटन के बाद पूजा पंडाल का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया, महासप्तमी तिथि में बेलवरण पूजा एवं नव पत्रिका प्रवेश सुबह 10:00 बजे किया गया। अयोध्या श्री राम जन्मभूमि को समर्पित पूजा पंडाल एवं भव्य राम लक्ष्मण बजरंगबली की प्रतिमा में मां दिखाई दे रही हैं। जिसका उद्घाटन सयुंक्त रूप से सुरेश साहू, अलोक साहू के हाथों होना सुनिश्चित हुआ, सभी अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष शंकर दुबे एवं महामंत्री गोपाल पारीक द्वारा किया गया। उद्घाटन के वक्त सक्रिय रूप से महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, तथा कोषाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवक्ता नमन भारतीय, राजीव रंजन मिश्रा, मंटू चौबे, दीपू सिंह, राजेश वर्मा एवं संस्था के सभी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

पहले दूसरे तथा तीसरी मंगलवारी के सफल आयोजन के बाद अष्टमी मंगलवारी को संध्या 7:00 बजे से, भक्त साक्षात बजरंगबली के दर्शन कर सकेंगे, पवनपुत्र हनुमान आकर्षण का केंद्र,251 किलो शुद्ध घी से निर्मित लड्डू भोग, ढोल नगाड़े तथा अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन करते हुए भक्त महावीर चौक पहुंचेंगे। दिनांक 18-04-2024 दिन गुरुवार को दोपहर 03 बजे से विशाल विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इस भव्य उद्घाटन समारोह में अतिथि सुरेश साहू,आलोक साहू,मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राज कुमार गुप्ता, उदय साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह (लल्लू सिंह), शंकर दुबे, विशाल कृष्णा,विनोद बर्मन, राजू चौरसिया, शेखर गुप्ता, दिलीप गुप्ता,नमन भारतीय,राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक (पवन), आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, अभिषेक रजक(बाबू), प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा, समीर नायक आदि उपस्थित थे।

अनगड़ा-आजसू पार्टी युवा टीम का गठन किया गया

अनगड़ा : आजसू पार्टी युवा मोर्च के सदस्यों की बैठक गोन्दली पोखर में जिला प्रभारी आतिश महतो की अध्यक्षता में हुयी। जिसमें 12 सदस्यीय संयोजक टीम का गठबंधन किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश युवा प्रभारी अब्दुल जब्बार अन्सारी ने कहा युवा ही झारखंड का तकदीर और तस्वीर बदल सकते है वहीं आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उराँव ने कहा आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है। मौके पर केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी जिला सह प्रभारी बिनोद महतो प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो उपस्थित थे। बैठक मे युवा संयोजक टीम का गठन इस प्रकार किया गया महाबीर महतो अर्जुन महतो राजकुमार महतो जालान पाहन मुनेश्वर महतो देवेन्द्र महतो असलम शेख रोहित लोहरा कालेश्वर महतो संजय महतो।

झारखंड स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवं सीनियर कराटे चैंपियनशिप 20 अप्रैल से

रांची : स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा 20 अप्रैल से स्टेट जूनियर, कैडेट, अंडर 21 एवम् सीनियर कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजना रांची खेल गांव स्थित हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 20 एवम् 21 अप्रैल को होगा। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के विभिन्न जिला से 14 वर्ष एवम् उससे उपर के बालक, बालिका, पुरष एवम् महीला कराटे प्लेयर्स भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में उन संस्था के खिलाडी ही भाग ले सकेंगे जिनकी संस्था कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन एवम स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त है। प्रतियोगिता में काता एवम कुमिते दो प्रकार का इभेंट होगा। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड कराटे फेडरेशन (हत्रक्ष्ठ) के नियमो के तहत कराया जायेगा। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले कराटेकार मई माह में देहरादून में कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन द्वारा आयोजित होने वाले नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड राज्य कि ओर से भाग लेंगे। प्रतियोगिता स्पोट्र्स कराटे एसोशिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष हांशी मानस सिन्हा एवम् सचिव सेंसाई हेजाज आसदक के मार्गदर्शन में सम्पन्न होगा।

श्री महावीर मण्डल राँची ने सम्पूर्ण बजरा क्षेत्र का किया दौरा

रांची : श्री महावीर मण्डल राँची के पदाधिकारियों ने सुबह 9 बजे श्री शिव हनुमान मंदिर बजरा बारीयातु बजरा के प्रांगण में रामनवमी आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बेठक उस क्षेत्र के रामभक्तो एवं आयोजको के साथ किया एवं सम्पूर्ण बजरा के पारम्परिक गावों का दौरा किया तथा झंडा का वितरण किया।
बैठक में इस वर्ष रामनवमी का सम्पूर्ण कार्यक्रम तथा मुख्य शोभा यात्रा हर्षोउल्लास के साथ कैसे संपन्न हो इस बिषय पर विचार विमर्श हुआ! बैठक में श्री महावीर मण्डल राँची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने रामनवमी के त्यौहार को पुरे भव्य एवं दिव्यता के साथ हर्षोउल्लास के साथ मनाने का अपील किये तथा राँची के सभी रामभक्तो को अपने - अपने घरों में हनुमान ध्वज लगाने का अपील किये! साथ ही रामनवमी के दिन शोभायात्रा का समय को भी ध्यान में रखने का अपील किये, रामनवमी दिनाँक 17/4/24 को है और

रामनवमी के अवसर श्री महावीर मण्डल राँची के नेतृत्व में निकलने वाली मुख्य शोभायात्रा का बजरा क्षेत्र ही स्टार्टिंग पॉइंट है तथा पुरानी परंपरा के अनुसार श्री महावीर मण्डल राँची का मुख्य शोभायात्रा का श्री महावीर मण्डल राँची के अध्यक्ष तथा मंत्री ही करेंगे एवं अलग - अलग क्षेत्रो से निकलने वाली शोभायात्रा का नेतृत्व श्री महावीर मण्डल राँची के अन्य पदाधिकारी गण करेंगे ताकि समय का पालन करने में ताल मेल बना रहे मंत्री दीपक ओझा ने कहा की इस बार शोभायात्रा में डी जे का प्रयोग नहीं करें बल्कि उसके जगह पर ज्यादा से ज्यादा झंडा एवं खेल का प्रदर्शन करें एवं समय का पालन करें। (1) सबसे पहले बजरा ग्राम बस्ती के पुजारी पाहन एवं उनके परिवार से मिल कर उन्हें पुरानी परम्परा के अनुसार एक हनुमान जी का झंडा देकर समय का पालन हेतु अनुरोध किया।
(2) फिर सभी लोगो बजरा श्री श्री शिव हनुमान मंदिर के रामभक्त से मिल कर उन्हें भी परम्परा के अनुसार पाँच हनुमान झंडा देकर समय का पालन करने का अनुरोध किया > आज के इस बैठक एवं क्षेत्र का दौरा कार्यक्रम का नेतृत्व श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष श्री रवि कुमार पिंकू , मंत्री दीपक ओझा,अन्नू कुमार एवं बजरा के समस्त ग्रमीण बंधुगण, रामभक्त मुख्य रूप उपस्थिति थे।

भाजपा और आजसू में बनी रणनीति

रांची : भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के बीच लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 14 सीटों एवं गांडेय उपचुनाव पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति को लेकर चर्चा हुई। इस मुलाकात और चर्चा में आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने चुनावों के सभी पहलु पर बेहतर तरीके से अपना पक्ष रखा। और समीकरणों को अपने पक्ष में करने के अपने अनुभव बताए।

चर्चा के दौरान सहमति बनी कि चुनावों को लेकर दोनों दलों का संयुक्त निर्णय सामने आएगा। साथ ही समन्वय स्थापित कर मजबूती से चुनाव लड़ा जाएगा। और एनडीए की जीत तय करने के लिए साझा रणनीति और कार्यक्रमों के साथ चुनावी मुहिम तेज की जाएगी। सभी बातों को केंद्र में रखकर दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करना ही मूल लक्ष्य है।
उक्त बैठक आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के कांके रोड, रांची स्थित आवास में हुई।

स्व महावीर प्रसाद गिनीया देवी अडुकिया की स्मृति मे स्थाई ठण्डें पानी की पनशाला का उद्घाटन

रांची : मीरा देवी ओमप्रकाश अडुकिया ने अपने माता पिता पौत्र पौत्र वधु तरुण स्वाती अडुकिया एव पौत्री मनीषा अडुकिया ने (स्वड्डमहावीर प्रसाद गिनिया देवी अडुकिया) की स्मृति मे निमार्णाधीन श्रीकृष्ण प्रणामी

मंदिर के प्रांगण मे स्थाई ठण्डें पानी की पनशाला (प्याऊ) का पुरे विधी विधान से आये हुए पुरोहितों ने पूजा पाठ कराकर स्थाई ठण्डें वाटर कुलर (पनशाला) प्याऊ की आज शुरूआत की। संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल एवं उर्मिला पाडिया ने स्थाई वाटर कुलर (ठण्डें जल की पनशाला) प्याऊ के उद्घाटन समारोह मे आये हुए अतिथि मीरा देवी अडुकिया बेटी मनीषा अडुकिया पौत्रवधु स्वाती अडुकिया को भगवान राधा-कृष्ण की तस्वीर एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया।

16 से 23 अप्रैल तक शहीद सप्ताह मनाने का निर्णय

रांची : 67 वॉ शहीद सप्ताह का आयोजन 16 से 23 अप्रैल तक स्थानीय शहीद स्थल सह स्मारक शहीद चौक रांची पर किया जायेगा , यह जानकारी डॉ. राम प्रवेश, सचिव, शहीद स्मारक समिति, रांची.ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इसका उद्घाटन 16 अप्रैल को पूर्वाहन 10 बजे किया जायेगा। इस पुरे माह शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियाँ और वीर गाथाओं से भरा हुआ है. इसी यही वजह से प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के शताब्दी वर्ष 1957 में रांची के स्वतंत्रता सेनानियों ने अप्रैल में ही दिनांक 16 से 23 अप्रैल तक शहीद सप्ताह मनाने का निर्णय लिया जाता रहा है। 16 अप्रैल 1858 को ही इसी पवित्र स्थल पर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को और 21अप्रैल 1858 शहीद पांडे गणपत राय को फाँसी दी गई थी. 23 अप्रैल शहीद तेलेंगा खरिया का शहादत दिवस है तथा इसी दिन वीर कुंवर सिंह का विजय दिवस भी है। सार्वजानिक जीवन में बढ़ते भौतिकवाद एवं भ्रस्टाचार के बावजूद पिछले 67वर्षों से शहीदों को समर्पित इस कार्यक्रम का आयोजन होता आ रहा है।

आनंद मार्ग उच्च विद्यालय में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

चान्हो : चांन्हो क्षेत्र के आनंद मार्ग उच्च विद्यालय आनंदशीला चामा में रविवार की शाम एक समारोह आयोजित कर विद्यालय का 69वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता व बिजनेस आईकॉन शिव कुमार साहु, मुख्य प्रवक्ता आचार्य परमेश्वरानंन्द अवधूत (आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य भावामृतानंनद अवधूत (आनंद मार्ग प्रचारक संघ के वरिष्ठ आचार्य) अमर कुमार आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र, शिक्षाविद् मोहसिन खान , आचार्य रसोदभाषासानंद अवधूत सेक्टोरियल सचिव (आनंद मार्ग प्रचारक संघ) ,दीपक कुमार सामाजिक कार्यकर्ता ,विद्यालय निदेशक आचार्य गुणाकारानंन्द अवधूत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व आनंद मार्ग के गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। मंच पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र व बुके देकर किया । विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार महतो विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने बताया कि विगत वर्ष के बोर्ड परीक्षा में इस विद्यालय के 20% से अधिक बच्चों ने 80% से अधिक अंक प्राप्त किया। जबकि 99% बच्चे प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस वर्ष के वार्षिक परीक्षा के परिणाम भी बेहतर रहे। 80% से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में भी बच्चों ने बेहतरीन किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि शिवकुमार साहू ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं आनंदमार्ग द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान के छात्र रह चुके हैं यहां की जो शैक्षणिक व्यवस्थाएं हैं आज की समय में अतुलनीय है। आज की शिक्षा जीवन में उपयोगी कम है। हमें शिक्षा की आवश्यकता है हमारे जीवन को बेहतर बनाने की ,सुलभ बनाने का जिसका कार्य आज आनंद मार्ग विद्यालय कर रहे हैं। भारत के विभिन्न जिलों में स्थित आनंद मार्ग स्कूल इस कार्य को भली भांति रूप से संभाल कर रखे हुए हैं। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता आचार्य परमेश्वरानंद अवधूत ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में स्थापित विद्यालय आज शिक्षा के क्षेत्र में परचम लहरा रहा है उन्होंने बताया कि वर्षों पहले जो शिक्षा की व्यवस्थाएं थी कम संसाधन में बहुत ही उच्च स्तर की शिक्षा दी जाती थी आज इस बढ़ती चकाचौंध की दुनिया में सुविधा तो बढ़ी पर शिक्षा की जो स्तर है उसमें कहीं न कहीं गिरावट आ जा रही है यह विद्यालय इस गिरावट को कम करने का प्रयास हमेशा कर रही है। शिक्षाविद् मोहसिन खान ने कहा हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्थाएं आज के शिक्षा व्यवस्था से कई गुना उन्नत थी ।हमारी शिक्षण व्यवस्था को वैश्विक स्तर पर साजिश रच कर नीचे दिखाया गया और हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बतलाए गए सिद्धांतों का प्रयोग करके पाश्चात्य देशों ने नई-नई चीजों का आविष्कार किया और उनका श्रेय उन्होंने अपने ऊपर ले लिया जबकि वास्तविकता यह है जो भी चीज आज वह कर रहे हैं कहीं ना कहीं हमारी प्राचीन संस्कृति या शिक्षा व्यवस्था की हीं देन है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया ।पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के उपप्राचार्य बलबीर कुमार व धन्यवाद ज्ञापन आचार्य गुणाकारानंद अवधूत ने किया। बाद में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । जिसका उपस्थित ग्रामीणों व अभिभावकों ने आनंद उठाया।
सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत गान से हुई जिसमें यूकेजी व प्रथम वर्ग के छात्राओं ने नृत्य के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया उसके बाद ' झारखंड जोहार 'पर दशम वर्ग के छात्रों द्वारा प्रस्तुति दी गई प्रभात रंजन सरकार द्वारा रचित प्रभात संगीत (दुनिया वाले ताकते रहो) का गायन सत्यम गुप्ता प्रथम वर्ग के छात्र द्वारा किया गया। उसके बाद प्रभात संगीत (अमर ग्रामे में जायो रे बंधु) गीत पर नृत्य वर्ग सप्तम की छात्रा ने किया ।

माता वैष्णों देवी मंदिर में सजी माता की चौकी, भक्ति गीतों से झूमे श्रद्धालु

रामगढ़। झंडा चौक स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर में बासंती नवरात्रा के अवसर पर पंजाबी हिन्दू बिरादरी व माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में मंदिर परिसर में माता की चौकी सजा कर महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला मंडली की भजन गायिका पुष्पा शर्मा, पूजा शर्मा, विद्या पाठक आदि ने गणेश वंदना से भजन कीर्तन का शुभारंभ किया। इसके बाद महिला मंडली की गायिका ने एक स्वर में चवन्नी खो गई मैया, अठन्नी पा गई मैया, रंग दे रंग दे मैया अपने रंग में रंग दे, मां तेरी तुलना किससे करूंगा, तुझ ना और कोई आदि भजन प्रस्तुत कर किया। इस दौरान सभी श्रद्धालु महिला भक्त झूमने पर मजबूर हो गए और माता रानी के जयकारे लगाकर ओतप्रोत होते नजर आए। मौके पर महिला मंडली के सभी सदस्यों को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व सजाई गई माता की चौकी में माता वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरत चन्द्र वासुदेव की मौजूदगी में पंडित किशोर शर्मा द्वारा सभी धार्मिक अनुष्ठानों के मुख्य यजमान संजीव चड्ढा व उनकी पत्नी अंजू चड्ढा को विधिवत पूजन कराया गया।

रामगढ़ पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता, गिनाई 10 वर्षों की उपलब्धियां

टुकड़े-टुकड़े गैंग नहीं दे पा रहे हैं मजबूत विपक्षःप्रतुलनाथ शाहदेव

रामगढ़। भाजपा ने मोदी की गारंटी वाला संकल्प पत्र जारी किया। इसके बाद झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुलनाथ शाहदेव सोमवार को रामगढ़ पहुंचे और केंद्र सरकार द्वारा 10 वर्षों में की गई उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 400 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष के संविधान बदलने वाली टिप्पणी पर भी अपनी प्रतिक्रिया रखी। उन्होंने कहा कि जनहित में जब भी जरूरत पड़ी है संविधान में बदलाव हुआ है। जनहित में जरूरत पड़ेगी तो संविधान में बदलाव भी संभव है। भाजपा पीछे नहीं हटेगी। यूसीसी कानून भी उसका एक उदाहरण है। देश में दो संविधान के पक्षधर हम नहीं हैं। आज सरियत कानून लागू है और कांग्रेस उसकी हिमायती है। हम उस कानून से ऊपर उठकर सभी जनता को एक समान अधिकार देना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ने भारत को एक सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित किया

प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रहित में काम किया है। उपलब्धियों की बात की जाए तो शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, महिला सशक्तिकरण, कृषि सुरक्षा, पेयजल जैसे मूलभूत चीजों के अलावा और बहुत सारे काम हुए हैं। अगले 5 वर्षों में भाजपा विकसित राष्ट्र के रूप में भारत को स्थापित कर देगी। जितने वादे भाजपा ने किए थे, उसे पूरा कर दिखाया है। यहां तक कि 500 सालों के बाद भगवान राम भी टेंट से निकलकर अपने मंदिर में पधार चुके हैं। अयोध्या जी को अब विश्व स्तरीय धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को एक सशक्त अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित किया है। पिछले 10 वर्षों में भारत 11वें स्थान से उपर चढकर विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरी है।

पुरानी सभ्यताएं होगी पुनर्जीवित, नक्सलवाद होगा खत्म

प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि अगले 5 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद का संपूर्ण खात्मा करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही पुरानी सभ्यताएं जिन्हें नष्ट करने का प्रयास किया गया था, उन्हें भी पुनर्जीवित की जाएगी। नालंदा के खंडहर को भी विकसित किया जाएगा। हर घर को रसोई गैस की सप्लाई पाइप से करने, हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया है। साथ ही 70 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को आयुष्मान योजना में शामिल किया जाएगा।

टुकड़े-टुकड़े गैंग मिलकर एक मजबूत विपक्ष भी नहीं दे पा रहे

रामगढ़ पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग मिलकर एक मजबूत विपक्ष भी नहीं दे पा रहे। कांग्रेस ने अपनी ऐसी दुर्गति कर ली कि पिछले दो बार से वह 10% वोट भी नहीं जुटा पा रही हैं।ऐसी स्थिति में उनकी कही गई कोई भी बात जनता मानने को तैयार नहीं है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये थे उपस्थित

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरीय उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, महामंत्री रंजन फौजी, ब्रजेश पाठक, भीमसेन चौहान शामिल थे।

डीसी, एसपी ने किया फ्लेग मार्च, आपसी भाईचारे और धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर मनाने की अपील

रामगढ़। जिले में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार फ्लैग मार्च में शामिल हुए। उन्होंने रजरप्पा, चितरपुर और विभिन्न थाना व ओपी क्षेत्र में फ्लैग मार्च का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने साफ संकेत कर दिया कि अपराध पर लगाम लगाने और रामनवमी पर्व के अवसर पर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। हर जगह पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी। डीसी और एसपी ने आम जनता से शांति, आपसी भाईचारा और धार्मिक सौहार्द के साथ रामनवमी पर्व मनाने की अपील किया।

पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसपी ने की बैठक, दिए कई निर्देश : एसपी डॉ बिमल कुमार ने रामनवमी त्योहार के मद्देनजर जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ एसडीपीओ, पतरातू एसडीपीओ, सभी सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि किसी भी स्तर पर विधि व्यवस्था भंग नहीं होनी चाहिए। शांतिपूर्ण व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से गाइडलाइन दिए गए हैं। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के तहत भी गाइडलाइन जारी किए गए हैं। पूजा कमेटी और अखाड़ों के पदाधिकारी के साथ सामंजस्य बनाकर शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार को संपन्न करना है। इसके अलावा कोई भी राजनीतिक लाभ न उठाए इसका भी ध्यान रखना है। किसी भी बैनर व पोस्टर पर किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशी या उसके सिंबल का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। कोई आम नागरिक ना तो वोट देने की बात करेगा और ना ही किसी दल विशेष के का प्रचार करेगा।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ने चितरपुर प्रखंड के 11 पंचायतों में चलाया तूफानी जनसंपर्क अभियान

देश के विकास यात्रा को आगे बढ़ाने हेतु भाजपा को चुनें, तीसरी बार मोदी जी को बनाएं पीएम : मनीष जायसवाल

रजरप्पा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने अहले सुबह से देर शाम तक क्षेत्र का तूफानी दौरा कर ताबड़तोड़ जनसंपर्क और जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से चुनावी सरगर्मी बढ़ा दिया है। पिछले करीब सवा महीने से उनके टिकट कंफर्म होने के बाद से ही लगातार क्षेत्र में जनता के बीच बने हुए हैं। प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायतों के दर्जनों जगहों पर वे अपनी पहुंच बना रहें हैं और निर्धारित चुनावी कार्यक्रम के संचालन के उपरांत देर रात्रि तक सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में व्यक्तिगत रूप से शामिल होकर अन्य प्रत्याशियों को खूब परेशान कर रहें हैं। करीब 18-20 घंटे का उनका समय जनता के बीच बीत रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को मनीष जायसवाल ने कोयलांचल की धरती रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चितरपुर प्रखंड क्षेत्र का दौरा 40 डिग्री सेल्सियस में किया। इस दौरान उन्होंने चितरपुर प्रखंड के 11 पंचायतों के कुल 16 गांवों का तूफानी दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाकर और जनसंवाद कर भाजपा के पक्ष में आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में कमल फूल छाप पर वोट देने की अपील की। सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने मारंगमरचा, सोढ़, तेबरदाग, भुचूंगडीह, रजरप्पा प्रोजेक्ट के सेवई उत्तरी, सेवई दक्षिणी, मायल, चितरपुर काली चौक, मनसा मंदिर सोनार मोहल्ला, केवट मोहल्ला, बड़कीपोना, छोटकीलारी, छोटकीपोना, बोरोबिंग, बभनीडीह, सुकरीगढ़ा, पंडा टोली, लारीकलां, लारी, सुकरीगढ़ा अखरा टोला (करम अखरा) क्षेत्र में पदयात्रा करके और डोर-टू-डोर कैंपेन किया।

देश के विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए भाजपा को चुनें : मनीष जायसवाल

एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने 62 सालों तक देश में शासन किया और देशवासियों को ठगने का काम किया। लेकिन पिछले 10 सालों से पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई बड़े कार्य हुए और देश के अंत्योदय के विकास की दिशा में कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई, जिससे गरीबों का सामाजिक उत्थान हुआ। उन्होंने कहा कि देश के विकास की यात्रा को आगे बढ़ाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपना बहुमूल्य वोट दें और तीसरी बार मोदी सरकार चुनें। मैं इसी माटी का लाल हूं, यही पला-बढ़ा हूं और 10 वर्षों तक हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए जो उपस्थिति, सुलभता और क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता रही, उसे विस्तार देने के लिए आपका आशीर्वाद जरूरी है।

जनसंपर्क अभियान में इनकी रही उपस्थिति

जनसंपर्क अभियान में भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, वरिष्ठ नेता रंजीत पांडेय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, रंजन सिंह फौजी, दिलीप सिंह, रमेश वर्मा, विजय जायसवाल, मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद स्वर्णकार, पूर्व पार्षद गोपाल चौधरी, बड़कीपोना मुखिया अरविंद सिंह, पंसस शंभू कुमार, आजसू के जिला सचिव लालचंद महतो, प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक, कार्यकारी अध्यक्ष भानुप्रकाश महतो, सचिव दशरथ महतो, रमेश दांगी, मलेश्वर नायक, संतोष महतो, अशोक राम बेदिया, बढ़न करमाली, सतीश मुंडा, अनुराग भारद्वाज, सुबीन तिवारी, राजकुमार गिरी, राजेंद्र प्रसाद, करण कुमार, सुदेश महतो, संतोष चौधरी, ईश्वरी प्रसाद, प्रयाग मांझी, मुनिलाल साव, भाजपा नेता युगेश महतो, पीएन सिंह, अर्जुन कुमार वर्मा, प्रदीप पासवान, कमलेश करमाली, मुकेश सिंह, अजय जायसवाल, मुंगालाल महतो, जयंत पोद्दार, प्रदीप महतो, महेंद्र राम, महेंद्र महतो, हितंश पटेल, रंजन चौधरी, सखीचंद राम दांगी, नंदकिशोर दांगी, अमृत कुमार, पिंटू कुमार सहित भाजपा और आजसू के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

पटना से रामगढ़ पहुंचे इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी के प्रबंधन, कहा

वित्तीय समावेश के लिए झारखंड में भी जल्द जागरूकता कार्यक्रम किया जाएगा

रामगढ़। पटना से रामगढ़ पहुंचे इंडियाफर्स्ट लाइफ इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रबंधन प्रिय रंजन ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि बिहार के बाद जल्द ही वित्तीय समावेश के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन झारखंड में किया जाएगा, वर्तमान समय में किया जा रहा है। 30 जून तक चलने वाले इस अभियान में ऑनलाइन और ऑफलाइन जागरूकता फैलाई जा रही है। जिसमे एन्युटी योजनाओं के माध्यम से वृद्धावस्था पर पेंशन की व्यवस्था के बारे बताया जा रहा है। साथ ही केसे आप यूएलआईपी योजनाओं से जुड़ कर लंबे टर्म की छोटी महीने की बचत से आपको आपके भविष्य को सुधरेगी के बारे में बताया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के साथ साथ उनके आर्थिक स्थिती को समृद्ध करेगी। इसके लिए बिहार के पंचायत स्तर से जुड़ कर 8000 से अधिक ग्राम पंचायत में चिकित्सा सेवाओं से जुड़े डॉक्टरों के बीच जाकर काम किया जायेगा। साथ ही साथ सभी सरकारी स्कूल और निजी स्कूल के शिक्षकों को जोड़ने का काम करेगी। कार्यक्रम के कार्यकारी एमडी महबूब आलम, परियोजना समन्वयक प्रिय रंजन, मास्टर प्रशिक्षक कार्यक्रम में बतौर प्रशिक्षण देने का काम करेंगे। उनके इस काम में आईएसएम पटना और 28 प्रबंधन छात्रों की टीम भी शाम है। इसके अलावा कंपनी की यह भी कोशिश है की अगर इस कार्यक्रम में भाग लेकर अपने वित्तीय सुरक्षा को समृद्ध बनाने के लिए कोई सुझाव है तो उसको आमत्रित करती है।

कंटेनर और ट्रक में टक्कर, केबिन जलकर खाक, घंटों यातायात बाधित

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत कोठार फ्लाईओवर के पास कंटेनर और गैस लगे ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे के बाद कंटेनर के केबिन में अचानक आग लग गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती कब तक कंटेनर का कैबिन जल कर खाक हो गई। आग पर काबू पाने में पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को घंटो मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान घंटों आवागमन बाधित रहा। मामले में रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि कोठार पुल के पास गैस लदे ट्रक में एक कंटेनर ने टक्कर मारी है। इसके बाद कंटेनर के केबिन में आग लग गई। कंटेनर के केबिन में रूक-रूक कर धमाके भी हो रहे थे।

ट्रक ड्राइवर कि समझदारी से बड़ी घटना टली घटना के बाद ट्रक ड्राइवर ने समझदारी दिखाई और किसी तरह अपनी गाड़ी वहां से हटा ली। तब तक फायर ब्रिगेड की टीम भी वहां पहुंच गई और कंटेनर के केबिन में लगी भीषण आग को बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, इस घटना में कंटेनर का केबिन जलकर पूरी तरह खाक हो गया। कंटेनर का चालक घायल हो गया, जिसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। घटना के बाद कुजू नया मोड़ और कांकेबार बाइपास पर दोनों तरफ ट्रैफिक रूट डायवर्ट कर दिया गया था, ताकि किसी भी तरह की कोई अन्य घटना न हो सके।

रामनवमी पूजा को लेकर जिला शांति समिति की बैठक में डीसी, एसपी ने किया स्पष्ट, डीजे रहेगा पूरी तरह बंद

शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कार्रवाई निश्चित, 86 स्थानों पर दंडाधिकारी रहेंगे तैनातःडीसी

रामगढ़। जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत दिग्वार पोचरा गांव में शांति व्यवस्था भंग करने की कोई कोशिश के बाद रामगढ़ जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी कर दिया है। सोमवार को डीसी चंदन कुमार और एसपी डॉ बिमल कुमार ने संयुक्त रूप से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने रामनवमी जुलूस में डीजे को पूरी तरीके से प्रतिबंधित कर दिया है। डीसी ने कहा कि पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र के सभी पूजा समितियों और अखाड़ों के पदाधिकारी से संपर्क कर उन्हें इसकी सूचना दें। जुलूस में कोई डीजे पकड़ा गया तो आदर्श आचार संहिता खत्म होने तक उसे छोड़ नहीं जाएगा।

शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर कार्रवाई निश्चित, 86 स्थानों पर दंडाधिकारी रहेंगे तैनात : डीसी चंदन कुमार ने स्पष्ट कर दिया कि कोई भी शांति व्यवस्था को भंग करने की कोशिश करेगा तो उस पर कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी। जिले में फोर्स और मजिस्ट्रेट की कमी नहीं है। सबसे बड़ी बात की तीसरी आंख सब पर नजर रखेगी। पूजा समितियां के द्वारा कैमरामैन तो रखा गया है, लेकिन हर थाना को एक ड्रोन उपलब्ध कराया गया है। ड्रोन से घरों और छतों का मुआयना होगा। जिस रास्ते से जुलूस निकालने वाला है उस पूरे रास्ते पर कहीं भी ऐसा नहीं होगा जिस पर प्रशासन की नजर नहीं होगी।

पूजा समिति रोशनी का रखें पुख्ता इंतजाम, भ्रामक खबर फैलाने वालों पर होगी कार्रवाईःएसपी : शांति समिति की बैठक में एसपी डॉ बिमल कुमार ने कहा कि रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसके लिए पूरा गाइडलाइन जारी किया गया है। पूजा कमेटी को एसडीओ कार्यालय से निर्देश दिए जा चुके हैं। सबसे अहम है कि जुलूस का रास्ता पूरी तरीके से साफ होना चाहिए। रास्ते पर अगर भवन निर्माण से संबंधित कोई सामग्री रखी गई है तो उसे तत्काल हटा लें। जिला पुलिस बल के अलावा सीआरपीएफ के बटालियन भी रामगढ़ में मौजूद है। जुलूस में सुरक्षा के लिए उनका भी प्रयोग किया जाएगा। एसपी ने कहा की पूजा समिति अपने क्षेत्र में रोशनी के पुख्ता इंतजाम करें। जुलूस के समय विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर डाला की कोई भी भ्रामक सूचना न फैलाएं। अगर कहीं कोई घटना घटती है तो उसकी सही सूचना प्रशासन को दें।

कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई निश्चितःएसडीओ : बैठक में एसडीओ आशीष गंगवार ने कहा कि किसी भी विषम परिस्थिति में कमेटी के पदाधिकारी से संपर्क करना मुश्किल हो जाता है। इसलिए हर समिति और अखाड़े के 10 लोगों का नंबर थाना प्रभारी अपने पास रखें। अगर किसी को कोई सूचना देनी हो या कहीं कुछ वारदात हो तो समिति के पदाधिकारी से सबसे पहले संपर्क हो सके और समस्या के निवारण के लिए प्रयास किया जा सके। एसडीओ ने कहा कि जुलूस में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम नहीं करना है। अगर जुलूस किसी धार्मिक स्थल से होकर गुजरती है तो वहां भी मयार्दा में ही रहे। आदर्श आचार संहिता लागू है और अगर इस दौरान किसी कानून का उल्लंघन होता है तो कार्रवाई निश्चित तौर पर होगी।

बैठक में ये थे उपस्थित

शांति समिति की बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र राम, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन महालक्ष्मी प्रसाद, सभी थानों के प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और जिले के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है-अन्नपूर्णा देवी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा । केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को चाराडीह स्थित अपने आवासीय कार्यालय में एक महत्त्वपूर्ण प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने विकसित भारत की नींव तैयार की है। अगले 5 वर्षों में व्यापक जनभागीदारी से विकसित भारत निर्माण की यात्रा को कैसे गति और दिशा दी जाय, इसी दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी ने अपना संकल्प पत्र जारी किया है, जिसे ÷भाजपा का संकल्प ¬ मोदी की गारंटी 2024÷ नाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियों की तरह भाजपा का संकल्प पत्र केवल वादों और आश्वासनों का

पुलिंदा मात्र नहीं है। यह मोदी सरकार की 10 वर्षों की शानदार उपलब्धियों और सुनहरे भविष्य की कार्ययोजना का संतुलित ÷रिजल्ट ओरिएंटेड÷ मास्टर प्लान है। हमारा लक्ष्य सुनिश्चित है और उस लक्ष्य को पाने के लिए किये जाने वाले प्रयास भी सुनियोजित हैं। तभी तो मोदी जी ने अपनी अगली सरकार की शुरुआती 100 दिनों की कार्ययोजना अभी से तय कर रखी है। मोदी सरकार ने शुरुआती 10 वर्षों में अन्त्योदय की भावना के साथ देश के गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठाने के लिए काम किया, उन्हें गरिमामय जीवन के लिए आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायी। इसके सकारात्मक परिणाम आये और 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले। वहीं अगले 5 वर्षों में मोदी 3.0 सरकार का लक्ष्य मोदी 1.0 तथा मोदी 2.0 सरकारों के प्रयासों से गरीब से नव मध्यम वर्ग में दाखिल हुई आबादी के साथ सम्पूर्ण मध्यम वर्ग को ÷इज ऑफ़ लीविंग÷ प्रदान करना है7 मोदी 3.0 में आवास, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार आदि से सम्बंधित सभी योजनायें इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनेंगी। दूसरी तरफ, अगर अन्य दलों या गठबंधन की बात करें तो मोदी विरोध या मोदी को हटाने के अलावा उनके पास कोई कॉमन एजेंडा तक नहीं है। सबके अलगङ्कअलग घोषणा पत्र हैं और परस्पर विरोधाभाषी हैं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिनके लक्ष्य ही अलग अलग हैं, उनसे समन्वित रूप से किसी एक मंजिल तक पहुंचने की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है। जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के पास न सर्वमान्य नेता है, न कोई स्पष्ट नीति है, न जनसेवा की नीयत है। इनका इतिहास दागदार है और भविष्य की कोई स्पष्ट कार्ययोजना इनके पास नहीं है। अपना संकल्प पत्र जनता जनार्दन के समक्ष रखते हुए भाजपा पूरी विनम्रता से अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है। 2014 एवं 2019 में जनता ने आशीर्वाद दिया तभी भाजपा की सरकार जनसेवा की वो उपलब्धियां हासिल कर सकी, जिनका जिक्र हम बार बार करते हैं। हम एक बार फिर जनता जनार्दन से समर्थन की याचना करते हैं ताकि उनकी सेवा के जो प्रकल्प शुरू किये गए हैं, उन्हें सार्थक परिणति तक पहुंचाया जा सके। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, महामंत्री राजकुमार यादव, लोकसभा मीडिया प्रबंधक मनोज कुमार झुन्नू, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर जोशी एवं विधानसभा मीडिया प्रबंधक सुदर्शन यादव मौजूद थे।

वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में डीएवी बरोरा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

बाघमारा .महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों को एवं वेद की शिक्षा को प्रसारित करने हेतु प्रत्येक वर्ष आर्य समाज कोटा राजस्थान के द्वारा वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करता है इस श्रृंखला में डीएवी बरोरा में आयोजित वैदिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ढ्ढ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय के प्राचार्य श्री राकेश शर्मा ने प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया ढ्ढ पुरस्कृत होने वाले छात्रों में प्रथम स्थान पर देवांशु कुमार ओझा, सुमन कुमारी, सिंधु भारती,आराध्या भट्टाचार्य, गणेश कुमार, रहे । द्वितीय स्थान पर परिणीति कुमारी, अनुष्का कुमारी, ईशीश कुमारी, धनेश्वरी कुमारी, रहे ढ्ढ तृतीय स्थान पर अश्विन कुमार गुप्ता, विनीत कुमार सिंह,अक्षिता प्रसाद,आयुष कुमार, रहे ढ्ढ इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने शुभकामना देते हुए कहा कि वेदों में सम्पूर्ण शिक्षा विद्यमान है बस उसको अध्ययन करने की आवश्यकता है।

निर्भीक होकर 20 मई 2024 को मतदान दिवस में शामिल हों, देश के महापर्व के सहभागी बनें : उपायुक्त

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बीएलओ के द्वारा रैली निकालकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कम मतदान वाले मतदान केंद्र पर हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नगर परिषद् झुमरी तिलैया अंतर्गत वार्ड संख्या 07 व 08 डोर टू डोर फार्म 06 कलेक्शन हेतु मतदाता पंजीकरण अभियान और नैतिक मतदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें डोर टू डोर घरों का भ्रमण कर फार्म 6 का कलेक्शन किया गया और जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जुड़ा नहीं है , उन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ा गया। फार्म 06 कलेक्शन के उपरांत मतदाताओं के साथ सेल्फी लेते हुए 20 मई 2024 को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

बाल सांसदों का गठन, चुने गए बाल सांसद के द्वारा होगा वर्गों का संचालन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर। सीबीएसई से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में बाल सांसद का गठन हुआ एवं उन्हें विद्यालय के नियम कानूनों के प्रति शपथ ग्रहण करवाया गया। सभी तरह के कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा एवं निदेशक रामदेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मौके पर प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि विद्यालय की परंपरा के अनुसार नए सत्र में विद्यार्थियों को उनके पदभार को दिया गया तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय परिवार में सभी विद्यार्थी गण एक दूसरे से भाई बहन की तरफ प्रेम एवं स्नेह देते हुए पठन-पाठन करने का उन्होंने सलाह दिया। मौके पर निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि अनुशासन ही देश को महान बनाता है इसके विद्यार्थियों को अनुशासित ढंग से समस्त कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन के बिना जीवन बेकार है अनुशासन में विद्यार्थियों की सबसे बड़ा

हथियार है। बता दें कि प्रत्येक नए वर्ष में बाल संसद का गठन किया जाता है ताकि वर्गों का संचालन व्यवस्था के तहत किया जा सके जिसमें कमांडर, हेड मॉनिटर, एक मॉनिटर एवं प्रत्येक वर्गों के वर्ग नायक सहित सफाई तथा खेल मंत्री का चयन किया जाता है। नए सत्र में आशीष कुमार यादव को कमांडर, नीलू कुमारी को कमांडरेस, उदय कुमार यादव हेड मॉनिटर ,पवन कुमार यादव खेल मंत्री, पवन कुमार राणा सफाई मंत्री सहित अन्य लोगों को अलग-अलग पद दिया गया है। विद्यालय के वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को शपथ ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के वरीय शिक्षक प्रभु यादव, प्रकाश यादव, सिकंदर यादव, श्याम सुंदर यादव ,महेश यादव , पिंटू कुमार पांडेय, सुजीत राज,रन्टु पांडेय, रंजीत सिंह, मनीष कुमार सिन्हा ,सतीश कुमार ,विकास पाठक, प्रियंका यादव ,गायत्री यादव, सहित सभी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

जी. एस. पब्लिक स्कूल में बच्चों को फायर ऑफिसर ने आग पर काबू करने का दिया प्रशिक्षण

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

डोमचांच स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में सोमवार को दमकल विभाग ऑफिसर बिमल चंद्र मांजी तथा उनके सहयोगी हेमंत कांडुल्ना के द्वारा विद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्रों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार तथा उप निदेशक नीरज कुमार के द्वारा मोमेंटो तथा पुष्प गुच्छ भेंट सम्मान स्वरूप दिये गये। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा डेमो के माध्यम से आग फैलने व उसे रोकने के उपाय बताए गए। फायर बिग्रेड का यह कार्यक्रम अग्नि सेवा सप्ताह के तहत किया गया। जिसमे

सबों को आग पर काबू पाने और अग्नि सुरक्षा उपकरणों के संचालन के बारे में जानकारी दी गयी। जिला अग्नि समन प्रभारी ने छात्रों को हर तरह से होने वाले आग पर काबू करने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि अचानक आग लगने से घबराना नही है विवेक का इस्तेमाल करके हुए सही तरीके से हम आग पर काबू पाना चाहे तो यह मुश्किल कार्य नही है। वहीं विद्यालय के छात्रों के द्वारा विभिन्न तरह के पोस्टर बनाए गए तथा बच्चों के बीच में आग पर कैसे काबू पाएं उसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

अम्बेडकर जयंती पर शिक्षित बनो संगठित हो और संघर्ष करो का आह्वान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा - बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर कोडरमा प्रखंड अंतर्गत लरियाडीह में अम्बेडकर क्लब के बैनर तले धूमधाम से मनाया गया। अध्यक्षता संजय दास ने किया जबकि संचालन राहुल कुमार दास एवं रोहित दास ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम गांव की महिलाओं द्वारा बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। जिसके बाद उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया, तत्पश्चात कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद बच्चों के द्वारा बर्थ-डे केक काटा गया। जहां भीमराव अंबेडकर जिन्दाबाद, संविधान निर्माता बाबा साहेब अमर रहे, जय भीम के नारे की आसमान गुंज उठा, इस अवसर पर उपस्थित लोगों को दलित शोषण मुक्ति मंच के अध्यक्ष दिनेश रविदास, सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश, सीपीआई के जिलामंत्री प्रकाश रजक, जयनगर बाल विकास परियोजना कर्मचारी बाबुलाल पासवान, डालेश्वर राम, चिकित्सक दिनेश रविदास, राजेश रजक, कृष्णा चौधरी, मनीष कुमार, भीम आर्मी के विकास कुमार आदि ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने अम्बेडकर के लिखे नारे शिक्षित बनो, संगठित हों, संघर्ष करो के रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मनोज दास, टिंकु दास, प्रमोद कुमार, संदीप दास, विकास कुमार, रिंकू दास, राजेश दास, रितेश कुमार, भोला दास, ऋतिक दास, रामदेव दास, अजीत कुमार, सुरज कुमार, छोटी दास, पंकज दास, मोहन दास, सुंदर दास, शिवशक्ति दास, विपिन कुमार, सुजीत दास, दशरथ दास, बिनोद दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद थे।

ग्रिजली विद्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा - श्रद्धा और उत्सव के माहौल के बीच, तिलैया डैम स्तिथ ग्रिजली विद्यालय में भारत रत्न तथा भारतीय संविधान के वास्तुकार डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई गयी। विद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुवात डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता, उप प्राचार्या अंजना कुमारी एवं शिक्षकों के द्वारा माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर की गयी। छात्र अतिशय जैन ने हिंदी भाषण एवं छात्र अनुराग आर्यन ने अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया। वहीं छात्र त्रीजल राज एवं कुशाग्र कुबेर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जीवनी सबके सामने प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा की यह उत्सव डॉ. अंबेडकर की स्थायी विरासत की याद दिलाता है, जो पीढ़ियों को एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी समाज के लिए

प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है, जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा, अवसर और सम्मान मिलता है। वहीं विद्यालय की उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने छात्रों को अपनी शैक्षणिक गतिविधियों और व्यक्तिगत जीवन में डॉ. अंबेडकर के दृढ़ता, ज्ञान और करुणा के मूल्यों का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सामाजिक असमानताओं को मिटाने और वंचित रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक कृष्णा कुमार के द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी गयी एवं उपस्तिथ सभी के द्वारा दोहराई गयी। कार्यक्रम में मंच संचालन छात्रा आरुषि सिन्हा एवं आद्या यादव ने किया। इस अवसर पर सीसीए संयोजक पंकज उपाध्याय, शिक्षक रतन पांडेय, नीलिमा श्रीवास्तव, अर्जुन मंडल, पूजा कुमारी एवं अन्य उपस्तिथ थे।

विद्यालय में डॉ अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर सीबीएसई संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती रविवार को मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य, निदेशक तथा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के द्वारा भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब अमर रहे, भारत का संविधान जिन्दाबाद, संविधान व लोकतंत्र पर हमला बंद करो, धर्मनिरपेक्ष भारत की रक्षा करो आदि गगनभेदी नारे लगाए गए। मौके पर विद्यालय प्राचार्य प्रो दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि समाज में समरसता के लिए धर्मनिरपेक्ष समाज की रक्षा करना डॉ0 अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बाबा साहेब के मूल सिद्धांत शिक्षित बनो, संगठित हो, संघर्ष करो के रास्ते पर चलने का आह्वान किया।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहेब के द्वारा बताए गए मार्गों पर चलकर हमें अपने जीवन को सफलता की ओर अग्रसर करना चाहिए। शिक्षा के बल पर इन्होंने अपने

आपको गौरवान्वित किया ।इसलिए हम सभी को शिक्षित होकर समाज को निर्देशित करना चाहिए। मुझे पर विद्यालय के वरीय शिक्षक लक्ष्मण यादव विनोद यादव, महेश्वर पांडेय, पिंटू कुमार पांडेय, श्याम सुंदर यादव, मनीष कुमार सिन्हा ,सतीश कुमार ,महेश यादव, प्रकाश यादव, महेश यादव,विनोद शर्मा, विक्रम पांडेय, कपिल देव गुप्ता, रंजीत सिंह, संजय यादव, सुजीत राज, रविंद्र कुमार, गायत्री यादव, प्रियंका यादव,अन्नु कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

संविधान निर्माता देशरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बरसोतियाबर में हुआ भव्य आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा - संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती पर जिले भर में देर रात तक सैकड़ों जगह संविधान बचाने की शपथ लेते हुए बनाया गया। अम्बेडकर समारोह समिति के बैनर तले कोडरमा के बरसोतियाबर में धुमधाम से भव्य रूप में जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुरू किया गया. जहाँ संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अंबेडकर अमर रहे, भारत का संविधान जिन्दाबाद, संविधान बचाओ देश बचाओ, जय भीम आदि नारे जोरदार रूप में लगाए जा रहे थे। अतिथियों का स्वागत नीला गमछा पहनाकर किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता समारोह समिति के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद सिकन्दर कुमार दास ने किया जबकि संचालन राजकुमार दास ने किया। समारोह को मुख्य रूप से सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, प्रेम प्रकाश,

रमेश प्रजापति, दलित शोषण मुक्ति मंच के अध्यक्ष दिनेश रविदास, सामाजिक कार्यकर्ता अरमान खान, पूर्व एलडीएम कालीचरण दास, पूर्व इंजीनियर जगदीश राम, प्रकाश अम्बेडकर, एक्टू नेता विजय पासवान ने मुख्य रूप से सम्बोधित किया। मुख्य वक्ता सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर ने जो सपना देखा था, वह अधुरा है और उसे कमजोर किया जा रहा है आज भारत को शोषण मुक्त, समतामूलक बनाने के लिए आर्थिक शोषण के साथ साथ जातिगत भेदभाव और शोषण से मुक्ति अत्यंत जरूरी है। साथ ही महिलाओं के साथ भेदभाव, धर्म के नाम पर अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत और कमरतोड़ महंगाई व बेरोजगारी के

खिलाफ बोलना जरूरी है, धर्मनिरपेक्ष संविधान और लोकतंत्र पर हमले तेज हो रही हैं और कॉरपोरेट हितैषी, सांप्रदायिक राजनीति व विचारधारा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इसलिए इन हमलों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाना देश की जरूरत है। क्रोनी कैप्टलिज्म एवं जाति धर्म के नाम पर विभाजन की राजनीति ने हमारी आजादी को खतरे में डाल दिया है, संविधान और लोकतंत्र को कमजोर किया है। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आए कलाकारों ने अम्बेडकर के विचारों से संबन्धित गीत हिन्दी, नागपुरी और भोजपुरी भाषा में गाकर लोगों का मनोरंजन करते रहे। कार्यक्रम में अर्जुन पासवान, समारोह समिति सचिव सुनील कुमार दास, कोषाध्यक्ष शम्भु कुमार दास, उपाध्यक्ष मुकेश पासवान, बिरेन्द्र पासवान, कृष्णा पासवान, दीपक दास, शंकर दास, पप्पू दास, गुड्डू पासवान, कुलदीप दास, राजवीर दास, सोनू दास, माको दास, अजय दास, उमेश दास, पिंकु दास, बब्लू दास सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष शामिल थे।

कूड़ा-करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल

मनीष कुमार चौधरी

सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है।समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है। जैसे-जैसे कोई शिकार की परतों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है, उच्च और उच्चतर सांद्रता में एकत्रित होता जाता है। व्हेल और पक्षी जैसे जानवर बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक का उपभोग कर रहे हैं, जिससे कुपोषण हो रहा है और उन जीवों के कई अंगों को नुकसान हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा उजागर किए गए एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण 2050 तक चौगुना हो सकता है,

उन्नीसवीं सदी की शुरूआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे-जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया।पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षो में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों-हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोड ?ा शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिलइ कहा है।हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से

उपजे रेडियोधर्मी कार्बन-14 की खोज की।अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों-हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ।यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है।समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। खेल बैग, पुतले, समुद्र तट की गेंदें और बच्चों की बोतलें कई हजारों मीटर की गहराई तक समुद्र तल पर फैली हुई हैं। कुछ क्षेत्रों में ऐसी वस्तुओं की संख्या 300 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है। जब खोजकर्ता विक्टर वेस्कोवो 2019 में मारियाना ट्रेंच के निचले भाग पर पहुंचे, तो उन्हें न केवल एम्फिपोड्स की पहले से अज्ञात प्रजातियों का सामना करना पड़ा, बल्कि उन्हें प्लास्टिक बैग और मीठे रैपर भी मिले। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है।समुद्र की ऊपरी परतों में माइक्रोप्लास्टिक ने खाद्य श्रृंखला पर आक्रमण किया है। जैसे-जैसे कोई शिकार की परतों के माध्यम से ऊपर की ओर बढ़ता है, उच्च और उच्चतर सांद्रता में एकत्रित होता जाता है। व्हेल और पक्षी जैसे जानवर बड़ी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक का उपभोग कर रहे हैं, जिससे कुपोषण हो रहा है और उन जीवों के कई अंगों को नुकसान हो रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा उजागर किए गए एक अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण 2050 तक चौगुना हो सकता है, जबकि माइक्रोप्लास्टिक्स संभावित रूप से 2100 तक पचास गुना बढ़ सकता है। यह समुद्री जैव विविधता के लिए खतरा तो है ही, कुछ प्रजातियों को विलुप्त होने के कगार पर पहुंचा सकता है।

संपादकीय

सख्त निर्णय जरूरी

भारत सीमापार से होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य का जवाब देने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्री शुक्रवार को 'यह भारत क्यों मायने रखता है: युवाओं के लिए अवसर और वैश्विक परिदृश्य में भागीदारी' विषय पर बोल रहे थे। 2008 में हुए मुंबई हमलों का जवाब देने को लेकर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन यानी संप्रग सरकार पर निशाना साधने हुए उन्होंने कहा कि काफी चर्चा के बावजूद कोई सार्थक परिणाम नहीं निकला। उन्होंने माना पाकिस्तान पर हमला करने की कीमत उस पर हमला न करने से अधिक होगी। 2014 में आतंकवाद की शुरूआत नहीं हुई, यह मुंबई हमले के साथ नहीं हुई, बल्कि यह 1947 में हो चुकी थी। उन्होंने कश्मीर हमले को आतंकवादी कृत्य माना। शिवशंकर ने कहा कि वे गांव और शहर जला रहे थे, लोगों की नृशंस हत्या कर रहे थे। 2014 के बाद भारत की विदेश नीति में आए बदलावों को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस देश से संबंध बनाए रखना मुश्किल है, वह है पाकिस्तान है। पाकिस्तान समेत अन्य देशों में मारे गए आतंकवादियों के पीछे भारत का हाथ होने वाली ब्रिटिश अखबार 'गार्जियन' में छपी खबरों का भी उन्होंने तीव्र प्रतिकार करते हुए इन

खबरों का तीव्र खंडन किया। ऐसा पहली बार नहीं है, जब विदेश मंत्री जयशंकर ने अपनी बात सख्ती से दोटूक अंदाज में रखी। विश्व पटल पर भारत की छवि मोदी सरकार ने लगातार बदली है। यह कहना कि आतंकवादी किसी नियम से नहीं चलते, उन्हें जवाब भी वैसे ही मुंहतोड़ तरीके दिया जाना चाहिए। राष्ट्रीय हितों का पालन करते हुए भारत दुनिया के तमाम देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने तथा मानवाधिकारों का सम्मान और बहुपक्षवाद पर केंद्रित रहता है। आज भारत के लिए हालात इतने साजगार हो चुके हैं कि तमाम चुनौतियों के बावजूद वैश्विक अगुवा बने रहने और दुनिया को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपनी स्पष्ट राय रखने में भारत हिचकता नहीं। निःसंदेह हम उभरती हुई अर्थव्यवस्था हैं, इसलिए विदेशी निवेश, संयुक्त उद्यम और निर्यात के क्षेत्र में भारत की अर्थव्यवस्था प्रदर्शन बेहतर नजर आ रहा है। ऐसे में सीमापार से होने वाले आतंकवादी उपद्रव को लेकर यदि कड़ाई नहीं बरती जाती है तो न केवल भारत की छवि धूमिल होती है, बल्कि आतंकवाद के प्रति सटीक और तत्काल निर्णय न लेने के कारण देश की अखंडता और शांति भी खंडित होती है जिसे बनाए रखना सरकार की महती जिम्मेदारी है।

सूक्ति

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
- रामायण

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
- स्वामी ज्ञानानंद

चिंतन-मनन

संयम से जीवन की उन्नति

कार्तिय माहात्म्य प्रवचनों में पं. रामनिवास ब्रजवासी जी ने कहा शरद ऋतु में की जाने वाली उपासनाओं से जहाँ चंद्र किरणों से प्राप्त होने वाले अमृत तत्व से देह का सिंचन होता है, वहीं सूर्य की रश्मियों की प्रचुर ऊर्जा से उस अमृत तत्व की शरीर में स्थिरता होती है इसीलिए कार्तिक मास में प्रात? पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान विष्णु शालीग्राम स्वरूप की पूजा की जाती है।

इन दिनों ब्रजवासी जी कार्तिक माहात्म्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को उपदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा भगवान विष्णु के सहस्त्रनाम का पाठ करने से मनुष्य के जीवन में संयम एवं धर्म में चलने की प्रेरणा मिलती है। जीवन को उन्नत बनाने में संयम का बहुत महत्व है। संयमी व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य को नहीं छोड़ता।

शालिग्राम पूजन में पंचामृत का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा गाय का दूध, दही, घी व शहद और शक्कर से शालिग्राम भगवान का अभिषेक करना चाहिए। वस्तुतः इन पांचों का मंत्रोच्चारण के साथ मिल जाना ही पाँच प्रकार के अमृतों का मिलना है।

इसमें तुलसीदल डाल देने के बाद यह चरणामृत बन जाता है जिसका प्रसाद में ग्रहण कर लेने पर सभी प्रकार की आधियाँ-व्याधियाँ अर्थात मानसिक रोग तथा शारीरिक रोग दूर हो जाते हैं। हमारी उपासना विधियाँ जहाँ मनुष्य को धार्मिक बनाती है वही शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ भी बनाती है।

देश की रक्षा हेतु आवश्यक है परमाणु अस्त्र

संजय गोस्वामी

देश की सुरक्षा सबसे पहले है क्योकि आज किसी देश पर हमला होता है जो किसी देश के भाग पर गलत तरीके से कब्जा हो जाता है। क्योंकि यदि उसके पास परमाणु अस्त्र नहीं है तो दूसरा देश हमेशा कब्जा करेगा। क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार है परमाणु अस्त्र के नष्ट करने के बारे में किसी भी नेताओं को सोचना नहीं चाहिए क्योंकि ऐ देश की एकता और ताकत देता है जैसे अगर आप किसी राह पर चल रहें हों और रात का समय हों तो आप अपनी रक्षा हेतु लाठी डंडा रखरखाव और अपने बचने के लिए करते है डंडा से सभी को पीटना मेटा उद्देश्य नहीं है लेकिन अगर मेंरी माँ बहने को छेरे तो पीटना आवश्यक है इसी तरह परमाणु हथियार है जो यदि कोई हमला करे तो डराया जा सके आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 79 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया. दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए. डेढ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंग हो गए और आज भी जो बच्चे जन्म लेते हैं वे अपंगता के शिकार होते हैं क्योंकि रेडिएशन का खतरा 100वर्षों ?ा इससे भी अधिक रहता है लेकिन सभी देशों में एक सहमति नहीं बनी की सभी नस्ट करें ऐसे में हमारा परोसी देश आतंकवादी हमला और परमाणु बम छोड़ने की बात करता है। कहता है इधर चीन है तो दूसरा पाकिस्तान दोनों के पास भरपूर एटम बम है अतः भारत को भी अपनी संप्रभुता और अखंडता के लिए जरुरी है। जब भारत में अटलजी जैसा प्रधानमंत्री हुआ तो 11 मई 1998 को उन्होंने इतिहासिक फैसला लिया परमाणु परीक्षण को मंजूरी देने के लिए भारत की अमेरिका का आर्थिक प्रतिबन्ध भी और दिया लेकिन पहले है। कागजी को थे जमीन सुरक्षा अमल की बहुत कठिन होता होड़ में सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गए हैं।अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा उधर चीन और ताईवान मेँ भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं चीन और अमेरिका के इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है आज सारे देश में हथियार खरीदने की होड़ लगी है नित्य नये-नये घातक अस्त्रा-शस्त्रों का निर्माण हो रहा है ईरान अब इजराइल में युद्ध की आहट सुनाई दें रही है क्योंकि दोनों राष्ट्र में परमाणु अस्त्र है ऐसे में परमाणु अस्त्र को नष्ट करने की सोचना भी नहीं चाहिए ऐ हमारी रक्षा हेतु अति आवश्यक है हैं।रूस और यूक्रेन के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है और लोगों का जीवन अस्त व्यस्थ हो गया है इस जंग में यूक्रेन व रूसी सैनिकों की भी मौत हो रही है एक देश दुसरे देश के शक्ति प्रदर्शन के चक्कर में अपने देश का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था तबाह हो रही है व विश्व शांति पर खतरा मंडराने लगा है 2 साल व 3महीने से चल रहे इस युद्ध में केवल तबाही मची है व बेगुनाह लोगों की मौत हो रही है अब ऐसा लग रहा है कि यह युद्ध में कहीं परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल न हो जाए लेकिन ऐसा किस उद्देश्य के लिए हो रहा होगा ऐ सीमा विवाद के कारण है चीन और ताईवान में भी युद्ध के बादल मंडरा रहें हैं जैसा चीन और अमेरिका के इस पर चिंतन करने की आवश्कता है हमारा भारत पर कोई आँख दिखाने की कोशिश तभी नहीं करेगा जब उसे मालूम होगा कि हमें भी अपनी सुरक्षा करने की आवश्यकता है उक्रेन के पास परमाणु हथियार जब तक थे उससे पंगा मोल लेने के लिए कोई सोचा भी होगा तो कर नहीं सका होगा लेकिन यूएस के कहने पर जैसे ही परमाणु अस्त्र नष्ट किया बाद मे हमला हो रहा है और हथियार के लिए दूसरे देश पर निर्भर होना पर रहा है नुकसान दोनों को हों रहा है भारत ने किसी का समर्थन ना कर उचित कदम उठाया है ऐसा इसलिए की हमारे वैज्ञानिक ने इतिहास रचा परमाणु इसके स्व स्व कलाम साहब ने अतुलनीय योगदान किया और देश की ताकत बेतहाशा बढ़ि सभी देशों मे डंका बजा और राष्ट्र एकजुट हुआ था उस वक्त उसी का देखा देखी कर पाकिस्तान ने बड़ी भारी कर्ज लेकर मामूली सा परमाणु परीक्षण किया तो बाद मे कर्ज का भार बढ़ते बढ़ते आज खाने के लाले पड़ रहें हैं अतः इसपर राजनीती करना बिलकुल सही नहीं है यदि किसी विपक्ष ने मैंनोफेस्टो मे डाला है तो ये बिलकुल देश हित मे नहीं है जैसा की प्रधानमंत्री जी के किसी भाषण में जिक्र किया है ऐ सही थे अतः हमें इसमें बिलकुल राजनीति करना उचित नहीं है नहीं तो फिर परोसी दो देश केवल आंखे दिखा रहा है वो हमला भी कर सकता है आप जरा सोचिये बैंक की सुरक्षा हेतु गार्ड मशीनगन लेकर खड़ा रहता है लेकिन कभी किसी पर गोली नहीं चलाता है लेकिन यदि किसी ने लूटने की कोशिश की तो सुरक्षा हेतु चलाना होता है.भगवान राम ने आखिर रावण से युद्ध क्यों किया अपने लिए नहीं माँ सीता की रक्षा हेतु अतः जब युद्ध होता है तो सबसे बड़ा नारी सुरक्षीत नहीं रहती है इसलिए गुरुगोविंद सिंहजी ने नारी की रक्षा हेतु शांति के साथ साथ तलवार भी देश की रक्षा के लिए उठाई जो पूज्यनीय है देश सर्वोपरि है और नारी सहित सभी की सुरक्षा हेतु परमाणु अस्त्र भी उतना ही जरूरी है मानवता की भलाई हेतु परमाणु अस्त्रों पर अंकुश लगाना जरुरी है लेकिन जब सभी राष्ट्र सही में नष्ट करें तभी नहीं तो परमाणु अस्त्र बहुत जरुरी है जिसे वैज्ञानिकों ने अपने पसीने से सींचा है नव भारत की रक्षा हेतु इस बात की आवश्यकता है कि उचित निदान द्वारा विश्वजनित मतभेदों को भुलाकर अशांति का माहौल खत्म किया जाए। अतः परमाणु निःशस्त्रीकरण कोई सही कदम नहीं है नहीं तो दूसरा देश मौके का फायदा उठा लेगा और युद्ध में कोई किसी की सुरक्षा की गारंटी नहीं लें सकता है.अतः देशहित में शांति और क्रांति दोनों जरुरी है.निःशस्त्रीकरणह्न का शाब्दिक अर्थ है-घातक हथियारों पर नियंत्रण रखना और शस्त्रों की बढ़ती संख्या को रोकना ना की नष्ट करना अपनी रक्षा हेतु परमाणु अस्त्र अति आवश्यक है।

उत्तर प्रदेश : फिर से कसौटी पर

डॉ. सी.पी. राय

देश में राजनीतिक और लोकतांत्रिक सत्ता का उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा भागीदार प्रदेश है, जहां की 80 सीट देश का भाग्य तय करती हैं। कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है। आज तक देश के जितने भी प्रधानमंत्री हुए हैं, उनमें से आधे उत्तर प्रदेश से रहे। पिछले दो चुनावों में उत्तर प्रदेश ने भाजपा के लिए आधार का काम किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार दो बार से बनारस से सांसद हैं।

इस बार उत्तर प्रदेश बहुत खामोश है। यह खामोशी सभी दलों को बेचैन किए हुए है। राजनीतिक पंडितों का मानना है की अगर मतदाता का रु झान सत्ता की तरफ होता है तो वो चुनाव शुरू होने के साथ ही दिखाई देने लगता है। ज्यों-ज्यों चुनाव उठान लेता है, सत्ता समर्थक मतदाता ज्यादा मुखर होता जाता है। इस बार वो या तो खामोश है, या अलग-अलग खांचे में सत्ता से जुड़े प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी जता रहा है। भाजपा ने अपने काफी सांसदों को फिर से टिकट दिया है। इनमें से अधिकांश जीतने के बाद लौट कर अपने क्षेत्र में गए ही नहीं या जिस केंद्रीकृत तरीके से भाजपा की सत्ता चल रही है, और उसमें केंद्र तथा प्रदेश के चंद लोगों को छोड़ कर किसी की भी प्रभावी भूमिका नहीं है। यहां तक कि मंत्री, सांसद और विधायक का अधिकारी या दरोगा फोन तक उठाने की जहमत नहीं करते। जनप्रतिनिधि जनता या कार्यकर्ता की आवश्यक मदद करने में असफल रहे हैं, और इसलिए भी लोगों से कटे रहे। इसलिए उनका क्षेत्र में जबरदस्त विरोध है। एक दूसरा विरोध, जो बड़े पैमाने

पर हाल में दिखा, सहारनपुर में हुआ जब क्षत्रिय समाज ने विशाल सम्मेलन किया जिसमें भाजपा का विरोध करने का फैसला किया गया। कुछ राजनीतिक पंडित मानते हैं कि अज्ञात कारणों से एक हवा चल गई है कि यदि केंद्र में दुबारा मोदी सरकार आ गई तो उसमें न तो राजनाथ सिंह के लिए स्थान होगा और न गडकरी के लिए और उससे भी ज्यादा चर्चा व्यापक है कि उस स्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मोदी और अमित शाह तुरंत हटा देंगे क्योंकि योगी इन लोगों के सामने मजबूत विकल्प के रूप में उठ खड़े हुए हैं। इस अफवाह का असर भी मतदाता के एक बड़े वर्ग को प्रभावित करता दिख रहा है।

इस बार के चुनाव को अचानक उठ खड़े हुए इलेक्टोरल बॉन्ड के बवंडर ने भी ग्रहण लगा दिया है। इसके उजागर होने के बाद पीएमकेयर फंड को लेकर शंका के बादल घुमड़ने लगे हैं। देखा गया है कि जब भी कोई सत्ता नौकरशाही और व्यवस्था को सारी ताकत सौंप कर खुद को सुरक्षित समझने लगती है, दरअसल तभी वो ज्यादा असुरक्षित हो जाती है क्योंकि राजनीति नेता या कार्यकर्ता, कैसा भी हो, को जनता का लिहाज करना ही होता है। दरवाजे पर आए व्यक्ति के लिए निकलना ही होता है। नौकरशाही के साथ ऐसी कोई मजबूरी नहीं है। जनता के साथ उनके व्यवहार का खमियाजा सरकार को भुगतना पड़ता है। यही स्थिति इस बार नासूर जैसी दिख रही है।

उत्तर प्रदेश में कैराना से इकरा हसन, सहारनपुर से इमरान मसूद, आजमगढ़ से धम्रेंद्र यादव, बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र, मैनपुरी से डिंपल यादव, बांदा से शिवशंकर पटेल, बिजनौर से यशवीर सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिकी, फतेहपुर सीकरी से भाजपा विधायक चौधरी बाबू लाल के पुत्र रामेर सिंह, अलीगढ़ से बृजेंद्र सिंह, लालगंज से दरोगा सरोज, मछली शहर से तूफानी सरोज, फरूखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फिरोजाबाद से अक्षय यादव, बरेली से प्रवीण सिंह ऐरन, मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, रामपुर से विपक्षी प्रत्याशी, अमरोहा से दानिश अली, कानपुर से आलोक मिश्र, उन्नाव से अनु टंडन, गाजीपुर से अफजाल अंसारी, अंबेडकर नगर से लालजी वर्मा, गोंडा से श्रेया वर्मा, घोसी से राजीव राय, बासगांव से सफल प्रसाद, बस्ती से राम प्रसाद चौधरी, संभल से जियाउर्रहमान वर्क सहित मुलायम सिंह यादव के परिवार वाली अन्य सीट तथा अमेठी और रायबरेली सहित करीब 45 सीटें ऐसी हैं, जो सत्ताधारियों के लिए कठिन डगर साबित हो रही हैं, और ये विपक्षी उम्मीदवार चुनौती देते दिख रहे हैं, तो भाजपा के नाराज लोग भितरघात करते भी दिखलाई पड़ रहे हैं। गौर करने की बात है कि जहां 2014 में भाजपा 71 सीट जीती थी, वहीं 2019 में पुलवामा और बालाकोट की लहर के बावजूद उत्तर प्रदेश में उसकी सीट घट कर 62 हो गई थीं, इस बार तो कोई लहर भी नहीं है। इस कारण लगता है कि मतदाता ने खामोशी बरतते हुए मतदान के दिन ही फैसला सुनाने का निश्चय कर लिया है।

राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियां और समीक्षकों की समीक्षा तथा एग्जिट पोल वालों को अक्सर मतदाता झुठलाता दिखता रहा है। बहरहाल, हमें 4 जून का इंतजार करना होगा और उसका इंतजार भविष्य को भी है, और भारत में रुचि रखने वाली दुनिया में भी सभी को।

उपायुक्त ने किया रायडीह प्रखंड स्थित मतदान केंद्र संख्या 243 एवं 244 का निरीक्षण

रायडीह (गुमला) = जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत आगामी 13 मई को गुमला जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर रायडीह प्रखंड स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के सिलम में स्थित मतदान केंद्र संख्या 243 एवं 244 (राजकियाकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिलम - पू. एवं द.) मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया गया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने की पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा मतदान दिवस के दिन मेडिकल किट की व्यवस्था, बूथ में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए हेल्फ़ डेस्क की व्यवस्था, आवश्यक साइनेज लगाने, वोलेंटियर्स की व्यवस्था, मतदाता का व्यवस्थित कतार आदि का निर्देश दिया गया। इधर उपायुक्त के निर्देश पर जिले के पदाधिकारी भी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहें हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जिले के सभी वरीय अधिकारियों द्वारा भी लगातार विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ने सिसई के छारदा पंचायत अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 36, 37, 38,39,40 का निरीक्षण किया गया। उक्त सभी मतदान केंद्र में मतदान प्रतिशत 55 प्रतिशत से कम है। मतदान के प्रतिशत में कमी आने के कारणों को अवलोकन करने के साथ साथ उन्होंने मतदान केंद्र अंतर्गत मतदाता सूची का मिलान किया। साथ ही सभी मतदान केंद्र अंतर्गत एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी का भी अवलोकन किया। साथ ही वहां के मतदाताओं से मुलकात कर जिले में 13 मई को होने वाले मतदान दिवस के दिन सभी को वोट देने के प्रति प्रेरित भी किए।

घर में आग लगने से घर में रखा सामान जलकर हुआ राख

किस्को/लोहरदगा। जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत कसियाडीह गांव में सोमवार सुबह में करीब 11ः00 बजे कांग्रेस कमेटी के खरकी पंचायत अध्यक्ष तबरेज अंसारी का घर में बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिसमें घर में रखा सामान बर्बाद हो गया। आग लगी कि इस घटना में तीन लाख से अधिक का नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना को लेकर पंचायत अध्यक्ष तबरेज़ अंसारी ने बताया कि बिजली मीटर में शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग चारों ओर फैल गई। जिससे घर के तीन कमरों में आग पहुंच गई और इस घटना में रखा सामान काफी नुकसान पहुंची है। जिसमें कपड़ा, सोफा, पलंग, डाइनिंग टेबल, एलइडी टीवी कपड़ा सहित अन्य तरह की सामग्री जल कर राख हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण जुटे और आग पर पानी डालकर बुझाया गया।

जिले में स्वीप गतिविधि के तहत मतदाता जागरूकता रथ को किया गया रवाना

गुमला। लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत लगातार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता वाहन को रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो , नोडल अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बराई, पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन को रवाना किया। प्रचार वाहन के माध्यम से गुमला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग द्वारा तैयार किए गए विभिन्न गीतों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने बताया कि जिले में शत प्रतिशत वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। आगमी 13 मई को गुमला जिले में मतदान दिवस है। उन्होंने जिले के मतदाताओं से अपील की कि इस लोकसभा चुनाव के महापर्व में सभी अपने मताधिकार का उपयोग करें।

नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर उर्फ कल्लन के आवास खड़ियापाड़ा में ईद मिलन समारोह का आयोजन

गुमला = नगर परिषद उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता कलीम अख्तर के आवास पर गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। इस मौके पर शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व अन्य समाज से जुड़े लोग आमंत्रित थे। इन अतिथियों को नगर परिषद के उपाध्यक्ष ने अपने आवास पर जोरदार स्वागत किया। सभी लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद का बधाई दिया तथा मीठे सेवई लुत्फ उठाया। इस मौके पर गुमला बार एसोसिएशन के सचिव ओम प्रकाश उर्फ बाबूलाल श्रीवास्तव, चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा, सचिव बबलू वर्मा, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मुशाहिद आजमी उर्फ पम्मू, सचिव मकसूद आलम, अधिवक्ता मदन साहू , अधिवक्ता राजेंद्र नाग उर्फ पिंटू, अधिवक्ता हफिंदर साहू, अधिवक्ता अखौरी मिथिलेश उर्फ मंटू, गुमला कोर्ट के चंद्रशेखर, राजेश गुप्ता, हाजी सुल्तान अंसारी , झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मो. लड्डन ,आरिफ अंसारी , कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अकील रहमान ,रामनिवास प्रसाद, शाहजहां अंसारी ,भाजपा के वरिष्ठ नेता शमीम खान , 20 सूत्री जिला सदस्य खुर्शीद आलम उर्फ पप्पू, मो. अफसर आलम , अधिवक्ता मो. आदिल हुसैन, काकू खान, मो. मेराज इदरिसी,अधिवक्ता मो. मुमताज, आफताब आलम उर्फ नेपाली , मिस्टर भाई , इरफान अली, नसीम खान मास्टर सरवर आलम, मो. कौसर टेंट हाउस, सरफराज कुरैशी, सैयद जुन्नु रेन, आजाद खान, नसीम खलीफा, मो. तौफीक, मो. पन्नू , मो. ग्यास, शकील खान, अबरार अंसारी, मो. जमाल कव्वाल, जबीउल्लाह कव्वाल, फिरोज आलम आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

उद्यचालगामी भुवन भास्कर को अर्घ अर्पण के साथ चैती छठ व्रत सम्पन्न

सेन्हा-लोहरदगा। आस्था का पर्व चैती छठ व्रत हर्षोउल्लाष के साथ प्रखंड क्षेत्र में सम्पन्न। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बांकी नदी में छठव्रतियों ने उद्यचलगामी भगवान भुवन भास्कर को अर्घ अर्पण के साथ ही चार दिवसीय चैती छठ महापर्व सम्पन्न हुआ। लोक आस्था का माह पर्व चैती छठ के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी,तलाब छठ घाटों में उद्यचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया गया। लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर हर्षोल्लाष के साथ भक्तों द्वारा भगवान सूर्य का पूजा अर्चना कर अर्घ अर्पण किया गया। इसी के साथ ही चार दिनी चैती छठ महापर्व सम्पन्न हुआ। छठ घाट में भक्तो द्वारा पूजा अर्चना के बाद आरती लिया गया। और प्रखंड क्षेत्र में सुख समृद्धि, चैन खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना कर कामना किया गया। पंडित चंद्रमोहन पाठक ने बताया कि सूर्य पुराण के अनुसार चैती छठ महापर्व का विशेष महत्व है और भक्त एवं छठव्रती की मनोकामना पुरा भगवान सूर्य एवं छठी मैया का श्रद्धा भाव से आराधना करने पर क्लेश दूर होता है और परिवार के बीच सुख समृद्धि बना रहता है।

उदीयमान सुर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ महापर्व संपन्न

चैनपुर (गुमला) = चैनपुर के सफी नदी घाट पर सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ महापर्व का समापन हो गया। 14 अप्रैल यानी रविवार को छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को अर्घ्य अर्पित किया था। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की छठी तिथि को चैती छठ के नाम से जाना जाता है और उस दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के चौथे दिन सोमवार को व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त हो गया। सुबह से ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली।देशभर में साल में छठ पूजा 2 बार की जाती है। चैत्र माह में मनाए जाने वाली छठ को चैती छठ और कार्तिक माह में मनाई जाने वाली छठ को कार्तिकी छठ के नाम से जाना जाता है।चैती छठ का व्रत महिलाएं संतान के अच्छे स्वास्थ्य और उन्नति के लिए रखतीं हैं।यह त्योहार 4 दिन तक मनाया जाता है तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने का विधान है।इसी के साथ चैती छठ का पर्व समापन होता है। इस दिन विशेष रूप से छठ माता और भगवान सूर्य देव की पूजाकी जाती है। इससे सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। रविवार को अस्ताचलगामी सूर्य को छठव्रती भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। इस दिन मिट्टी के चूल्हे पर या ईंट के चूल्हे पर छठी मैया का प्रसाद तैयार किया जाता है। छठी मइया के प्रसाद में विशेषकर ठेकुआ तैयार किया जाता है। इसके साथ ही मौसमी फल का दउरा तैयार किया जाता है। शाम होने पर छठ व्रती पूरे परिवार के साथ छठ घाट पर पहुंचते हैं और छठी मइया की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते है। ठीक उसी तरह सुबह वाले अर्घ्य में भी इसी नियम के साथ पूजा का विधान है।

सीओ ने अवैध रूप से बालू लोड ट्रैक्टर को जब्त कर किया पुलिस के हवाले

कामडारा (गुमला) = कामडारा के अंचलाधिकारी सुप्रिया एक्का ने स्टेट हाईवे पर दिनदहाड़े अवैध रुप से बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़कर कामडारा पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं अग्रेतर कार्रवाई के लिये जिला खनन पदाधिकारी गुमला को पत्र प्रेषित किया है। जानकारी के मुताबिक कामडारा सीओ सुप्रिया एक्का सोमवार को दिन के करीब 11 बजे बसिया अनुमंडल से कामडारा प्रखंड मुख्यालय आ रही थी। उसी दौरान उसने खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर कामडारा स्थित प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल के समीप दिनदहाड़े खुलेआम एक लाल रंग के ट्रैक्टर को अवैध तरीके से बालू का परिवहन करते हुये देख गाड़ी रोकवाई । इसके बाद चालक से बालू की ढुलाई व परिवहन से संबंधित कागजात की मांग तो वह देने मे असमर्थता व्यक्त किया। इसके बाद कामडारा सीओ ने उक्त ट्रैक्टर को कामडारा पुलिस के हवाले कर दिया । जिसे कामडारा पुलिस ने अपने कब्जे में कर ली है । उक्त ट्रैक्टर प्रखंड क्षेत्र के गांव मोरहाटोली निवासी विनय ओहदार का बताया जा रहा है ।

उदयीमान सूर्य को अर्घ्य के साथ लोकआस्था का महापर्व छठ संपन्न

डुमरी (गुमला)= सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा सोमवार को उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुआ। सोमवार की सुबह डुमरी के बासा नदी छठ घाट पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व के तीसरे दिन यानी कि रविवार को श्रद्धालुओं द्वारा डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। श्रद्धालु आस्था के सैलाब में डूबे नजर आए। यह एक ऐसा पर्व हैं जिसमें उगते सूरज के साथ-साथ अस्त होते सूरज की भी पूजा की जाती है। जिस तरह डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर भक्तों और श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी इसी प्रकार सुबह होते ही भगवान भास्कर की पूजा अर्चना के लिए घाटों पर काफी संख्या में भकत उपास्थित थे ।

झारखंड - छतीसगढ़ की सीमांत पर स्थित उरईकोना गांव में रहने वाले आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को नहीं पता है चुनाव कब होगा

*** बुनियादी सुविधाओं से वंचित इस गांव के लोग दुसरे गांव जाकर कराते हैं मोबाईल चार्ज**

जारी (गुमला) = झारखंड राज्य के अंतिम गांव गुमला जिला के जारी प्रखंड स्थित जरडा पंचायत के उरई कोना गांव घने जंगलों के बीच तलहटी में बसा हुआ है। इस गांव की दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राज्य के बैगा पाठ है। इस गांव के लोगो को लोकसभा चुनाव कब है इसकी जानकारी तक नही है। किसी का कहना है कि चुनाव इसी महीने होगा तो किसी ने कहा अगले माह होगा । इस गांव में जागरूकता की भारी कमी है। इस गांव के ग्रामीणों को लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी का नाम नही जानते है, केवल उन्हें चुनाव चिन्ह के बारे में जानकारी है। गांव के ग्रामीण कलेश्वर कोरवा,राधेश्वर कोरवा,भीरु कोरवा,संझिया कोरवा,भांजु कोरवा,सिफिया कोरवा,मनोरंजन कोरवा,रामप्रसाद कोरवा,करम साय कोरवा का कहना है कि हमारे गांव तक आने के लिए सड़क तक नही है। हमलोग आज भी ढिबरी युग मे जी रहे है। बिजली के नाम पर एक खंभा तक नही लगा है । यहाँ पर तीन टोला है उरई कोना, बंधकोना और गुर्दा कोना । इस गांव लगभग में 63 परिवार सहित 153 वोटर निवास करते है। कई बार अफसरों को इसकी जानकारी दिया गया कि हमारे गांव में कई समस्याएं है। गांव में एक जलमीनार लगा हुआ है। लेकिन इस जलमीनार की मोटर कुंआ में डाला गया है जहाँ का पानी शुद्ध नही है । जिसके कारण आज भी गांव के सारे लोग झरने की पानी पीते है। वही रोजगार के नाम पर इस गांव में कुछ नही है। इस गांव के लोग कुल्हाडी का बेट ,हर - जुवाट बनाकर गांव गांव जाकर बेचते हैं। उसी से परिवार का भरण पोषण होता है। चुनाव आते ही गांव गांव जाकर कई पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी-बड़ी बातें बोलकर चले जाते हैं। चुनाव जीतने के बाद यदि कहीं पर इन लोगों से मुलाकात भी हो जाती है तो वे सीधे मुंह बात नहीं करते हैं। हमारा गांव आजादी के बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। इस बात की फिक्र किसी को नहीं है। हम सभी गांव वाले को सभी कोई बेवकूफ बनाते हैं। प्रशासन की बात की जाए तो कितने बार हम सभी लिखित आवेदन देकर गांव में बिजली सड़क की व्यवस्था की जाए। लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया । बस 24 घंटे प्रशासन हमारे गांव में बीता कर देखें कि यहां मूलभूत सुविधा नही होने के कारण कितनी दिक्कत होती है। स्कूल जाने वाले बच्चे आज भी डिबरी - मोमबत्ती जलाकर पढ़ाई करते हैं। यदि मोबाइल चार्ज करना हो तो भिखमपुर जाकर मोबाइल चार्जिंग के लिए 20 देना पड़ता है। तब जाकर मोबाइल चार्ज होता है।कितनी सरकारें आई और गयी लेकिन हमारा गांव आज भी जस का तस है। कुछ बुजुर्गो ने कहा कि वोट करना हमारा अपना हक है । हम तो वोट करेंगे। पहले जब हरिहर पुर गांव में बूथ था उस समय लगभग 8 किलोमीटर पैदल चलकर जाते थे वोट देने । लेकिन अब 3 किलोमीटर पर ही घोबारी गांव में बूथ बनाया गया है । वे इस बार भी मतदान करने जरूर जाएंगे।

पुरानी रंजिश में हुई महिला की हत्या तीन आरोपी गिरफ्तार

सेन्हा-लोहरदगा। कुंदगड़ी भेसलेटा टांड़ के समीप गन्ने के खेत में घास निकाई के दौरान 50 वर्षीय महिला की हत्या मामला की गुंथी सुलझाते पुलिस ने तीन आरोपी अपराधियो को किया गिरफ्तार। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी भेसलेटा टाड़ स्थित खेत में रविवार को कुंदगड़ी गांव निवासी स्व बिमला मांझी के 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी की गांव के ही तीन अपराधियों ने धारदार हथियार से गला रेत कर बेटी और मजदूरों के सामने हत्या कर दिया था। घटना को लेकर प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर ने हत्या कांड की गुंथी को सुलझाते हुए तीनो अपराधियों को गिरिफ्तार कर पूछ ताझ कर रही है। पुलिस की सक्रिय से 24 घंटा के अंदर तीनो को गांव से गिरिफ्तार किया है। बताया जाता है की मृतक महिला अर्जुन उरांव के खेत में मजदूरी के काम कर रही थीं तभी तीन अपराधी ने पूरानी आपसी रंजिश में हत्या रविवार को कर दिया। इस संदर्भ में प्रशिक्षु एसपी वेदांत शंकर ने कहा की हत्या की तीनो अपराधी स्व सिद्धार्थ उरांव के पुत्र अशोक उरांव, स्व ताजे महतो के पुत्र काशी नाथ महतो एवं रामेशर मांझी के 30 वर्षीय पुत्र विनोद मांझी को गिरिफ्तार किया गया है। गिरिफ्तार तीनो अपराधी को नियम संगत कारवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

ईवीएम के रेंडमाइजेशन का पहला चरण पूरा

गुमला = आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित 13 मई को जिले में होने वाले मतदान से पहले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के रेंडमाइजेशन का पहला चरण विधानसभावार जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की देखरेख में सभी संबंधित अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरा किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान से पूर्व रेंडमाइजेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रक्रिया बिना किसी व्यक्ति के हस्तक्षेप के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित राजनीतिक प्रतिनिधियों को रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बारे में भी बताते हुए आश्वस्त किया कि पूरे क्षेत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने ये भी बताया कि रेंडमाइजेशन के बाद ईवीएम को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में भेज दिया जाएगा एवं वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

सरना धर्म सोतो: समिति का नौवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा

*** धरती आबा बिरसा मुंडा ने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी ः परपोता सुखराम मुंडा**

कामडारा (गुमला) = प्रखंड के अरहरा गांव में सरना धर्म सोतोः समिति का नौवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मधु बारला, लेचा मुंडा व चंदा आइंद की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई और भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न मंडलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सरना भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया । इस समारोह में मुख्य अतिथि धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अतिथि धरती आबा बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा भी शामिल हुए । इस अवसर पर धर्मगुरु बगरय मुंडा ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंगबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है । इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और समाज में सुख, शांति और खुशहाली आती है । उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं । जिससे सबको समान कृपा मिलती है । हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए । सिडबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है ! इस अवसर पर धरती आबा बिरसा मुंडा के परपोता सुखराम मुंडा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने मूल धर्म को संगठित कर जिस समृद्ध समाज की कल्पना की, वह आज भी अधूरी है। वे न केवल धर्म-संस्कृति को बचाने के लिए संघर्ष किया बल्कि जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहें। आज हम उसी धर्म-संस्कृति व जल-जंगल-जमीन के संरक्षण व संवर्धन के लिए ही सरना धर्म कोड की मांग कर रहे हैं । अतः सरना कोड के लिए धरती आबा बिरसा मुंडा से प्रेरणा लेकर संघर्ष करना चाहिए। कार्यक्रम में मथुरा कंडीर, लुथडू मुंडा, सुभासिनी पुर्ती, बिरसा तोपनो, जेम्स मुंडा, सुखराम मुंडा, सरवन गोप, मधु बारला, पुना बारला, लेचा बारला, लदुरा बारला, बुका मुंडा, मनोज केरकेट्टा, एतवा पहान, दिनु पहान, बुधवा पहान, चंदा आइंद, एतवा बारला, बुधवा बारला आदि ने भी अपने - अपने विचार व्यक्त किए! इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, गुमला, कामडारा, तोरपा, तपकारा तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए ।

रामनवमी के दिन स्वागत स्टॉल लगाएगा चेंबर,कमेटी गठित

गुमला = आगामी 17 अप्रैल को रामनवमी उत्सव मनाया जायेगा। इस दिन पुरे भारत वर्ष में श्रीराम चन्द्र जी का जन्म चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में रानी कौशल्या की कोख से, राजा दशरथ के घर में हुआ था। इस दिन सम्पूर्ण भारत में रामनवमी मनायी जाती है। इस मौके पर गुमला चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स, गुमला के द्वारा रामनवमी उत्सव के उपलक्ष्य में मेन रोड स्थित कनक ज्वेलर्स के समीप स्वागत स्टाल लगाया जाएगा। स्टॉल के संचालन के लिए दस सदस्यीय एक कमेटी गठित की गयी है। कमेटी में अभिजीत जायसवाल (रॉकी) को संयोजक, संजीव मालानी को सहसंयोजक के अलावा अजय धान, आदित्य गुप्ता, पंकज खंडेलवाल, प्रतीक अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अमित मंत्री गोलू, मनीष गुप्ता व श्याम गुप्ता को सदस्य बनाया गया है। यह जानकारी चेंबर के मीडिया प्रभारी आनंद कुमार गुप्ता ने दी।

झरपो से सिंचाई के लिए लगा सोलर पैनल की चोरी

टाटीझरिया - टाटीझरिया थाना क्षेत्र के झरपो सियारी टांड में मुकुंद कुमार देव के बारी में सिंचाई के लिए लगा सोलर पैनल की चोरी रविवार रात को हो गया। मुकुंद देव ने बताया कि यह सोलर पीएम कुसुम योजना के द्वारा लगाया गया था जिससे हम किसान सिंचाई का कार्य करता था। रविवार रात लगभग नौ बजे तक सिंचाई करके घर आया और सुबह जाने पर देखा कि सोलर है ही नही। काफी खोजबीन करने के बाद भी नही मिला। चोरी होने की सुचना टाटीझरिया थाना में आवेदन दे कर किया गया जिसमें कुछ लोगों को शक के आधार पर नामजद आरोपी बनाया है।

अमनारी - झरपो मार्ग पर बिजली तार को किया दुरूस्त

टाटीझरिया - रामनवमी पुजा को लेकर बिजली सुचारू रूप से मिले एवं झांकी ले जाने में कोई परेशानी ना हो उसके लिए बिजली विभाग क्षेत्र में सक्रिय होकर काम कर रहा है। झरपो बाजार पर

रामनवमी पुजा के अवसर पर अमनारी, नारायणपुर, झरपो, भराजो, गोधिया, जरगा समेत अन्य जगह से झांकी आती है। झांकी आने वाले रास्ते पर तार झुलता हुआ था जिसको लेकर हजारीबाग नगर भवन में आयोजित शांति समिति की बैठक में सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल एवं विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय ने डीसी और विभाग के लोगों को तार दुरूस्त करने एवं मेला में पेयजल की व्यवस्था कराने का ध्यान आकृष्ट किया था। रविवार देर शाम तक विभाग के महेश प्रसाद,देवगंगा प्रसाद,अरूण कुमार के द्वारा अमनारी जोभिया पर एवं नारायणपुर में तार को दुरूस्त किया।

चलती कार में लगी आग , बाल बाल बचे लोग

मौके पर पहुंची दमकल गाड़ी

हजारीबाग - सोमवार को दोपहर के एक चलती कार में आग लग गई , जिससे कोई हताहत नहीं हुआ , फिलहाल मौके पर ततपरता से लोग बाल बाल बच गए। लोगो की तत्परता वा सुझबुझ से आग में काबू तो पा लिया गया , परंतु तब तक कार पूरी तरह जल कर खाक हो चुकी थी। कार में बैठे लोगो ने बताया की बुढ़िया माता मंदिर इचाक से पूजा कर के पूरा परिवार लौट रहे थे। इसी क्रम में झील परिसर में कार अचानक बंद हो गई, दुबारा स्टार्ट करने के लिए सेल्फ लिए तो धू - धू कर कार जलने लगा। लोगो ने तुरंत अग्निशमन से संपर्क किया गया। अग्निशमन भी तुरंत घटना स्थल में पहुंची तब तक कार जल कर राख हो चुका था। मौके पर लोहसिंघना थाना भी मौजूद रही।

खेल जगत के भैया मुरारी सिन्हा ने थामा आजसू पार्टी का दामन

हजारीबाग - आजसू पार्टी की लोकसभा ग्राम स्तरीय प्रभारी सम्मेलन 13 अप्रैल को शिवम बैंक्वेट हॉल में हुआ। इसमें हजारीबाग के खेल जगत के भैया मुरारी सिन्हा ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उसके बाद भैया मुरारी सिन्हा ने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा और हजारीबाग लोकसभा प्रभारी परमेश्वर महतो को आजसू परिवार में उन्हें शामिल कराने के लिए धन्यवाद दिया। भैया मुरारी सिन्हा ने कहा कि आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भैया मुरारी सिन्हा बताया कि सुदेश महतो के आह्वान पर आजसू के कार्यकर्ता इस बार झारखंड की 14 लोकसभा सीट एनडीए के खाते में डालेगी और नरेंद्र मोदी की 400 पार के सपनों को पूरा करेगी। जहां तक हजारीबाग की बात है, इस बार आजसू कार्यकर्ता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मिलकर लोक सभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाएगी।

गाजे बाजे के साथ तालाब में नवपत्रिका स्नान , कलश स्थापन ,मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

टाटीझरिया - टाटीझरिया प्रखण्ड में बासंतिक दुर्गा पूजा झरपो, बेडमक्का और होलग में हो रही है महासप्तमी पूजन के साथ मा दुर्गे का पट खुला।पट खुलते ही दुर्गा मन्दिरो में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी झरपो में माता रानी के भक्त नवपत्रिका स्नान के लिए गाजे बाजे शंख ध्वनि के साथ आचार्य महेंद्र पंडा ज्योतिष पंडा गंगाधर पंडा चतुर्भुज पांडेय, विकास पांडेय छोटी ठाकुर और बननी राम झरपो खुटाहि तालाब में नवपत्रिका का स्नान होलंग में आचार्य गोपाल पंडा शंकर पंडा और बेडमक्का में रामचंद्र पांडेय और अन्य के द्वारा पूजा अर्चना कर स्नान ध्यान कर वापिस मन्दिर में स्थापित कर पूजा अर्चना कलश स्थापना ,मां दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा किया गया आरती और प्रसाद का वितरण के साथ महा सप्तमी पूजा समाप्त हो गई आज महा अष्टमी पूजा है।माता रानी का अष्टम रूप महागौरी देवी का पाठ पूजा होगी और संध्या समय आज शाम में 4:17 बजे संधि बलि होगी।

बम्फर वोटिंग के लिए पीडीएस डीलरों को सीओ ने दी जिम्मेदारी, 23 तारीख तक जूड़ेगा नया नाम

चौपारण – लोकसभा चुनाव 2024 में प्रखण्ड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड सभागार में अंचल अधिकारी सह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चौपारण की अध्यक्षता में सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 पर विधिवत रूप से चर्चा एवं निर्वाचन से संबंधित जानकारियां उपस्तिथ पीडीएस डीलर को दी गयी। साथ ही सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को स्वीप कार्यक्रम कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निदेशित किया गया। वहीं सभी 85+ उम्र एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु, जो बूथ पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं उनके लिए होम वोटिंग की सुविधा के बारे में भी बताया गया। सभी जनवितरण प्रणाली के दु?कानदारों को दिनांक 23.04.2024 तक मतदाता सूची में नया नाम जोड़ने के लिए फार्म भरने हेतु मतदाताओं को प्रोत्साहित करने का भी निदेश दिया गया, इसके लिए वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग करने के लिए जानकारी दी गई। बतादें कि पिछले लोकसभा चुनाव में प्रखंड के कुल 170 बूथों में से 156 बूथों पर मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम हुआ था और पूरे जिले में चौपारण प्रखंड का वोटिंग का प्रतिशत की स्थिति अच्छी नहीं थी। इस स्थिति को बेहतर करने के लिए प्रखंड में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इस बार ईसीआई का लक्ष्य कम से कम 80त्न मतदान कराने का रखा गया है। इसी को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी। बतादें कि हज़ारीबाग लोकसभा में मतदान 20 मई 2024 को समपन्न होगा। बैठक में अंचल अधिकारी, सह- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत डीलर संघ के अध्यक्ष दिनेश यादव सहित सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित थे।

भामाशाह जयंती मनाने को लेकर तैयारी बैठक में लिया गया निर्णय, 23 को मनेगा भामाशाह जयंती

हजारीबाग – सोमवार को इंद्रलोक टावर में जिला तैलिक समाज के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन महासचिव नारायण साव द्वारा किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य भव्य रूप से भामाशाह जयंती मनाने को लेकर और शंकर साव द्वारा समाज के नाम से आवेदन देकर घर बटवारा को लेकर दोनो पक्ष को बुलाया गया था। बैठक में उपस्थित लोगो ने 23 अप्रैल को इंद्रलोक टावर में ही दानवीर भामाशाह जयंती मनाने को लेकर निर्णय लिया गया। इस जयंती में समाज के जिला इकाई और प्रखंड के सभी लोगो को आमंत्रित किया गया है। शंकर साव द्वारा दिए आवेदन में आगे भवन बटवारा करने के पहले चार लोगो की कमिटी बनाई गई है। कमिटी उस मकान को जाकर भ्रमण करेगी जिसके बाद कमिटी इस पर बैठ के फैसला करेगी और मकान बटवारा करेगी। बैठक में अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महासचिव ओरिया निवासी नारायण साव, उपाध्यक्ष नारायण साव, मीडिया प्रभारी हेमराज कुमार साव, खिरगांव अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, महिला अध्यक्ष रेणुका साहू, कपिल देव प्रसाद, दिलीप प्रसाद साव, आर के साहू, फैसला में शामिल प्रथम पक्ष शंकर साव व दूसरा पक्ष भोला साव उपस्थित हुए।

झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में हजारीबाग के छः खिलाडियों ने परचम लहराकर पूरे जिले का नाम किया रौशन

हजारीबाग जिला योग संघ के पदाधिकारियों द्वारा ससम्मान के साथ खिलाडियों को किया गया सम्मानित

हजारीबाग – जिला डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित जिला परिषद पार्क में जिला योग संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जमशेदपुर में वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन द्वारा झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में छः खिलाडियों ने अपना परचम लहराया पूरे हजारीबाग जिले का नाम रौशन किया। जिसमें दो खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान, एक खिलाड़ी ने द्वितीय तथा एक खिलाड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दो को कॉन्सुलेशन प्राइज मिला। हजारीबाग योग संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हजारीबाग जिले के खिलाडियों को ससम्मान प्रोत्साहन के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हजारीबाग जिला योग संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता तथा संरक्षक भैया मुरारी सिन्हा ने सभी को शॉल ओढाकर सम्मानित किया। साथ ही सम्मानित कर उनकी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हजारीबाग जिला योग संघ के अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग जिले के छः खिलाडियों ने झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में अपना परचम लहराया है। यह पूरे हजारीबाग के लिए काफी सुखद खबर है। इससे प्रेरित होकर हजारीबाग के कई प्रतिभागी आगे आएंगे और अपना जिला का नाम रौशन करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले में हजारीबाग में जल्द राज्य स्तरीय योग टुर्नामेंट होगा। झारखंड स्टेट योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में खिलाड़ी शत्रुंजय कुमार व अभिषेक सिंह को 30 से 40 आयु वर्ग में क्रमशः प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। खिलाड़ी विकास कुमार दास को 27-30 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी आयु वर्ग में महिलाओं में एकता कुमारी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। खिलाडी मधुबाला, सीमा कुमारी एवं बसंती कुमारी को कंसोलेशन प्राइज मिला। इस उपलब्धि को प्राप्त करने में हजारीबाग के कोच ज्ञानोदय कुमार का अहम योगदान दिया। बधाई देने वालों में योग संघ के कार्यकारी अध्यक्ष रुचि कुजूर, उपाध्यक्ष अनुप राजेश लकड़ा, अशोक सिंह, रीना सिंह, बहादुर राम, महासचिव रवींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रेणु कुमारी, आचार्य कौटिल्य, शीला सिंह सहित कई लोग शामिल हैं।

बरकट्ठा में बाबा भीम राव अंबेडकर की 133 वां जयंती धूमधाम से मनाई गई

बरकट्ठा – प्रखंड समेत विभिन्न क्षेत्रों में बाबा भीम राव अंबेडकर की 133 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।प्रखंड क्षेत्र के सकरेज, बंडासिंगा, तुईयो, बुचई, बेडोकला, बेलकपी पंचायत भवन, बरकट्ठाडीह अडवार समेत कई इलाकों में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई गई।इधर बरकट्ठा डीह में बाबा साहेब की जयंती समारोह में बागोदर विधायक बिनोद सिंह, पूर्व विधायक, बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव समेत कई लोग शामिल हुए।जहां बाबा साहेब की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया।इस अवसर पर ज़िप प्रेरणा प्रिया, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया अब्बास अंसारी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, पंसस प्रतिनिधि समीम अंसारी, डॉ प्रकाश कुमार, सीके पांडेय, शेर मोहम्मद, भुनेश्वर केवट, महेश मांझी, मनोज दास, लक्ष्मण तुरी, श्यामसुंदर दास, विश्वनाथ दास, महादेव दास समेत कई लोग शामिल हुए।

विधि के विद्यार्थियों के लिए अंबेडकर सबसे बड़ी प्रेरणाः प्रो जयदीप सान्याल

हज़ारीबाग – स्वतंत्र भारत में संविधान के साथ-साथ विधि को नया स्वरूप प्रदान करने में अग्रणी भूमिका बाबासाहेब डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की रही। उन्होंने समरसता के आधार पर एक समावेशी भारतीय समाज के निर्माण की न्यू डालने का कार्य किया। उक्त बातें विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर जयदीप सान्याल ने कही।

प्रोफेसर सान्याल एनएसएस यूनिट कोड 01 द्वारा आयोजित अंबेडकर जयंती के अवसर पर कार्यक्रम को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। संविधान निर्माण में बाबा साहब के योगदान को रेखांकित करते हुए बतौर विशिष्ट वक्ता अधिवक्ता भैया मुकेश ने कहा कि एक तरफ भारत के प्रत्येक व्यक्ति की आकांक्षाओं को और वही दूसरी तरफ प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों को संविधान में प्रमुखता से स्थान दिया गया है। यदि डॉ अंबेडकर ना होते तो यह कभी संभव नहीं होता। प्राचार्य के प्रभार के पद से अपने संबोधन में डॉ लक्ष्मी सिंह ने बाबासाहब के जीवन के प्रेरक तत्वों पर प्रकाश डाला। सामाजिक न्याय में बाबासाहेब के योगदानों की चर्चा करते हुए डॉ लक्ष्मी सिंह ने बाबा साहेब के दिखाएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम को कई सारे विद्यार्थी वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। उक्त अवसर पर विधि महाविद्यालय के विद्यार्थी अच्छी संख्या में उपस्थित थे।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न पूजा समिति व अखाड़ों के सचिव एवं सदस्यों के साथ की बैठक

हज़ारीबाग़ – उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सोमवार को एसपी आवासीय परिसर में रामनवमी त्योहार को लेकर विभिन्न अखाड़ा समिति के सचिव व सदस्यों के साथ प्रशासनिक बैठक की। बैठक मे उपायुक्त ने उपस्थित अखाड़ा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष सभी आखाड़ो के सदस्यों ने प्रशासन से बेहतर सहयोग व समन्वय के साथ रामनवमी पर्व को संपन्न कराया था। इस बार भी रामनवमी को लेकर लोगों के बीच हर्षोल्लास देखी जा रही है।

उन्होंने कहा लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है इसलिए कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो। उपायुक्त ने हर पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के लोग आपसी भाईचारा के दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रूप से जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करते हुए त्योहार को मनाए। हजारीबाग की प्रसिद्ध रामनवमी के जुलूस निकालने के प्रशासनिक तैयारियों को उपायुक्त ने विस्तृत रुप से बताया। उन्होंने कहा गर्मी को देखते हुए जुलूस मार्गों पर पानी की व्यवस्था कराई जा रही है, वहीं निशुल्क शौचालय संचालित रहेंगे। महिलाओं के लिए भी अस्थाई शौचालय संचालित रहेंगे। वहीं अस्थाई मेडिकल केन्द्र लगाए जा रहे है। सभी सुविधाएं 24×7 रामनवमी जुलुस के दौरान आमजनों के लिए उपलब्ध रहेगें।

सभी अखाड़ों की नंबरिंग थानावार की जाएगी उसी क्रम में जुलूस को पास कराया जाएगा। जुलूस के सुगम संचालन के लिए जगह जगह पर मजबूत बैरिकेडिंग/ड्रॉप गेट लगाए जा रहे हैं,साथ ही हर गतिविधियों पर सीसीटीवी/ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूजा समिति अपनी परंपरागत विधि-विधान से पूजा मनाएं लेकिन दूसरे की भावनाएं आहत ना हो इस बात का विशेष ख्याल रखें। उन्होंने बल देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के डीजे के बजाने पर रोक है। उन्होंने कहा कि अपने शहर और जिला की गरिमा को बरकरार रखना आप की भी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने भी पूजा समितियों के सदस्यों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि सभी समुदाय के धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखे,निर्धारित रूट पर अखाड़ा जुलूस निकाले।

ऑल इंडिया एलआईसी अनुसूचित जाति जनजाति बुद्धिस्ट कर्मचारी कल्याण संघ ने स्वर्ण जयंती समारोह मनाया

हज़ारीबाग़ – ऑल इंडिया एलआईसी अनुसूचित जाति जनजाति बुद्धिस्ट कर्मचारी कल्याण संघ के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में मंडलीय कमिटी हजारीबाग द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष का उद्घाटन समारोह सह बाबा साहब भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जीवन ज्योति बिल्डिंग डिस्ट्रिक्ट बोर्ड मोड़ हजारीबाग में मनाई गई। अखिल भारतीय परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष बाल गोविंद राम और शिक्षाविद डा. बालेश्वर राम बतौर अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलीय अध्यक्ष अनिल एक्का ने किया। मंच संचालन मंडलीय महासचिव मनोज कुमार ने किया। समारोह में सात जिलों में स्थित हजारीबाग मंडल के तमाम पदाधिकारीगण एवं संगठन के वरीय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा हजारीबाग के मुख्य प्रबंधक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से किया। उसके बाद अतिथियों को सम्मानित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने बारी बारी से बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। हजारीबाग मंडल कार्यालय के अलावा गिरिडीह, झुमरी तिलैया, गोमिया, रामगढ़, चतरा ,धनबाद और बोकारो आदि जिलों से कार्यक्रम में भारी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया। विषय प्रवेश करते हुए मंडलीय सचिव ने कहा की कल्याण संघ के गोल्डन जुबली समारोह का आगाज आज से किया जा रहा है 14 अप्रैल 1974 को कल्याण संघ की स्थापना की गई थी और वर्ष 2024 को गोल्डन जुबली वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य समारोह दिल्ली में 16 जून 2024 को होगा। मुख्य प्रबंधक विनोद कुमार ने कहा कि बाबा साहब के उद्देश्यों को सभी आम जनों के जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि बाल गोविंद राम ने कहा कि हमें अभी और संगठित होने की आवश्यकता है। डॉक्टर बालेश्वर राम ने कहा कि यहां बैठे सभी बच्चों में बाबासाहेब की तस्वीर प्रतीत होता है। ये हमारे देश के असली भविष्य हैं।

पूर्व महासमिति अध्यक्ष बिंदु दांगी ने कलश यात्रियों के बीच ने 500 फरूटी बांटा

बड़कागांव – रामनवमी पूजा के पूर्व महासमिति अध्यक्ष बिंदेश्वर दांगी उर्फ बिंदु ने छवनिया नदी के पास चैती दुर्गा पूजा के द्वारा निकाली गई कलश यात्रियों के बीच 500 फरूटी तथा 7 पेटी पानी का वितरण किया। उन्होंने बताया कि गर्मी को देखते हुए कलश यात्रियों के लिए यह व्यवस्था की गई थी। लोगों की सेवा करने से ही पुण्य प्राप्त होता है। हम सभी को बढ़-चढ़कर उक्त कार्य करना चाहिए। मौके पर प्रेमनाथ महतो, गौतम कुमार वर्मा, अनिल कुमार, रामसेवक सोनी, राजू सोनी, अरविंद वर्मा, शंकर रजक, सरोज सोनी, मेवा लाल नाग ,दामोदर मेहता, शैलेश कुमार, जतिन कुमार ,शशि कुमार तुरी, लखनलाल विश्वकर्मा ,विमल कुमार, विनोद महतो, रंजन कुमार के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मंजूरा में आज होगा भव्य सरहुल महोत्सव

•रातभर कुड़मालि सरहुल गीत, झूमर व पांता नाच पर झूमेंगे ग्रामीण

कसमार(बोकारो)। प्रकृति का महा परब सारहूल पूजन व महोत्सव कसमार प्रखंड के मंजूरा गांव आज होगी। 16 अप्रैल की सुबह सरना स्थल में जेहरा थान में नेइया जानकी महतो गुलिआर के द्वारा नेग नियम के अनुसार संपन्न होगा। तदोपरांत शाम 7 बजे से मंजूरा के राजा थान के समीप रात भर भव्य कुड़मालि सरहुल गीत, झूमर व पांता नाच पर झूमेंगे ग्रामीण। कुड़मालि भाखि चारि आखड़ा मंजूरा व झरमूंगा चेंघि व आदिवासी कुड़मि समाज द्वारा आयोजित सरहुल महोत्सव में युवा शिल्पी राजदूत महतो तथा प्रसिद्ध लोक गायिका ममता महतो की अलग-अलग टीमें रात भर ग्रामीणों के बीच कुड़मालि सरहुल गीत, झूमर व पांता नाच प्रस्तुत करेंगे। वहीं समाज को मार्गदर्शन देने के लिए कुड़मि समाज के शोधकर्ता दीपक पुनअरिआर, सुरेश बनुआर द्वारा कुड़मि समाज का इतिहास, प्रथाएं व परंपराओं 12 मासे 13 परब व देवाभूताओं के बारे विस्तृत व्याखान देंगे। अंनत कंडहरआर, शंकर हिंदइआर व संजय पुनअरिआर भी रहेंगे। आयोजक कमिटी की ओर से अंतिम तैयारी पूरी हो चुकी है। समुचा मंजूरा पीला झंडा से पट चुका है। आयोजन कमिटी के सदस्य मिथिलेश महतो केटिआर, प्रवीण केसरिआर, भागीरथ बंसरिआर, सदानंद गुलिआर, जानकी गुलिआर, पियूष बंसरिआर, सहदेव झारखंडी, उमेश केसरिआर, अखिलेश केसरिआर, सुभाष हिंदइआर, बालेश्वर पुनरिआर, मुरली जालबानुआर, शांती गुलिआर , रंजीत गुलिआर, निरंजन केसरियार, उमेश जालबानुआर, मुकुंद केसरियार, विश्वनाथ केसरियार, राजकिशोर केसरियार, टुपकेश्वर केसरियार, कमल जालबानुआर , सुनील केसरिआर, संजय पुनरिआर, हीरालाल केसरियार, उमेश केसरियार, अखिलेश्वर केसरियार, अमरनाथ गुलिआर, ज्ञानी गुलिआर, दशरथ गुलिआर, प्रकाश केसरियार, भागीरथ केसरियार, कुलेश्वर केसरियार, रामबृक्ष केसरियार, रामानंद महतो, बहादुर केसरियार, दिलीप केसरियार, सुदेश केटिआर आदि तमाम ग्रामीण शामिल हैं।

सप्तमी पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की उमडी भीड़

पेटरवार। पेटरवार एवं आसपास के क्षेत्रों में चैत्र नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा का पट खुलते ही सप्तमी पूजन को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्राचीन दुर्गा मंदिर खत्री टोला एवं मेला टांड़ दुर्गा मंदिर में भब्य पंडाल के बीच शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ नवपत्रिका आगमन कर बैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजा आरंभ की गयी। इस अवसर पर पूजा कमिटियों के द्वारा मंदिरों को आकर्षक पंडाल एवं विधुत लाइटों से सजाया गया है जो आकर्षण का मुख्य केंद्र है।

बिरसा विकास आईटीआई मे कैंपस सेलेक्शन 19 अप्रैल को

चास। चास के बाई पास रोड स्थित बिरसा विकास आईटीआई मे 19 अप्रैल को एल एंड टी ,सीएसटीआई की ओर से कैंपस सेलेक्शन आयोजित किया जा रहा है। इस कैंपस सेलेक्शन में भाग लेने के लिए 10वीं (मेट्रीक) कक्षा पास होने के साथ आईटीआई में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त होने चाहिए। इस कैंपस सेलेक्शन में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर और मेकेनिक डीजल के छात्र भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम सुबह नौ बजे से बिरसा विकास आईटीआई में शुरू होगा। छात्रो को रेजिस्ट्रेशन सुबह 8-30 बजे शुरू होगा, जो छात्र रेजिस्ट्रेशन करा लेंगे उन्ही को प्रवेश दिया जाएगा। छात्र अपने स्कूल और संस्थान के दस्तावेजो तथा आधार कार्ड के साथ उपस्थित होंगे। कैंपस सेलेक्शन में चयनित होने वाले छात्रों को केपनी की ओर से 17,500 /- प्रतिमाह और रहने तथा खाने की सुविधाएँ दी जाएंगी।

मारुति नंदन हनुमान की प्रतिमा नव निर्मित मंदिर में स्थापित किया गया

•श्री राम भक्त हनुमान के जयकारे से गूंज उठा कुसुम विहार का इलाका

धनबाद। चार दिवसीय मारुति नंदन श्री हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के हवन और पूर्णाहुति में श्रद्धालुओ की भीड़ देखने को मिली, यज्ञ स्थल पर हवन एवं पूजन कर यजमान सहित श्रद्धालुओं ने बजरंग बली को ध्यान कर आशीर्वाद लिया इस दौरान 56 भोग लगाए गए वही इस अवसर पर महाभोग का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह कुसुम विहार स्थित यज्ञ स्थल पहुंची जहा उन्होंने माथा टेक कर मारुति नंदन का ध्यान कर परिवार समेत समस्त कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की तथा सभी को अपनी विशेष शुभकामनाएं दी।जहां लगातार कुसुम विहार सहित अन्य जगहों से श्रद्धालुओं का आना लगा रहा। इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य भूमिका में जितेंद्र पांडेय प्रिया पांडेय विश्व प्रताप सिंह रागिनी सिंह दुष्यंत सिंह ज्योति सिंह अशोक कुमार ओझा , अंजू आनंद , मानिकचंद तिवारी, राकेश कुमार चौबे , उदय कांत ठाकुर, मंजू ठाकुर धनंजय रवानी, आनंद ओझा, समेत सैकड़ों की संख्या में स्थानीय श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

बाल संसद के गठन के लिए सविमं मे मतदान

सिन्दरी। सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में डॉ भास्कर झा (प्रभारी सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी) के नेतृत्व में संवैधानिक तरीके से शिशुभारती, बाल भारती ,किशोर भारती और कन्याभारती गठन के लिए मतदान कराया गया। जिसमें कक्षा तृतीय से द्वादश के भैया बहनों ने भाग लिया। भास्कर झा ने कहा राष्ट्र के लिए मतदान जिस प्रकार सर्वश्रेष्ठ धर्म है ,उसी प्रकार बाल संसद को सुचारू रूप से गठित करने और क्रियावयान के लिए भैया बहनों का मतदान में भाग लेना। जिससे बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है।वोट के माध्यम से भैया बहनों को लोकतंत्र में वोट के महत्व एवं संसदीय लोकतंत्र के कार्य करने की विधियों की जानकारी प्राप्त हुई । इस अवसर पर नरेश संध्या मिश्रा बर्नाली बनर्जी के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था।

डीवीसी ईडीसीएल ने मनाया गया अंबेडकर जयंती समारोह

- शिक्षा ही आपकी भाग्य विधाता है, शिक्षित बनो और आगे बढ़ो - परियोजना प्रधान

बेरमो। डीभीसी डीटीसी एवम् ईसीएल के द्वारा जुबली पार्क में रविवार की रात्रि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुवात दीप प्रज्वलित वा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में डीभीसी हाई स्कूल,मिडिल स्कूल वा डीबीसी केंद्रीय विद्यालय के छात्र वा छात्राओं द्वारा बहुत ही सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई वही छात्रों द्वारा बाबा साहेब की जीवनी पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए, छात्र छात्राओं द्वारा चित्रांकन, क्यूज वा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद ने कहा कि हमारे संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब ने विषम परिस्थितियों में भी संघर्ष कर के अपनी एकाग्रता,सहनशक्ति को बनाकर आगे की ओर बढ़ते गए,आज हमे एक कवि की वो पंक्ति याद आती है । गिरे हुए को जिन्होंने स्वाभिमान सिखाया था, जिसने हम सबको तूफानों से टकराना सिखाया था, देश का वो था अनमोल दीपक जो बाबा साहब कहलाया था,बाबा साहेब बहुत संघर्ष करने के बाद इस मुकाम तक पहुंचे थे उनकी दी हुई देश हित में प्रेरणा हमे बहुत कुछ सिखाती है मैं ज्यादा ना बोलकर यही कहूंगा पढ़ो और आगे बढ़ो द्यद्य वही डीभीसी के उप महा प्रबंधक वी जी हॉलकर ने कहा कि बाबा साहेब शुरू से ही समाज में ऊंच नीच भेद भाव को समाप्त कर एक समानांतर समाज जो समाज में एक सामान रह सके इसकी कल्पना की थी साथ ही उन्होंने कहा आज भी हमारे समाज में बहुत ऐसे लोग हैं जो ऊपेक्षित हैं खासकर वो महिलाएं जो आज भी असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं,बाबा साहेब ने कहा था शिक्षित हो संगठित हो और संघर्ष करो, कार्यक्रम में सूर्य नारायण प्रसाद,सुदीप्ता भटाचार्य बिश्वमोहन गोस्वामी आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए द्य वही कार्यक्रम में शामिल हुए शिक्षक शिक्षिकाओ एवम छात्र छात्राओं के बीच पुरुष्कार का भी वितरण मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि वा असैनिक विभाग के उप महा प्रबंधक बिश्वमोहन गोस्वामी के द्वारा किया गया द्य इस अवसर पर ईडीसीएल के अध्यक्ष मनीष कुमार चौधरी , केरल टुडू, रमेश कुमार, आरती रानी, रामलाल पासवान, पीके बाला, मुखिया चंद्रदेव घासी, चदना मिश्रा, सीमा देवी, हरदीप कुमार सहित सहित कई लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन अमित कुमार नगमा बक्शी,प्रियांसु एवम अंशु कुमारी ने संयुक्त रूप से किया।

कसमार में ज़िला भू-अर्जन कार्यालय ने लगाया कैंप कोर्ट

•वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे एवं बरलंगा से कसमार पथ निर्माण के रैयत पंहुचे

कसमार (बोकारो) वाराणसी से कोलकाता सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण एवं बरलंगा से कसमार राजमार्ग निर्माण कार्य में भूमि अधिग्रहित मौजा के हितबद्ध रैयतों के भूमि संबंधी विवादों को निपटारा हेतु सोमवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से ज़िला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, कसमार अंचल अधिकारी सुरेश कुमार सिन्हा मौजूद थे। कैंप कोर्ट में रांगामाटी, कुरको, बगदा, बगियारी, जामकुदर आदि गांवों के रैयत शामिल हुए। जिसमें संबंधित भूमि के दस्तावेजों का जांच किया गया और कई मामलों निपटारा भी किया गया। भू-अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि जो भी विवादित भूमि है उसका खतियान, रजिस्ट्री डीड, पर्चा के साथ अद्यतन आनलाईन रसीद जमा करें। और जमीन का मुआवजा भुगतान प्राप्त कर सकते हैं। सिक्सलेन एक्सप्रेसवे निर्माण में प्रगति लाने का निर्देश आया है। उन्होंने बताया कि बेवजह विवाद करने वाले रैयतों का मुआवजा राशि संबंधित कोषागार में जमा करा दिया जायेगा। मौके भू-अर्जन के प्रधान सहायक रूपेश कुमार, अमीन, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी समेत दर्जनों रैयत मौजूद थे।

रांची में आयोजित उलगुलान रैली एंव लोस चुनाव की तैयारी बैठक सम्पन्न

जरीडीह। झामूमो बोकारो जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी के जैनामोड़ स्थित आवास में सोमवार को उलगुलान रेली एंव लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी एंव संचालन अतूल रजवार नें किया। बैठक में गिरिडीह लोकसभा इंडी गठबंधन प्रत्याशी मथुरा महतो उपस्थित हुये। बैठक में आगामी लोस चुनाव एंव 21 अप्रेल को रांची में आयोजित उलगुलान रैली को सफल बनाने के लिए जरूरी विचार विमर्श किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष हीरालाल मांझी, सचीव जयनारायण महतो, जिप सदस्य अशोक मुर्मू, पूर्व प्रमुख बाबुचंद सोरेन, घुनु हंसदा, बाबूलाल मांझी, किष्टो भगत, विजय रजवार, अंबिका देवी, महादेव टूडु, शिवनाथ मांझी, अजय किस्कू, आजाद अंसारी, शंकर मरांडी, गुरुदयाल किस्कू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ का समापन

सिन्दरी । उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय आस्था का महापर्व चैती छठ का समापन हुआ. सिन्दरी अंचल में रागामाटी ,शहरपुरा सेवन लेक, डोमगढ ,बीआईटी तालाबों में व्रतियों ने अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-शांति की कामना की. इसके बाद व्रतियों ने ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास तोड़ा. इस दौरान घाट पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्रतियों से प्रसाद लिया और उनके पैर छुकर आशीर्वाद लिया. ।समितियों ने घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा भी की थी. ताकि व्रतियों को घाट पर किसी तरह की परेशानी ना हो. लोकआस्था का महापर्व है. इसमें व्रती 36 घंटे का निर्जला उपवास रख अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती है. कहा कि छठी मईया सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करती है. यह पूजा साल में दो बार मनाया जाता है. पहला चैत्र शुक्ल की षष्टि और दूसरा कार्तिक शुक्ल की षष्टि पर. इस पर्व को लेकर लोगों में काफी आस्था हैं ।

जैन समाज ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में मांस-मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग

चास। जैन समाज ने महावीर जयंती के उपलक्ष्य में शहर में मांस-मीट पर प्रतिबंध लगाने की मांग करते हुए एक पत्र उपायुक्त, बोकारो एवं अपर नगर आयुक्त, चास नगर निगम को लिखा है।जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद एवं सचिव आलोक कुमार जैन ने संयुक्त रूप से कहा की महावीर जयंती को पूरे देश में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।महावीर जयंती के दिन मांस मीट यह बेचने पर प्रतिबंध से भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो को बल मिलेगा। बैद ने कहा की कई राज्यों में अहिंसा दिवस को देखते हुए मांस मीट पर पूर्णतया प्रबंध रहता है। झारखंड जैन तीर्थंकरों की धरती है इसलिए अहिंसा दिवस को सही मायनों में मनाना उचित रहेगा।

आरटीआई कार्यकर्ता महेश ने ब्लॉक -2 में कार्यरत योजना विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक टी एस चौहान के खिलाफ किया शिकायत

कतरास। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड ब्लॉक -2 में कार्यरत क्षेत्रीय योजना विभाग के प्रबंधक त्रिभुवन सिंह चौहान के द्वारा एक सब्सिडियरी में 15 वर्षों से अधिक समय तक पदस्थापित रहने के मामले में हॉस्पिटल कॉलोनी डुमरा के आरटीआई कार्यकर्ता महेश कुमार ने कोयला मंत्री भारत सरकार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोल इंडिया लिमिटेड कोलकाता के पास शिकायत दर्ज कराया है. महेश ने अपने पत्र में अंकित लिखा है कि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, ब्लॉक - 2 में कार्यरत क्षेत्रीय योजना विभाग के प्रबंधक त्रिभुवन सिंह चौहान बीसीसीएल में एक सब्सिडियरी में 15 वर्षों से अधिक समय से पदस्थापित है. जिसके कारण भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है. कोल इंडिया लिमिटेड में नियमावली के अनुसार एक सब्सिडियरी में 15 वर्षों से अधिक समय तक पदस्थापित नहीं रहना चाहिए. वे विभिन्न संवेदनशील पद पर भी कार्य कर चूके हैं जो सीवीसी गाईडलाइन का उल्लघंन है. बताया कि क्षेत्रीय योजना विभाग, ब्लॉक -2 के प्रबंधक त्रिभुवन सिंह चौहान विधुत एवं यांत्रिक विभाग, सेल्स विभाग, उत्खनन विभाग, प्रशासनिक विभाग का कार्य भी स्वयं करते हैं. महेश ने त्रिभुवन सिंह चौहान पर ठेकेदार को काम दिलाने के बदले मोटी रकम लेने का आरोप लगाया. वर्ष-2011-12 एवं 2012-13 में भा0को0को0लि0, पूर्वी झरिया क्षेत्र ने दंड के रूप में डिमोशन करके ब्लॉक - 2 में स्थानांतरित किया गया. महेश कुमार ने इस मामले में उच्चस्तरीय जांच एवं आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री वितरित की गई

बोकारो। रोटरी क्लब चास द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों के बीच खेलकूद की सामग्री वितरित की गई। रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा की बच्चों को खेल भावना के प्रति जागरूक करने एवं निरंतर खेलकूद का अभ्यास करने के लिए आवश्यक खेलकूद सामग्री उनको उपलब्ध कराई गयी है। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। कार्यक्रम के संयोजक विनोद चोपड़ा ने कहा की बच्चों में खेल भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। श्री चोपड़ा ने कहा कि नियमित खेल से हम अब खेल में कैरियर भी बना सकते हैं। श्री चोपड़ा ने कहा कि बच्चों में शारीरिक गतिविधियां एवं फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बच्चों का खेलना अत्यावश्यक है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा की खेल हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है।बैद ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ मस्तिष्क स्वस्थ शरीर में ही वास करता है। रोटरी क्लब चास की सचिव डिंपल कौर ने कहा कि रोटरी चास सदैव सेवा कार्यों में तत्पर रहती है। इसके अंतर्गत आज बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। डिंपल ने बताया बच्चों को क्रिकेट बैट,विकेट सेट,कैरेम बोर्ड ,ब?ल,बैडमिंटन रैकेट, कार्क, फुटबॉल, चैस बोर्ड, लूडो, फ्लाइंग डिस्क,स्कीपिंग रोप उपलब्ध कराए गए। डिंपल ने कहा कि रोटरी चास आगे भी बच्चों के लिए इस तरह के आयोजन करती रहेगी । खेलकूद का सामान पाकर बच्चे बेहद खुश हुए। स्कूल के वार्डन भागीरथ महतो एवं विद्यालय परिवार ने रोटरी द्वारा किए गए कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।

चुनाव प्रशिक्षण के तीसरे दिन 1100 कर्मियों को मिला तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण

मेदिनीनगर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशि रंजन के आदेश व प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रवि आनंद के निर्देश पर गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में दो पालियों में 1100 कर्मियों को तृतीय मतदान पदाधिकारी का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्य व दायित्वों के साथ मतदान प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह व अमरेन्द्र पाठक तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम व सहायक सौरभ कुमार सिन्हा ने प्रशिक्षण का अनुसमर्थन करते हुए कहा कि तृतीय मतदान पदाधिकारी सीयू का बैलेट बटन दबाकर मतदाता को वोटिंग कम्पार्टमेन्ट में वोट के लिए भेजते हैं।

इसलिए उन्हें बहुत सजग व सावधान होकर कार्य करना है। ऐसे में यह प्रशिक्षण उपयोगी व अनिवार्य है। सदर एलआरडीसी श्री प्यारे लाल व छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण का अनुश्रवण किया। वहीं गौतम कुमार,खिरोधर रविदास, जितेन्द्र कुमार सिंह, विकास सिंह, सत्येन्द्र कुमार, दिनेशचंद्र पासवान,अनिश कुमार सिंह, आशीष रंजन, नितेश कुमार, यमुना पंडा, संजय राम,कुंदन कुमार रंजन,अमर नोनिया,गौरव कुमार, मनोज कुमार अंबेडकर, सुमंत सिंह, बिजेंद्र कुमार, अमरकांत कुमार,भरत सिंह,अजय सिंह, दीपक प्रकाश पाण्डेय, दूधनाथ साहू, निखिल कुमार सिंह,निशिकांत नीरव, निक्सन कुमार, सुनील कुमार सिंह, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, रणविजय ठाकुर, धर्मराज मिश्र,छठी राम,रामदेव विश्वकर्मा, अर्जुन राम , विजय कुमार, निरंजन कुमार दूबे,रवि कुमार,महताब खान, सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय,क्यूम अंसारी, अशोक कुमार, लालकृष्ण भारद्वाज, विष्णुदेव महतो,देवेश पाण्डेय व आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षकों ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया।

प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल ने मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का किया आयोजन

हुसैनाबाद। हुसैनाबाद के अनुमंडलीय मैदान के समीप विधायक कमलेश कुमार सिंह के आवास के बगल में प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल ने मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया, जिसमें ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों के द्वारा लगभग ढाई सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें उचित परामर्श दिया गया। प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल द्वारा मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन रविवार को सुबह 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया गया था, जिसमें रांची के सुप्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट, मूत्र, किडनी व लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुचित्रा, जनरल फिजिशियन डॉ. सुबेश देव एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. गोपाल कुमार की टीम ने हुसैनाबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों से आए हुए विभिन्न रोगों से पीड़ित लगभग ढाई सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की एवं उन्हें उचित परामर्श दिया। मौके पर प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल के निदेशक शत्रुध्न कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह ने बताया कि क्षेत्रवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना, प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल का मुख्य उद्देश्य है। आगे उन्होंने कहा कि प्रेमा

मल्टी हॉस्पिटल समय-समय पर मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन कर मरीजों को सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने का हरसंभव प्रयास करता रहता है। प्रेमा मल्टी हॉस्पिटल द्वारा मेगा निःशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर को सफल बनाने में नवीन सिंह, पंकज कुमार सिंह, अशोक सिंह, रोशन सिंह, बबलू सिंह, तेजू सिंह, नीतीश कुमार, नितेश सिंह, डॉ. सचिन कुमार के अलावा दर्जनों लोगों ने सक्रिय भूमिका अदा की।

पुलिस ने हरिहरगंज में निकाला फ्लैग मार्च

हरिहरगंज हरिहरगंज बाजार क्षेत्र में रामनवमी को लेकर सोमवार को हरिहरगंज पुलिस-प्रशासन की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। अधिकारी व जवानों ने प्रखंड के शहरी क्षेत्रों में भ्रमण किया। इस दौरान छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, बीडीओ सह सीओ कुमार अरविंद बेदीया, पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने स्थानीय लोगों से पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन व अधिकारियों सहित जवानों ने पैदल शहर के एनएच 98 मेन रोड, मेन बाजार दुर्गा मंदिर सहित शहर के कई क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान डीएसपी ने बताया कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की सूचना मिलने पर जानकार तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय पर अनहोनी रोकी जा सके। फ्लैग मार्च में एसआई सतीश कुमार गुप्ता, एएसआई संजय कुमार सिंह सहित कई पुलिस के जवान शामिल थे।

बढते तापमान को लेकर सिविल एडजल ने जारी की एडवाइजरी

मेदिनीनगर। बढ़ते तापमान में लू को देखते हुए जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने एडवाइजरी जारी की है। शनिवार को एमआरएमसीएच में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों की जानकारी दी। लोगों से अधिक पेय पदार्थ, ओआरएस, पानी के सेवन के लिए आग्रह किया। सिविल सर्जन ने बेवजह धूप में निकलने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि तेज धूप और लू में कभी भी खाली पेट ना निकले। सिविल सर्जन ने कहा कि पलामू में बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेब से निपटने के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली है. सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने. शनिवार को एमआरएमसीएच में प्रेस वार्ता में कहा कि हीट वेब की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है. जिससे मृत्यु भी हो सकती है। इस कारण सावधानी. गई है। वहीं 13 मई को पलामू में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भी हीट वेब से मतदान कर्मी, सुरक्षाकर्मी समेत चुनाव कार्य में लगे लोग बीमार पड़े तो उन्हें तुरंत उपचार दिया जाए. इसके लिए भी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी में पांच-पांच, पीएचसी केंद्रों में दो-दो. जिला अस्पताल में 25. आयुष्मान भारत योजना से जुड़े निजी अस्पतालों में भी पांच-पांच कुल 250 बेड तैयार किये गए हैं। सभी केंद्रों में औरआएस, आवश्यक दवाईयां आदि भी उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने दिन पलामू के सभी बूथों पर सहिया आवयक दवाईयों के साथ उपलब्ध रहेंगी। वहीं तीन-तीन बूथों पर मॉनेटरिंग के लिए सहिया साथी को लगाया जाएगा। सहिया साथी के मोनेटरिंग एमपीडब्लू और एमपीडब्लू के मोनेटिरंग के लिए मेडिकल ऑफिसर रहेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले तक ब्लड बैंक में रक्त का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में कर लिया जाएगा। इसके लिए सामाजिक संगठनों से रक्तदान करने के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त एंबुलेंस भी उपलब्ध है। 108 एंबुलेंस जिले में 28 है। इसके अलावे सीएचसी केंद्रों पर एक-एक एंबुलेंस, जिले में 90 ममता वाहन भी उपलब्ध है। जिले में फिलहाल दो लाख 94 हजार ओरएसएस उपलब्ध है। इसके अलावे एक लाख 89 हजार ओरएसएस की खरीददारी की जा रही है। साथ ही आवश्यक दवाईयां का भी क्रय जल्द कर लिया जाएगा। सिविल सर्जन ने कहा कि 2019 की लोक सभा चुनाव में हीट वेब के कारण तीन लोगों की मौत हुई थी।

रजवाडीह मानस यज्ञ समिति ने राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के सदस्यों को किया सम्मानित

मेदिनीनगर। श्री रामचरित मानस यज्ञ समिति रजवाडीह द्वारा यज्ञ में राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय, उपाध्यक्ष अनिल दुबे, प्रदीप दूबे, सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, विकास दूबे, गोपाल पाण्डेय विक्रांत त्रिपाठी समेत दर्जनों युवा वाहक उपस्थित हुए। युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी ने परशुराम सेना द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के मुख्य संरक्षक सनातन धर्म के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अर्जुन पाण्डेय उर्फ गुरु पाण्डेय के नेतृत्व में यज्ञ के अलावा मंदिर निर्माण एवं अन्य समाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करने का कार्य निरंतर कर रही है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने सभी विप्र बंधुओं को संगठन से जुड़ने का आह्वान करते हुए हर समय तन-मन-धन से जरूरत पड़ने पर मदद करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी, संरक्षक रतन कुमार पाण्डेय, यज्ञ समिति के स्वागताध्यक्ष सुरेन्द्र पाण्डेय ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सत्यवान पाण्डेय ने किया। अंत में मानस यज्ञ समिति ने युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर इश्वरी चंद्र पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय, दिनेश चंद्र पाण्डेय, गिरींद्र पाण्डेय, नरेंद्र पाण्डेय, नितिन पाण्डेय, प्रभात रंजन पाण्डेय, देवेंद्र पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, मिथिलेश पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, रितेश पाण्डेय, पवित्र नारायण पाण्डेय उपस्थित थे।

लोकसभा चुनावःजिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक की

मेदिनीनगर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न विधानसभा में गठित कैंपस अंबेसडर के साथ बैठक कर सभी से जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करने में सहयोग करने की अपील की।उन्होंने कहा कि आप सब कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स है आपके कॉलेज में आपके जितने भी दोस्त 18 साल के उपर हैं उन सभी से आगामी चुनाव में मतदान करने की अपील की।उन्होंने कहा कि अगर कोई 18 वर्ष से उपर है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तो उन्हें फॉर्म 6 के जरिये अपने बीएलओ या वीएचए के माध्यम से आवेदन करने की बात कही। डीईओ ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारियों से कराया अवगत बैठक में डीईओ श्री रंजन ने सभी कैंपस अंबेसडर को निर्वाचन कार्य से जुड़े विभिन्न जानकारी यथा ईवीएम,बीयू,सीयू,वीवीपैट,फॉर्म 6,चुनाव आयोग कैसे कार्य करता है से संबंधित विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया।उन्होंने कहा कि वोट हमे समानता का अधिकार देता है,वोट देकर मन में आत्म संतुष्टि की भावना जागृत होती है

इससे हम किसी के सामने भी गर्व से कह सकते हैं कि सरकार गठन में हमारा भी मत है हमने भी मतदान किया है।आप अब अपने परिवारजनों,दोस्तों के बीच कुछ इसी प्रकार का संदेश लेकर जाये व उन्हें 13 और 20 मई को मतदान करने हेतु प्रेरित करें।मौके पर स्वीप के नोडल पदाधिकारी सह सहायक समाहर्ता रवि कुमार,प्रभारी पदाधिकारी रश्मि रंजन,उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम समेत अन्य मौजूद रहे।

सहायक पुलिस बीते एक सप्ताह से लापता,परिजनों ने दिया आवेदन

बालूमाथ । बालूमाथ थाना में सहायक पुलिस में कार्यरत जयराम साव पिता आदित्य साव ग्राम राजगुरु थाना बरियातू निवासी बीते 8 अप्रैल से लापता है ।जिसको लेकर परिजनों ने संदेह के आधार पर जयराम के महिला मित्र कंचन मिश्रा और उनके पति रोशन पाठक के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने का आवेदन बालूमाथ थाना में दिया है । जयराम के भाई श्री राम ने बताया है कि बीते 8 अप्रैल को जयराम घर से ड्यूटी जाने कहकर निकाला था ।लेकिन वह अपने महिला मित्र कंचन मिश्रा बालूमाथ ब्लॉक कॉलोनी निवासी के घर चला गया ।जहां से उसने मुझे फोन किया कि मेरी तबियत खराब है ।मैं कंचन मिश्रा के घर में हूं उसके बाद जब मैं कंचन मिश्रा के घर गया तो वहां जयराम का बैग मिला ।एवं कंचन मिश्रा से घर से कुछ ही दूरी पर खून के धब्बे भी मिले । बाद में पुलिस द्वारा यह कहा गया की एक चौकीदार द्वारा जयराम को देखा गया है ।जब अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया तो उसमें कहीं भी जयराम नहीं दिखा ।इसलिए हम लोगों को अंदेशा है की कंचन मिश्रा पिता कृष्णा मिश्रा एवं उसके पति रोशन पाठक द्वारा जयराम का अपहरण कर लिया गया है और किसी अनहोनी घटना को अंजाम दे दिया गया है । हमें पुलिस दिए गए आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है ।

डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित हरिजन टोला में डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती के अवसर पर सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी शामिल हुए और कार्यक्रम का फीता काटकर एंव दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया । मौके पर बोलते हुए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के कारण आज दलित शोषित पिछड़े वर्ग के लोगों को हक और अधिकार मिला है।आगे उन्होंने बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला।वही जयंती के उपलक्ष में आयोजित संस्कृतिक कार्यक्रम मे उत्तर प्रदेश,बनारस,गढ़वा से चल कर आये कलाकार सोनी संगम,श्रवण कुमार,पूजा नायक,के द्वारा एक से एक बढ़कर गीत प्रस्तुत किया

गया। मौके पर मोतिउर रहमान,चेतना मंच के प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज यादव,सुरेश राम,मीडिया प्रभारी राम कुमार भुईयां,दीपक यादव,श्याम सुंदर यादव,गोपाल राम,मो आमिर हयात,बालकेश्वर राम,तुलसी राम,प्रभात मिंज,गोविंद दास,संजय राम,मुखिया नरेश लोहरा,बीरेन्द्र राम,संतोष राम,लल्लू उराँव,कुलेश्वर राम,दिलीप रजक,अशोक राम,डॉ सुरेश राम,मीणा देवी,पूजा देवी,काजल देवी,उर्मिला देवी,प्रियंका देवी सहित कई लोग उपस्थित थे ।

दिव्यांगजनों को मतदान करने में मदद करेगी सक्षम ऐप

मेदिनीनगर। दिव्यांगजन भी आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान कर सकें इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग अथक प्रयास कर रही है। मतदान करने हेतु दिव्यांगजनों को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सक्षम ऐप विकसित किया गया है। सक्षम ऐप दिव्यांगजनों को मतदान के लिए पंजीकरण करने,अपना मतदान केंद्र को खोजने और वोट डालने में मदद करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करेगी। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शशि रंजन ने कहा कि पलामू लोकसभा के दिव्यांग मतदाता सक्षम ऐप का इस्तेमाल कर आसानी से मतदान कर सकेंगे।यह ऐप विशेष रूप से दिव्यांग जनों के लिए विकसित किया गया है।भारत निर्वाचन आयोग हर संभव प्रयास कर रही है कि दिव्यांगों को मतदान करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े।देश का हर दिव्यांग नागरिक भी अपने-अपने बूथों पर जाकर आसानी से मतदान कर सकें और देश के निर्माण में अपना योगदान दे सकें।उन्होंने कहा कि सक्षम ऐप को गूगल प्ले स्टोर से आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

चुनाव प्रशिक्षण लेने मेदिनीनगर गए सहायक अध्यापक की सड़क दुघर्टना में हुई मौत

पारा शिक्षको में शोक की लहर

मेदिनीनगर। हरिहरगंज प्रखंड के कटैया गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में कार्यरत दिव्यांग सहायक अध्यापक 42 वर्षीय अखिलेश पटेल की मेदिनीनगर में हुई सड़क दुघर्टना में मौत हो गयी। वे चुनाव कार्य हेतु प्रशिक्षण लेने अपने साला के साथ मेदिनीनगर ग?ए थें। बताया जाता है कि रेड़मा बाईपास रोड़ में हाईवा की चपेट आने से उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक की पत्नी, दो पुत्री, एक पुत्र सहित परिजनों का रो- रो कर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। सहायक अध्यापक की असामयिक निधन पर मुखिया फुल कुमारी देवी, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, प्रधानाध्यापिका अभिलाषा कुमारी, एस?एमसी अध्यक्ष सूरजमल राम, शिक्षक राकेश कुमार, मीना कुमारी, अब्दुल कलाम आजाद, नवीन कुमार, राकेश कुमार, युगल रविदास, पंकज कुमार, विपुल रंजन, अर्चना कुमारी, संतोष कुमार, सहायक अध्यापक अजय कुमार, उपेन्द्र यादव, ललन सिंह, सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

उत्पाद विभाग के छापेमारी में बड़ी मात्रा में कच्चा स्पिरिट सहित अवैध शराब बरामद

हरिहरगंज। उपायुक्त पलामू के निर्देश के आलोक में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग द्वारा शहरी क्षेत्र के वैद्य बिघा में अवैध शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी की गई । इस संबंध में उत्पाद विभाग के एसआई देवीलाल सोरेन ने बताया कि छापेमारी के क्रम में अवैध विदेशी शराब 25.92 लीटर, स्पिरिट 165 लीटर, अवैध चुलाई शराब 160 लीटर एवं जावा महुआ 4400 किलो ग्राम बरामद किया गया । वहीं अभियुक्त मुकेश कुमार एवं रूपेश कुमार , रवि शंकर साव उर्फ राजा तथा दीपक साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है ।

शादी समारोह से लौट रहे युवक को पिकअप ने मारी टक्कर एक घायल दो गंभीर

बालूमाथ । बालूमाथ- रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर बालूमाथ मिशन के समीप सोमवार को शादी समारोह से लौट रहे एक मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों को एक अज्ञात फल पिकअप भैंन ने सामने से टक्कर मार दिया। जिसमें मोटरसाइकिल सवार जितेंद्र गंझु 22 वर्ष पिता जागतलाल गंझू, अर्जुन गंझू 16 वर्ष पिता कोलेश्वर गंझू1 एवं धनराज गंझू 18 वर्ष पिता चरित्र गंझू तीनो ग्राम बसिया पहन टोला गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा जितेंद्र गंझू को मृत घोषित कर दिया ।मिली जानकारी के अनुसार तीनो युवक बालूमाथ थाना क्षेत्र के लोहसिंगना ग्राम में अपने रिश्तेदार के यहाँ से शादी समारोह में गए थे और वहां से अहले सुबह लगभग 4ः00 बजे एक ही मोटरसाइकिल में तीनों लोग सवार होकर अपने घर बसिया आ रहा था ।इसी बीच विपरीत दिशा से जा रही पिकअप भैंन ने टक्कर मार कर फरार हो गया। तीनों युवक में से एक भी हेलमेट नहीं पहने हुए था।

जेनरल अध्यक्ष व पंसस ने थाना प्रभारी को दिया निमंत्रण

मेदिनीनगर पलामू । श्री रामनवमी पूजा समिति जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार व पंचायत समिति सदस्य अजीत सिंह ने सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को शनिवार को रामनवमी को लेकर गोदाम चौक पर आयोजित चैता दोगोला कार्यक्रम में शिरकत करने के. लिए निमंत्रण पत्र दिया। समिति के अध्यक्ष ने रामनवमी पर्व व चैता दुगोला कार्यक्रम में विधि व्यवस्था व शांति माहौल बनाने का आग्रह किया। थाना प्रभारी ने पूजा समिति के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया। समिति अध्यक्ष ने कहा कि रामनवमी. पर्व के दौरान जुलूस व चैता दोगोला में हजारों लोगों की भीड़ होती है। उन्होंने थाना प्रभारी से महिला व पुरुष पुलिस बल की व्यवस्था कराने का आग्रह किया, ताकि पर्व में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना हो प्रभारी से अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। ताकि शांति व भाईचारा माहौल में पर्व मनाया जा सके।

आईपीएल में आज होगा केकेआर और राजस्थान रॉयल्स में रोमांचक मुकाबला

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को यहां आईपीएल 2024 के एक अहम मुकाबले में आमन-सामने होंगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी मे केकेआर यहां अपने घरेलू मैदान पर रॉयल्स को हराकर लीग में नंबर एक पर पहुंचने के लिए पूरा जोर लगा देगी। वहीं संजू सैमसन की कप्तानी में अब तक शानदार प्रदर्शन करती आई रॉयल्स भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। रॉयल्स ने अब तक शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर विरोधी टीमों पर अपना दबदबा बनाया है पर इस मैच में उसे केकेआर के सुनील नरेन से सतर्क रहना होगा।

नरेन ने अब तक अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया है। केकेआर ने जिस प्रकार से इस सत्र में प्रदर्शन किया है उससे वह खिताब की प्रबल दावेदारों में शामिल हो गयी है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करता है तो 10 लेकर टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी।

केकेआर ने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को हराया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। इस मैच में फिल सॉल्ट ने तेज अर्धशतक लगाया था पर इसके बाद भी जीत में नरेन की गेंदबाजी ने ही अहम भूमिका निभाई थी। नरेन के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना पायी थी। इस सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर अब नरेन का सामना किस प्रकार करते हैं ये देखना होगा।

इस मैच में रॉयल्स के जोस बटलर का खेलना तय नहीं है। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। इस सत्र में नरेन ने केकेआर की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी की है जिस पर राजस्थान के गेंदबाजों को रोक लगाना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने अब तक 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल में सबसे

महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिए थे। जिससे भी केकेआर की ताकत बढ़ेगी।

केकेआर की बड़ी परेशानी कप्तान श्रेयस का फार्म में नहीं होना है। लखनऊ के खिलाफ 162 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रेयस को तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं देखा गया। अब तक टीम की ओर से शीर्ष क्रम में सॉल्ट और नारायण ने आक्रामक बल्लेबाजी की है। वहीं डेथ ओवरों में आंद्रे रसेल की गेंदबाजी से भी टीम हावी रही है।

टीम की चिंता रिंकू सिंह का लय में होना नहीं है। रिंकू ने अब तक केवल 3 रन ही बना पाए हैं। उप कप्तान नितीश राणा चोट के कारण नहीं खेल पा रहे। वहीं ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान,

टीम

कोलकाता नाइट राइडर्स: श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान।

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान , रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज।

कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच बेहद रोमांचक रहेगा क्योंकि सत्र की दो शीर्ष प्रदर्शन करने वाली टीमें आमने-सामने होंगी।

टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर है डच टीम के नाम

-100 रनों के अंदर सिमटी हैं कई टीमें

नई दिल्ली (एजेंसी)। जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों में सभी टीमें लगी हुई हैं। टी20 विश्व कप 2 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के अब तक के सफर में सबसे कम स्कोर पर आउट होने का अनचाहा रिकार्ड डच टीम नीदरलैंड के नाम दर्ज है। हैं। टी20 विश्व कप में अब तक कई टीमें 100 रनों के अंदर भी आउट हुई है। इसमें सबसे कम स्कोर नीदरलैंड का है। वह एक बार 10 ओवर में 79 रन पर ही आउट हो गयी थी। वहीं इसमें भारतीय टीम का सबसे कम स्कोर 79 रन रहा है।

तब श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में नीदरलैंड की टीम 39 रन पर ही आउट हो गयी थी। बांग्लादेश में हुए इस मैच में नीदरलैंड का केवल एक बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाया था जबकि 5 बल्लेबाज एक भी रन नहीं बना पाये थे। श्रीलंका ने तब 5 ओवर में ही मुकाबला जीत लिया था। यह टी20 विश्व कप में किसी टीम का सबसे छोटा स्कोर है। वहीं दूसरा सबसे छोटा स्कोर भी डच टीम के नाम ही है. 2021 के टी20 विश्व कप में श्रीलंका ने नीदरलैंड्स को 44 रनों पर आउट कर दिया था।

वहीं भारतीय क्रिकेट टीम को 2016 के टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने 79 रन पर ऑलआउट कर दिया था। तब नागपुर में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम 18.1 ओवर में 79 रन ही बन पायी थी। टी20 विश्व कप में सबसे कम स्कोर पर आउट होने के मामले में नीदरलैंड पहले और दूसरे नंबर पर है जबकि 55 रन के साथ ही वेस्टइंडीज तीसरे जबकि 60 रन के साथ न्यूजीलैंड चौथे नंबर पर है. स्कॉटलैंड 60 रन के साथ पांचवें, आयरलैंड 68 रन के साथ छठे जबकि हांगकांग 69 रन के साथ सातवें और बांग्लादेश 70 रन के साथ ही आठवें नंबर पर है। वहीं भारतीय टीम 13 वें नंबर पर है।

42 के धोनी की धमाकेदारी बल्लेबाजी को देखकर हैरान हुए पंड्या

मुम्बई (एजेंसी) । चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने एक बार फिर साबित किया है कि बढ़ती उम्र के बाद भी वह कितने फिट हैं। धोनी ने जिस प्रकार 42 साल की उम्र में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल मुकाबले के अंतिम ओवर में चार गेंदों पर तीन छक्के लगाये उससे गेंदबाजी कर रहे हार्दिक पंड्या भी देखते रह गये।

आईपीएल के हर सीजन में धोनी के संन्यास की बातें होती हैं पर वह हार बार अपनी बल्लेबाजी से साबित करते हैं कि उनमें काफी क्रिकेट शेष है। इस सत्र में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच हुए मैच में भी कुछ ऐसा हुआ जिसके बाद उनके संन्यास की बातें एक सत्र और आगे बढ़ सकती हैं। आखिरी ओवर में धोनी ने 500 के स्ट्राइक रेट से रन मैदाना के सभी ओर छक्के लगाये। इससे सीएसके ने मुम्मई को उसके घरेलू मैदान में ही हरा दिया। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या के हाथों में गेंद थी और धोनी ने तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के मारे इसके बाद अंतिम गेंद पर 2 रन लिए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 4 गेंदों पर तीन लगातार छक्के और 2 रन लेकर 20 रन बनाए। मुंबई ने 6 विकेट पर 186 रन बनाए और सीएसके ने 20 रन से मैच जीता। वहीं अगर धोनी ने यह 20 रन नहीं बनाए होते तो परिणाम कुछ और होता।

टीम इंडिया की जल्द होगी घोषणा, रिंकू-राहुल-संजू समेत शामिल हो सकते हैं ये 15 खिलाड़ी

मुम्बई (एजेंसी)। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 की शुरुआत में कुछ ही दिन बचे हैं, और इसके लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। टीम का चयन अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग में किया जाएगा, जो कि इस महीने की आखिरी तारीख या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। इसी बीच टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है।

आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान जल्द होने वाला है। इसके लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की मीटिंग इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है। टी20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है। यानी इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है। भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है। भारतीय चयनकर्ता तो अपनी टीम चुनेंगे ही, उससे पहले हम आपको बताते हैं कि कौन से वे खिलाड़ी हैं, जिन्हें टी20 वर्ल्ड कप खेलने का मौका मिल सकता है।

टीम के प्रमुख खिलाड़ी

बल्लेबाज (5): कप्तान रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान विराट कोहली, नंबर-1 बल्लेबाज सूर्यकुमाय यादव, ओपनर यशस्वी जायसवाल, और रिंकू सिंह।

विकेटकीपर (2): विकेटकीपर बल्लेबाजों के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन। पंत ने आईपीएल 2024 के जरिए प्रोफेशनल क्रिकेट में वापसी की है। पंत ने कुछ धमाकेदार पारियां खेलकर फॉर्म में होने के संकेत दिए हैं। विकेट के पीछे भी पंत का प्रदर्शन शानदार रहा है। उधर संजू सैमसन को दूसरे विकेटकीपर के तौर पर जगह मिल सकती है। संजू मौजूदा आईपीएल सीजन में राजस्थान रॉयल्स (ऋक्र) के लिए बल्ले से शानदार खेल दिखा रहे हैं।

ऑलराउंडर (3): ऑलराउंडर्स की बात करें तो हार्दिक पंड्या की टीम में एंट्री हो सकती है। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे हैं। इसके अलावा रवींद्र जडेजा और शिवम दुबे भी इस लिस्ट में शामिल हैं।

स्पिनर्स (2): विशेषज्ञ स्पिन गेंदबाजों के तौर पर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को वर्ल्ड कप टीम में शामिल किया जा सकता है। लेग-स्पिनर चहल भारत के लिए टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज है और वह आईपीएल में शानदार खेल दिखा रहे हैं।

तेज गेंदबाज (3): फास्ट बॉलिंग यूनिट में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह की जगह पक्की लग रही है। वहीं मोहम्मद सिराज को भी तीसरे स्पेशलिस्ट तेज गेंदबाज के तौर पर शामिल किया जा सकता है।सिराज मौजूदा आईपीएल सीजन में महंगे साबित जरूर हुए हैं। मगर इंटरनेशनल लेवल उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।

चयनकर्ताओं के दावेदार

केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, मयंक यादव (फिलहाल चोटिल), शुभमन गिल, रियान पराग, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, मुकेश कुमार। टी20 वर्ल्ड कप में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुनने का मौका है, और इसकी डेडलाइन 1 मई है। भारतीय फैन्स को भी अपनी टीम के चुने जाने का बेसब्री से इंतजार है।

हेड की नजरें टी20 विश्वकप पर लगीं

-आईपीएल की लय बनाये रखने का प्रयास करेंगे

बेंगलुरु ।अभी सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आईपीएल खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने कहा है कि उनकी नजरें आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट पर लगी हैं ।हेड आईपीएल के जरिये विश्व कप के लिए अपनी तैयारी और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनके ऊपर दबाव भी है ।हेड एक आक्रामक बल्लेबाज हैं और अपनी टीम को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अलावा एकदिवसीय विश्वकप में जीत दिलाने में इनकी अहम भूमिगा रही है। हेड ने कहा, 'एक खिलाड़ी के तौर पर मैने लंबा सफर तय किया है। मेरी अपनी शैली है और हर जगह मैं उसी प्रकार से खेलता हूं। अब मेरे पर लगातार अच्छा खेलने का दबाव है ।उन्होंने कहा, 'सभी प्रारूपों में मेरा प्रयास मूल बातों का ध्यान रखना रहा है। यही मेरी तकनीक ओर रणनीति रहती है। उन्होंने कहा, 'विश्व कप अब करीब है और उम्मीद है कि सनराइजर्स टीम में रहने और शीर्षक्रम पर खेलने से मेरी तैयारी बेहतर होती रहेगी। साथ ही कहा कि मैं इस लय को विश्व कप में भी बनाये रखने का प्रयास करंगा ।आईपीएल में खेलने से विश्व कप से पहले थकान या चोटिल होने के खतरे को लेकर इस बल्लेबाज ने कहा, 'यह अहम है कि मैं पूरे आईपीएल में मानसिक रूप से तरोताजा रहूं और अपने खेल पर ही ध्यान दूं।

हरभजन ने कहा पथिराना नहीं, धोनी ने बदला मैच

मुम्बई । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ महेन्द्र सिंह धोनी की अंतिम ओवरों में की गयी आतिशी बल्लेबाजी से मिली थी ।हरभजन ने कहा कि धोनी के तीन छक्को ने मैच पलट दिया था। धोनी ने अंतिम ओवर में हार्दिक पांड्या की गेंद पर छक्कों की हैट्रिक लगाई जिससे सीएसके का स्कोर 206/4 हो गया और ये तीन छक्के जीत में सहायक भी बने ।वहीं मथीशा पथिराणा ने इस मैच में 28 रन देकर 4 विकेट लिए ।हरभजन ने धोनी की छोटी पर प्रभावी भूमिका के लिए उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, धोनी ने सिर्फ चार गेंदें खेलीं और तीन छक्के लगाए ।उन्होंने 20 रन बनाए और यही अंतर जीत का कारण बना ।साथ ही कहा कि अगर आप उन चार गेंदों को हटा दें, तो मुम्बई ने पहले ही इतने रन बना लिए थे कि उसे लक्ष्य मिल जाता ।धोनी का व्यक्तित्व ऐसा है कि जब उन्होंने कदम रखा तो क्रीज पर लोग उसके लिए नारे लगा रहे थे ।हरभजन ने यह भी कहा कि धोनी को ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए आना चाहिए ।उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने प्रदर्शन किया उससे ऐसा नहीं लगा कि वह खेल से दूर हैं ।उनमें आत्मविश्वास साफ झलक रहा है। वह इतनी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं कि हर कोई हैरान है कि वह ऊपर के क्रम में बल्लेबाजी क्यों नहीं कर रहे हैं ।जब धोनी बल्लेबाजी करने आए। ऐसा लगा जैसे पूरा स्टेडियम उन्हें देखने आया हो, इससे पुरानी यादें ताजा हो गईं।

टी20 विश्वकप के लिए पांड्या से अधिक मजबूत है शिवम की दावेदारी: मनोज तिवारी

नयी दिल्ली (एजेंसी) । पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) के ऑलराउंडर शिवम दुबे की जमकर प्रशंसा की है। तिवारी के अनुसार आगामी टी20 विश्वकप में इस क्रिकेटर को जरुर जगह मिलनी चाहिये। साथ ही कहा कि टीम में जगह के लिए उसकी दावेदारी मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या से अधिक मजबूत है। इसलिए अगर चयन के समय उसे पांड्या से अधिक वरीयता मिली चाहिये। तिवारी के अनुसार आईपीएल के इस सत्र में पांड्या का प्रदर्शन कोई विशेष नहीं रही रहा है। बल्लेबाजी में वह रन नहीं बना पाये हैं इसके अलावा गेंदबाजी भी काफी कम की है। उन्होंनें पिछले तीन मैचों में केवल एक ओवर ही किया है। साथ ही कहा कि अगर हार्दिक को टी20 विश्वकप के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करनी है तो उन्हें अपने को साबित करन होगा।

साथ ही कहा कि अब तक हार्दिक ने इस सत्र में काफी रन दिये हैं। ऐसे अबर वह एक ऑलराउंडर के रूप में खेलना चाहते हैं, तो उन्हें आने वाले मैचों में बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इसके साथ ही तिवारी ने यह भी कहा किया कि अगर शिवम को टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिलती है तो इसके लिए सीएसके जिम्मेदार मानी जाएगी क्योंकि सीएसके उन्हें गेंदबाजी के अवसर नहीं दे रही। साथ ही कि चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर हमें साहसी फैसले लेते है। ऐसे में वह शायह ही हार्दिक को अवसर दें। साथ कहा कि हार्दिक अगर अच्छा नहीं खेल रहे हैं तो उनके विकल्प के तौर पर शिवम को तैयार किया जाना चाहिये। उन्होंने शिवम को एक चालाक गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा, एक समय हमारे पास वेंकटेश अय्यर भी थे। अचानक दोनों ने गेंदबाजी करना बंद कर दिया। हमें बड़े लक्ष्य को देखना चाहिए। हम एक दशक से विश्वकप नहीं जीत पाये हैं। इसलिए हमें उसके लिए समय से पहले योजना बनानी होगी। अभी हार्दिक फॉर्म में नहीं हैं और शिवम को आईपीएल में गेंदबाजी के अधिक अवसर नहीं मिले हैं। ऐसे में वह कैसा प्रदर्शन करते हैं ये कहा नहीं जा सकता है।

बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक



पेरिस। एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं। ट्रैक को कवर करने के लिए 'वल्केनाइज्ड रबर' के 1,000 से अधिक रोल का उपयोग किया जाएगा। इसमें लगभग एक महीने का समय लगेगा और कुल मिलाकर गोंद के 2,800 डब्बे लगेंगे। तीन साल पहले तोक्यो में लाल ट्रैक पर तीन विश्व और 12 ओलंपिक रिकॉर्ड बने थे। 'मोंडो' ने 1976 में मॉन्ट्रियल के बाद से हर ग्रीष्मकालीन खेलों का एथलेटिक ट्रैक तैयार किया है और कंपनी को पेरिस में और भी बेहतर ट्रैक बनाने की उम्मीद है।

स्टार्क के बचाव में उतरे गंभीर, उसे खराब गेंदबाज कहना ठीक नहीं

कोलकाता (एजेंसी)। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क अब तक अपने प्रदर्शन से प्रभावित नहीं कर पाये है। स्टार्क आईपीएल इंतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। ऐसे में उनसे सभी को धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद थी पर वह विफल रहे हैं। इस कारण ये गेंदबाजी आलोचनाओं का शिकार भी हुआ है। इसी को लेकर अब टीम के मेंटोर गौतम गंभीर उनके बचाव में उतरे हैं। गंभीर ने कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन से अधिक टीम की सफलता पर उन्होंने ध्यान दिया है। इसलिए स्टार्क को खराब

गेंदबाज कहना ठीक नहीं है।

गंभीर ने उनका बचाव करते हुए कहा ,'' खराब आंकड़े मायने नहीं रखते। टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों की पिटाई भी होती ही है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं।'' गंभीर ने कहा ,'' टीम खेल में जीत मायने रखती है। हमने चार में से तीन मैच जीते हैं। मैं किसी के प्रदर्शन से खुश क्यों नहीं रहूंगा। अच्छा बुरा दिन खेल में आता है पर टीम की जीत सबसे अहम होती है।'' साथ ही कहा कि व्यक्तिगत प्रदर्शन पर अधिक ध्यान देना अहम नहीं है। मैरा मानना है कि स्टार्क ने अच्छा खेला है। वह जल्दी ही लय में नजर आयेगा। उन्होंने कहा ,'' पहले चार मैच में हमें अच्छे परिणाम मिले। हमें पता है कि स्टार्क क्या कर सकता है। चार मैच उसे खराब या अच्छा गेंदबाज नहीं बनाते। हमें पता है कि वह क्या कर सकता है।''

बीसीसीआई ने आईपीएल मैच के वीडियो और तस्वीरें पोस्ट करने पर रोक लगायी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के लाइव मैच के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर रोक लगा दी है। बीसीसीआई ने ऐसा किसी भी प्रकार के विवाद को न होने देने के लिए किया है। टूर्नामेंट के दौरान वीडियो और तस्वीर पोस्ट करने से कभी-कभी विवाद भी पैदा हो जाते हैं। हाल ही में एक पूर्व बल्लेबाज ने आईपीएल मैच की कमेंट्री करते हुए अपनी तस्वीर खींची और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जिसपर सवाल उठा गये थे। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद इस पूर्व बल्लेबाज को पोस्ट को हटाने का आदेश दिया गया। गौरतलब है कि बीसीसीआई ने कमेंटेटर्स, खिलाड़ियों और टीमों कोआईपीएल मैच के दौरान फोटो, वीडियो बनाने या अपलोड न करने को कहा है। अगर इन नियमों का उल्लंघन करना है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी अधिकारियों ने यह भी कहा कि कुछ खिलाड़ियों ने हाल ही में मैच के दिनों की तस्वीरें शेयर की थी और इसके बाद उन्हें इन पोस्ट को डिलीट करने को कहा गया। यहां तक कि एक आईपीएल टीम ने मैच का लाइव वीडियो स्ट्रीम कर दिया था, जो कि नियमों के विपरीत है। इस कारण बीसीसीआई ने उस पर 9 लाख का जुर्माना लगाया था।

महान भारतीय क्रिकेटर ने हार्दिक पर साधा निशाना, कहा- बेहद साधारण गेंदबाजी और कप्तानी

मुंबई (एजेंसी)। भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की चौथी हार के बाद प्रमुख पूर्व खिलाड़ियों की तीखी आलोचना का सामना करना पड़ा और पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अब तक 'बिलकुल साधारण गेंदबाजी और साधारण कप्तानी' के लिए उनकी आलोचना की। मुंबई की कप्तानी संभालने के बाद से प्रशंसकों की हूटिंग का सामना कर रहे पांड्या को रविवार रात चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ टीम की 20 रन की हार के बाद गावस्कर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन की आलोचना झेलनी पड़ी। पांड्या ने पारी के अंतिम ओवर में 26 रन लुटाए जिसमें महेंद्र सिंह धोनी ने लगातार तीन छक्के मारे।

गावस्कर ने कहा, 'ओह, बेहद साधारण गेंदबाजी, साधारण कप्तानी। शिवम दुबे के साथ रुतुराज गायकवाड़ के काफी अच्छी बल्लेबाजी करने के बावजूद उन्हें कम स्कोर पर रोका जाना चाहिए था। मेरा मानना है कि उन्हें 185-190 रन तक रोका जाना चाहिए था।' उन्होंने कहा, 'संभवत-सबसे बदतर गेंदबाजी जो मैंने काफी लंबे समय में देखी है।' पांड्या ने तीन ओवर में 43 रन देकर दो विकेट चटकाए और बल्लेबाजी करते हुए भी छह गेंद में सिर्फ दो रन बना पाए।

पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की 63 गेंद में नाबाद 105 रन की पारी के बावजूद मुंबई की टीम 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 186 रन ही बना सकी। पीटरसन का मानना है कि इस स्टार ऑलराउंडर पर बाहरी आलोचना का असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'मैं वास्तव में सोचता हूं कि खेल के इतर की चीजें हार्दिक पांड्या पर बहुत प्रभाव डाल रही हैं। जब वह टॉस के लिए जाता है तो वह बहुत मुस्कुराता है। वह ऐसा दिखाने की कोशिश कर रहा है जैसे वह बहुत खुश है। वह खुश नहीं है। यह मेरे साथ हुआ है। मैं इसका सामना कर चुका हूं और मैं आपको बता सकता हूं कि यह आप पर प्रभाव डालता है।'

उन्होंने कहा, 'अभी हम जो हूटिंग सुन रहे हैं। मुझे पता है कि वे सुपरकिंग्स के पूर्व कप्तान (धोनी) द्वारा मैदान के हर तरफ उसके (पांड्या) खिलाफ शॉट खेलने से खुश थे, इससे आपको दुख होता है। क्योंकि उनमें भावनाएं हैं। वह एक भारतीय खिलाड़ी और वह नहीं चाहता कि उसके साथ इस तरह का व्यवहार किया जाए इसलिए जब यह होता है तो इसका उस पर असर होता है। यह उसके क्रिकेट पर असर डाल रहा है।' पीटरसन ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब सुपरकिंग्स के बल्लेबाज तेज गेंदबाजों के खिलाफ आसानी से रन बना रहे थे तो पांड्या ने अपने स्पिनरों का उपयोग क्यों नहीं किया।

कमजोर गेंदबाजी के कारण आईपीएल में असफल हो रही मुम्बई इंडियंस - लारा

मुंबई ।वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा ने कहा है कि कमजोर गेंदबाजी के कारण मुम्बई इंडियंस टीम आईपीएल में विफल हो रही है ।इसलिए उसे इस क्षेत्र में काफी सुधार करना होगा ।लारा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को छोड़ दें तो अन्य गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे हैं। बुमराह ने चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ चार ओवर में 27 रन दिये पर उन्हें कोई विकेट नहीं मिला ।ये गेंदबाजी भी उनके स्तर के गेंदबाज के अनुरुप नहीं कही जा सकती है ।वहीं हार्दिक पंड्या के पारी के अंतिम ओवर में महेंद्र सिंह धोनी ने लगातार तीन छक्के मारे। लारा ने कहा, 'जब हम मुंबई इंडियंस को देखते हैं तो बहुत से लोग उन्हें प्रबल दावेदार मानते हैं। ये इसलिए कि वे इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे ।उन्होंने इस सत्र में 230 रन बनाए, उन्होंने 196 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया था।

सैकड़ों विद्यार्थियों ने पहले मतदान फिर जलपान की ली शपथ

मेदिनीनगर = जनता शिवरात्रि महाविद्यालय, मेदिनीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संबंधित विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ (कैप्टन) सुरेन्द्र कुमार पांडेय एंव संचालन अध्यापक कमलेश कुमार पाण्डेय ने किया। विषय प्रवेश एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी जय प्रकाश राम ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ कमल चंद्र झा उपस्थित रहे। इस विचार गोष्ठी में डॉ एके वैद्य, डॉ अजीत सेठ, डॉ शांति हास्सा, डॉ रश्मि मुंडा, डॉ स्विटी बाला, प्रो रविरौशन मिंज,डॉ किरण कुमारी ने चुनाव के लोकतंत्र में भूमिका पर प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से आह्वान किया की आप स्वयं भी और परिजनों और आस पड़ोस के लोगों को भी जलपान से पहले मतदान करने को प्रेरित करें ।प्रो . बर्नाड टोप्पो ने नागपुरी गीत के द्वारा चुनाव के महत्व को बताया।

लोकतंत्र का महा पर्व है चुनाव : पांडेय

उक्त अवसर पर प्र0 प्राचार्य डॉ एस के पांडेय ने कहा की लोकतंत्र का महापर्व है चुनाव और युवाओं की भूमिका इसमें सबसे महत्वपूर्ण है आप सभी मतदान करें और समाज को करने के लिए जागरूक करें। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ जयप्रकाश राम ने विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने और मतदान करने की शपथ दिलाई जिसे सैकड़ों विद्यार्थियों ने शपथ पुर्वक मतदान में भाग लेने की बात कही । धन्यवाद ज्ञापन प्राध्यापक करण थापा ने किया मौके पर प्राध्यापक शशांक प्रिय, प्रधान सहायक संतोष कुमार दुबे समेत सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया।

मतदान और सही चुनाव ही भारत को शिखर तक पहुंचाएगा: झा

मुख्य अतिथि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय मेदिनीनगर के कुलानुशासक डॉ केसी झा ने कहा की मतदान हमारा अधिकार है मतदान से पहले अपने प्रत्याशी को जांच-परख कर वोट दें एंव जाति-धर्म से ऊपर रोजगार, विकास, उच्च शिक्षा के लिए विजन रखने वाले प्रत्याशी को चुनें ।

डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में झरिया के लगभग 50 बूथों में निकली गई मतदाता जागरूकता रैली

धनबाद / अखिल भारतीय किन्नर समाज, झारखंड प्रदेश एवं डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर के नेतृत्व में मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के ध्येय को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।जागरूकता रैली कम मतदान प्रतिशत वाले 41 झरिया के वार्ड नंबर 36, 43, 44 एवं 45 में पड़ने वाले लगभग 50 बूथों से गुजरते हुए वहां के मतदाताओं को 25 मई को धनबाद लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करने हेतु प्रेरित किया।रैली के दौरान डिस्ट्रिक्ट आइकॉन श्वेता किन्नर ने आम मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने निर्वाचन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने हेतु मतदान के दिन अपने अपने मत का प्रयोग करने हेतु सभी से अपील किया। इस दौरान स्वीप पंपलेट, हैंडबील आदि वितरित किए गए।

मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, झरिया अंचलाधिकारी सुमन प्रसाद, अखिल भारतीय किन्नर समाज झारखंड प्रदेश के सभी प्रतिनिधि, जिला आइकॉन श्वेता किन्नर समेत आम नागरिक मौजूद रहे।

बिहार फायर ब्रिक्स के बजरंगबली मंदिर में 24 घंटे के अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन

बजरंगबली मंदिर से 151 कन्या एवं महिलाओं ने कलश उठाया

एग्यारकुंड*। बिहार फायर ब्रिक्स के बजरंगबली मंदिर में 24 घंटे के अखंड कीर्तन का हुआ आयोजन। अखंड कीर्तन को लेकर सोमवार को कमेटी के सदस्यों एवं बिहार फायर ब्रिक्स के ग्रामीणों ने मिलकर कलश यात्रा निकाले,जिसमें 151 कन्या एवं महिलाओं ने कलश उठाएं। बिहार फायर ब्रिक्स के बजरंगबली मंदिर से कलश उठाएं और गाजे बाजे के साथ जय श्री राम का नारा लगाते हुए खुदीया नदी पहुंचे वहां पंडित नित्यानंद जी ने पूजा पाठ की व कलश को संकल्प किया। उसके बाद कलश कन्या एवं महिलाओं ने कलश में खुदीया नदी से जल भरकर अपने सिर पर कलश को रखकर जय श्री राम का नारा लगाते हुए बजरंगबली मंदिर पहुंचे। श्रद्धालु कलश लेकर मंदिर में पहुंचने के बाद दस बजे से अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ। और मंगलवार के सुबह दस बजे तक समाप्त होगा। मौके पर कमेटी सदस्य विजय सिंह, सूबेदार साहू,घोषाल राम,संजय महतो, सुनील यादव,सोनू साव,अजय राम, भीम यादव एवं बिहार फायर ब्रिक्स के ग्रामीण मौजूद थे।

सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं, गाइडलाइंस भी की गईं जारी

बोकारो । रामनवमी पर्व 2024 को लेकर जिले में विधि -व्यवस्था संधारण हेतु जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में आज दिनांक 15 अप्रैल 2024 को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमण्डल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट अशोक कुमार, उपाधीक्षक बोकारो सदर अस्पताल अरबिंद कुमार, सहायक आयुक्त उत्पाद उमा शंकर सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे। बैठक में जिला दण्डाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने सभी लाईसेंसधारी एवं गैर लाईसेंसधारी अखाड़ो की जानकारी दोनों अनुमंडलाधिकारी से ली। साथ ही निकलने वाले जुलूसों की रूट चार्ट एवं रास्ते में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों की भी जानकारी उनके द्वारा ली गई। इसपर दोनों अनुमण्डल पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पूर्व में मनाये गए त्योहारों एवं पूर्व

घटित घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने समीक्षा के दौरान जुलूसो की रूट की बेरिकेटिंग करने का निदेश दिया। साथ ही रूटों की देखरेख हेतु ड्रोन, सीसीटीवी कैमरा, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य फैसिलिटी की व्यवस्था ससमय पूर्ण करने का भी निदेश दिया। उन्होंने भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर अग्निशमनालय की व्यवस्था एवं समुचित लाइट की व्यवस्था करने को कहा। साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि क्षेत्रों में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करें एवं जुलूस रुट पर जुलूस के प्रारंभ से समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रखें ताकि जुलूस के दौरान किसी प्रकार का कोई अप्रिय घटना न घटे।

जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी तरह का भड़काउ पोस्ट से बचे। उन्होंने व्हाट्सएप ग्रुप एवं सोशल मीडिया पर नियमित रूप से सतत निगरानी करने हेतु निदेशित किया तथा व्हाट्सएप ग्रुप पर आपत्तिजनक पोस्ट ना करें से सम्बंधित आमजनों से अपील की । उनके द्वारा सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार को निर्देश दिया गया कि जुलूस जहाँ घूम-घूमकर एकत्र होगी, उक्त स्थान पर मेडिकल का टीम एवं एंबुलेंस मौजूद रखें । जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त विजया जाधव ने दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों से कहा कि अखाड़ा के अध्यक्ष व सचिव एवं वॉलंटियर्स के नाम जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे किसी भी तरह आपात स्थिति में संबंधित लोगों से समन्वय स्थापित कर विधि व्यवस्था संधारण किया जा सके। उन्होंने दोनों अनुमंडल क्षेत्रों में संवेदनशील स्थानों की पहचान करते हुए इसकी सूची तैयार करने को कहा तथा जुलूस के दौरान उपद्रव फैलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 107/106 के तहत कितने व्यक्तियों पर कार्रवाई की गई है, इसकी सूची की जानकारी ली। अगर कोई व्यक्ति छूटे हुए हैं तो उसके खिलाफ भी 107/106 के तहत कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिलों में आदर्श आचार संहिता 16 मार्च 2024 से लागू है। किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कोई ना करें इससे सम्बंधित आमजनों से अपील की की गई ।रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए* किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए जिले में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किया गया हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए इस सबमें सावधानी बरतें।

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो
सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो
Dr. Juneja's
डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल को जानू बस्ती थेरेपी में इस्तेमाल करने का तरीका
जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।
जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।
जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।
Clinically Tested*
*For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com
Available at all medical & general stores

अनुराग मिश्रा ने थामा आजसू का दामन

हजारीबाग – उद्यमी कौशल के लिए प्रसिद्ध एवं गो-कार्टिंग, पेंटबॉल, बंगी इजेक्टर, जैसी विभिन्न रोमांचक गतिविधियों का एक अनूठा और व्यापक संयोजन प्रस्तुत करता 8ह्लद्ध माइल स्टोन के संस्थापक अनुराग मिश्रा आजसू पार्टी की विचाराधरा और पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के विचारों से प्रभावित होकर औपचारिक तौर पर बीते शनिवार को आजसू में शामिल हो गए। बता दें कि हजारीबाग स्थित शिवम बैंक्वेट हॉल में आयोजित आजसू पार्टी के ग्राम प्रभारी सम्मेलन में पूर्व उपमुख्यमंत्री व आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने आजसू का पट्टा पहनाकर अनुराग मिश्रा को पार्टी में शामिल कराया। इस मौके श्री महतो ने कहा कि अनुराग जैसे प्रतिभाशाली युवा की पार्टी में बहुत जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी की गतिविधियों और विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में अनुराग जैसे युवा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वहीं आजसू में शामिल होने के बाद अनुराग मिश्रा ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। बताते चलें कि अनुराग का लक्ष्य है कि युवा को प्रेरित करें और उन्हें झारखंड के विकास में योगदान देने की शक्ति प्रदान करें। उनका दृष्टिकोण युवाओं को उनकी संभावनाओं तक पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें झारखंड की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करने को आवाह्न करता है।

आर्ष कन्या गुरुकुल में 275 बालक श्रमचारियों एवं ब्रह्मचारिणियों का उपनयन संस्कार

9 अप्रैल से 17 तक आयोजित किया जा रहा ऋग्वेद परायण महा यज्ञ



हजारीबाग – स्थानीय नवाबगंज स्थित आर्य समाज, हजारीबाग द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल एवं आर्ष का गुरुकुल में अध्ययनरत 225 ब्रमचारियों, अमचारिणियों का पलामू से आये हुए 25 विद्यार्थियों का एवं हजारीबाग शहर के 25 विद्यार्थियों का वैदिक पद्धति से आचार्य कौटिल्य के माध्यम से में भज्ञोपवित त संस्कार सम्पन्न कराया गया। प्रारम्भ 51 यज्ञकुण्डों पर सभी विद्यार्थियों से संकल्प दिलाकर किया गया। माता-पिता की उपस्थिति में जनेऊ धारण कराया गया। आचार्य कौटिल ने अपने सभी जनेऊधारीयों को उपदेश किया कि आज से सभी ब्राह्मचारी है। दिन में शयन निषेध है, सभी की श्रृंगार एवं राग-रंग से दूर रहकर अपनी पूर्ण और विद्याध्ययन में रखना है। निव्यप्रति ध्यान, योग, प्राणायाम एवं यम नियमो को धारण करना है। अध्ययनकाल में पूर्णरूप अखण्डित ब्रह्मचर्य पालन करना है। किसी प्रकार के नशीली वस्तुओं का सेवन सर्वथा वर्जित है। इस प्रकार से आचार्य कौटिल्य ने सभी व्रती विद्यार्थियों को पालन का संकल्प कराया। विद्यार्थियों के माता-पिता आदि अभिभावकों ने भी अपने अपने बालक-बालिकाओ को तामसिक-राजसिर मांसाहार आदि पदार्थों से दूर रह कर बिद्या प्राप्त कराने का संकल्प लिया। ज्ञोपवीत धारण करने से पूर्व सभी को विद्यार्थियों की शुद्धता एवं पवित्रता की ध्यानमें रखते हुए पूरा दिन फलाहार एवं दुग्धाहार पर रखा गया। संस्कार सम्मान होने के उपरान्त सभी जनेऊधारियों ने माता-पिता के पास जाकर एवं व उपस्थित अतिथियों के पास जाकर

नियमानुसार भिक्षाटन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक श्रद्धानंद सिंह, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत 4सह सचिव अरविन्द राणा, रेखा जायसवाल, प अमिता जायसवाल, अजय आर्य, किशोर मोदी, पं. सत्यप्रकाश आर्य, यादव राजा, चन्दर देव साव आदि उपस्थित रहे। कार्य गुरुकुल की प्राचार्या पुष्पा शास्त्री ने सभी उपस्थित महानुभावों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित । **संपादकः** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 7091094434, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63